# हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com भोपाल, गुरुवार 16 अप्रैल 2026


संसद का विशेष सत्र आज से

## पेश होंगे महिला आरक्षण समेत 3 अहम बिल, देश भर की नजर

33 फीसदी आरक्षण की व्यवस्था 15 साल तक लागू रहेगी



संसद भवन

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

संसद का विशेष सत्र 16 अप्रैल से शुरू होने जा रहा है। 16-17 अप्रैल को लोकसभा और 18 अप्रैल को राज्यसभा में इस पर चर्चा होगी। महिला आरक्षण का भविष्य और सियासत का नया गणित करीब 25-28 घंटे की बहस में तय होगा। जिसमें सरकार साल 2029 से पहले लोकसभा और राज्यों की विधानसभाओं में 33 प्रतिशत महिला आरक्षण लागू करने की तैयारी कर रही है। इसके लिए सरकार 3 बड़े बिल पेश करने वाली है। पहला बिल परिसीमन कानून 2026 से जुड़ा है, दूसरा 131वां संविधान संशोधन बिल है और तीसरा दिल्ली, जम्मू-कश्मीर और पुडुचेरी में महिला आरक्षण लागू करने से संबंधित संशोधन बिल है। 131वें संविधान संशोधन के तहत केंद्र सरकार लोकसभा की मौजूदा 543 सीटों को बढ़ाकर अधिकतम 850 तक करने का प्रस्ताव ला रही है। कुल सीटों में से 33% सीटें महिलाओं के लिए आरक्षित की जाएंगी। यह आरक्षण रोटेशन सिस्टम के तहत लागू होगा। ▶▶ पढ़ें पेज 07 भी

राजधानी के रवींद्र भवन में 'नारी शक्ति वंदन' सम्मेलन

# मुख्यमंत्री ने कहा- महिलाएं संभालेंगी नेतृत्व तो प्रदेश-देश का बढ़ेगा विकास

डॉ. यादव ने कहा कि 16 अप्रैल की तारीख महिला सशक्तिकरण के इतिहास में स्वर्णिम अक्षरों में दर्ज होगी जब देश होली और दिवाली एक साथ मनाएगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

जब शासन की बागडोर बहनों के हाथ में आती है, तो हर काम तेजी और बेहतर परिणाम के साथ पूरा होता है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में महिलाओं को आगे बढ़ाने के लिए कई ऐतिहासिक फैसले लिए गए है। तीन तलाक से मुक्ति और महिला आरक्षण जैसे कदम महिलाओं को सशक्त बनाने की दिशा में मील का पत्थर है। 16 अप्रैल 2026 की तारीख महिला सशक्तिकरण के इतिहास में स्वर्णिम अक्षरों में दर्ज होगी, जब देश होली और दिवाली एक साथ मनाएगा। यह उद्गार रवींद्र भवन में आयोजित 'नारी शक्ति वंदन' सम्मेलन को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने व्यक्त किए। उन्होंने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के मनोनयन को देश के सर्वोच्च पद पर मातृशक्ति के गौरव का प्रतीक बताया। मुख्यमंत्री ने सम्मेलन में 10वीं-12वीं बोर्ड परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली छात्रा खुशी रायवाडे और चांदनी विश्वकर्मा को ▶▶ शेष पेज 4 पर



सम्मेलन में एमपी बोर्ड की टॉपर बालिकाओं को सम्मानित करते सीएम

### राजमाता सिंधिया ने लड़ी जनता की लड़ाई

*मुख्यमंत्री ने राजमाता विजयाराजे सिंधिया के योगदान का स्मरण करते हुए उनकी तुलना झांसी की रानी लक्ष्मीबाई से की। उन्होंने कहा कि जिस प्रकार झांसी की रानी ने तलवार उठाकर अंग्रेजों की सत्ता को चुनौती दी थी, ठीक उसी प्रकार राजमाता सिंधिया ने कांग्रेस शासन के दौरान हुए अन्याय और बस्तर के राजा के साथ हुए अपराध के विरोध में राजसी सुखों का त्याग कर जनबल के माध्यम से सत्ता को हिला दिया था। मुख्यमंत्री ने कहा कि राजमाता ने कभी पद का मोह नहीं किया और केवल जनता की लड़ाई लड़ती रही।* ▶▶ पढ़ें पेज 10 भी


inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366

IPL आज का मुकाबला
एमआई पीबीकेएस
शाम 7.30 बजे से


### खबर संक्षेप

#### पवन खेड़ा को झटका सुप्रीम कोर्ट ने अंतरिम जमानत पर लगाई रोक

नई दिल्ली। कांग्रेस नेता पवन खेड़ा को सुप्रीम कोर्ट से बड़ा झटका लगा है। सुप्रीम कोर्ट ने उन्हें अंतरिम जमानत देने वाले तेलंगाना हाई कोर्ट के आदेश पर रोक लगाई है। कोर्ट ने कहा कि तेलंगाना हाई कोर्ट ने अधिकार क्षेत्र को लेकर पुराने फैसले का ध्यान नहीं रखा। खेड़ा असम की कोर्ट से अग्रिम जमानत मांगें। मामले की सुनवाई तीन सप्ताह बाद होगी। एसजी तुषार मेहता ने कहा, इस मामले में तेलंगाना हाई कोर्ट का कोई अधिकार क्षेत्र नहीं बनता था। अपराध और एफआईआर दोनों असम में हुए। आरोपी कह रहा है कि वह हैदराबाद आता रहता है क्योंकि यहां उसकी पत्नी का घर है, जबकि उनकी पत्नी दिल्ली में ही रहती हैं।



माशिमं नतीजे : मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने घोषित किए परिणाम, विद्यार्थियों को दी बधाई

# 10वीं का 73.42%... और 12वीं का 76.01% परिणाम, सरकारी स्कूल आगे



प्रतिभा सिंह



खुशी राय



चांदनी विश्वकर्मा

**सरकारी स्कूलों में पढ़ाई का स्तर बेहतर**

*10वीं कक्षा में सरकारी स्कूलों का परीक्षा परिणाम 76.80 प्रतिशत और प्राइवेट स्कूलों का 68.84 प्रतिशत रहा है। दोनों में 8 प्रतिशत का अंतर है। वहीं 12वीं में सरकारी स्कूलों के 80.43 प्रतिशत और प्राइवेट स्कूलों के 69.67 प्रतिशत विद्यार्थी पास हुए हैं। इससे सरकारी और निजी स्कूल की पढ़ाई का अंतर साफ नजर आ रहा*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने बुधवार को संवाद भवन (मुख्यमंत्री निवास) में मप्र माध्यमिक शिक्षा मंडल की कक्षा 10वीं, 12वीं के परीक्षा परिणाम घोषित किए। इसके साथ ही विद्यालय पूर्व शिक्षा में डिप्लोमा (डीपीएसई) मुख्य परीक्षा-2026 के परिणाम भी जारी किए गए। वर्ष 2026 में 10वीं का परिणाम 73.42 % और 12वीं का परिणाम 76.01 % रहा। इस बार सरकारी स्कूलों ने अपना ही रिकॉर्ड तोड़ा है। 10वीं कक्षा में सरकारी स्कूलों का परीक्षा परिणाम 76.80 % और प्राइवेट स्कूलों का 68.84 % रहा है। दोनों में 8 प्रतिशत का अंतर है। वहीं 12वीं में सरकारी स्कूलों के 80.43 प्रतिशत और प्राइवेट स्कूलों के 69.67 प्रतिशत विद्यार्थी पास हुए हैं। इससे सरकारी और निजी स्कूल की पढ़ाई का अंतर साफ नजर आ रहा है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा है कि मध्यप्रदेश में बच्चों का साल बचाने के लिए बोर्ड की द्वितीय अवसर परीक्षा अगले माह 7 मई से शुरू होने जा रही है। इसमें दोनो कक्षाओं के उन बच्चों को अवसर मिलेगा, जो किसी कारण से असफल हो गए। इस वर्ष पूरक परीक्षा परिणामों की घोषणा नहीं की गई है, क्योंकि हम बच्चों को दूसरा अवसर देने जा रहे हैं। ▶▶ पढ़ें पेज 02 भी

**मुख्यमंत्री ने कहा- जो उत्तीर्ण नहीं, वे निराश न हों, यह सिर्फ़ एक स्कूल की परीक्षा है, जीवन का अंतिम पड़ाव नहीं**




मुख्यमंत्री एमपी बोर्ड का रिजल्ट जारी करते हुए

**द्वितीय अवसर परीक्षा अगले माह 7 मई से शुरू होगी**

**10वीं में पन्ना जिले के गुनौर की प्रतिभा सिंह सोलंकी टॉपर**

**12वीं में भोपाल की खुशी राय और चांदनी विश्वकर्मा टॉप पर**

### 12वीं में राजधानी का दबदबा

**10 वीं प्रतिभा को 500 में से 499 अंक**

12वीं में भोपाल के शिवाजी नगर स्थित शासकीय सुभाष उत्कृष्ट उमा विद्यालय की वाणिज्य संकाय की छात्रा खुशी राय एवं अशा. गुरुदेव शिक्षा केंद्र उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, नीलबड की चांदनी विश्वकर्मा ने कुल 500 अंकों में से 494 अंक हासिल कर संयुक्त रुप से टॉप किया है। कक्षा 12वीं में राजधानी भोपाल का दबदबा रहा है। 10वीं में पन्ना जिले के सरस्वती ज्ञान मंदिर हाई स्कूल, ▶▶ शेष पेज 4 पर

### सरकारी स्कूल निजी स्कूलों से आगे निकल रहे : मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि राज्य सरकार ने शास. विद्यालयों में शिक्षा व्यवस्था को बेहतर किया है, जिससे हमारे शासकीय स्कूल 10वीं और 12वीं की बोर्ड परीक्षा में निजी स्कूलों के परिणामों से आगे निकल रहे हैं। उन्होने कहा कि बोर्ड परीक्षा हम सभी के जीवन का महत्वपूर्ण पड़ाव होती है। बोर्ड परीक्षा के परिणाम ही हमारे भविष्य की दिशा तय करते हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि फरवरी से मार्च के बीच कक्षा 10वीं की परीक्षा ▶▶ शेष पेज 4 पर

सीबीएसई के 10वीं बोर्ड के नतीजे घोषित

## सीबीएसई 10वीं में 93.70% बच्चे पास, बेटियां ही 'आगे'

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

**92.69 फीसदी छात्र तो 94.99 प्रतिशत छात्राएं सफल**




सीबीएसई ने 10वीं बोर्ड के नतीजे घोषित कर दिए हैं। सीबीएसई 10वीं बोर्ड परीक्षा में इस बार कुल 93.70% छात्र-छात्राएं उत्तीर्ण हुए हैं। परिणामों के अनुसार 92.69% लड़कों ने परीक्षा पास की, जबकि 94.99% लड़कियां सफल रहीं, जिससे एक बार फिर छात्राओं ने बेहतर प्रदर्शन करते हुए लड़कों को पीछे छोड़ दिया है। जो छात्र अपने अंकों से संतुष्ट नहीं हैं, उनके लिए सीबीएसई ने सेशन-2 परीक्षा का विकल्प दिया है। यह परीक्षा 15 मई से 1 जून 2026 के बीच आयोजित की जाएगी। इस दौरान छात्र अधिकतम 3 विषयों में अपने अंक सुधार सकते हैं। बोर्ड के अनुसार 22 लाख से अधिक छात्रों ने 90% से ज्यादा अंक हासिल किए, जबकि 55,000 से अधिक विद्यार्थियों ने 95% से ऊपर अंक प्राप्त किए। वहीं, लगभग 14.7 लाख उम्मीदवारों को कंपार्टमेंट श्रेणी में रखा गया है, जिन्हें आगे सुधार का अवसर दिया जाएगा।

#### केंद्रीय विद्यालयों का शानदार प्रदर्शन

स्कूलों के प्रदर्शन में इस बार भी केंद्रीय विद्यालयों (केवी) ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 99.57% पास प्रतिशत के साथ शीर्ष स्थान हासिल किया है। इसके बाद जवाहर नवोदय विद्यालय 99.42% और सेंट्रल तिब्बतन स्कूल 97.42% के साथ बेहतर परिणामों में शामिल रहे। निजी स्कूलों का 93.77% और सरकारी स्कूलों का 91.43% रहा, सरकारी सहायता प्राप्त स्कूलों ने 91.01% परिणाम दर्ज किए।

#### रीजन वाइज प्रदर्शन में त्रिवेंद्रम टॉप पर

इस वर्ष सीबीएसई 10वीं के परिणाम में रीजन वाइज प्रदर्शन में त्रिवेंद्रम रीजन ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 99.79% पास प्रतिशत के साथ देश में पहला स्थान हासिल किया है। त्रिवेंद्रम के साथ-साथ विजयवाड़ा ने भी 99.79% पास प्रतिशत हासिल किया, जबकि चेन्नई 99.58% के साथ तीसरे स्थान पर रहा। इसके बाद बेंगलुरु ने 98.91% और दिल्ली वेस्ट ने 97.45% ▶▶ शेष पेज 4 पर



राजधानी स्थित बागसेवनिया रोड, दोपहर 1 बजे

प्रदेश में तेज गर्मी : भोपाल में दिन का पारा 39.5

## नौगांव, खजुराहो, रतलाम 42 डिग्री पार... छिंदवाड़ा में दूसरे दिन भी लू

**आज छिंदवाड़ा मंडला और पांढुर्णा में लू का अलर्ट**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी सहित प्रदेशभर में अब गर्मी तेजी पकड़ रही है। बुधवार को तीन जिलों में दिन का पारा 42 डिग्री पार रहा, जबकि छिंदवाड़ा में लगातार दूसरे दिन लू का असर रहा है। यहां दिन का पारा 40.2 डिग्री रहा, जो सामान्य से 4.9 डिग्री अधिक है। इसमें मंगलवार के मुकावले दशमलव एक डिग्री की बढ़त रही है। छिंदवाड़ा में मंगलवार को भी हीटवेव का असर रहा है। नौगांव में 42.4, खुजराहो में 42.2 और रतलाम में 42 डिग्री दर्ज हुआ। इन जिलों में तेज गर्मी रही। नर्मदापुरम में 41.8 डिग्री दर्ज हुआ। भोपाल में दिन के तापमान में दशमलव एक डिग्री की गिरावट के साथ 39.5 डिग्री रहा, जबकि रात में 1.8 डिग्री की कमी के साथ 20.8 डिग्री दर्ज हुआ है। अधिकांश जिलों में पारा 39 से 40 डिग्री के बीच दर्ज होने से तेज गर्मी महसूस की गई। मौसम केंद्र के अनुसार गुरुवार को छिंदवाड़ा, मंडला और पांढुर्णा में लू का अलर्ट जारी किया है।

#### 24 जिले 40 से 42 डिग्री तक रहे

बुधवार को प्रदेश में औसत अधिकतम तापमान में करीब आधा डिग्री की बढ़त रही। सबसे अधिक वृद्धि नौगांव में 3.8 डिग्री के साथ प्रदेश में सर्वाधिक दिन का पारा 42.4 डिग्री रहा है। प्रदेश में 24 जिलों में अधिकतम तापमान 40 से 42 डिग्री तक दर्ज हुआ है। विशेषकर पूर्वी मप्र में गर्मी का असर अधिक रहा। यहां 13 जिलों में पारा 40 से 42 डिग्री और इससे अधिक रहा है।

42-42 लाख मुआवजा और नौकरी

## वेदांता पावर प्लांट हादसे में अब तक हुईं 19 मौतें

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सक्ती



■ मृतकों में यूपी बिहार,बंगाल के

छत्तीसगढ़ के सक्ती जिले में वेदांता पावर प्लांट हादसे में अब तक 19 मौतें हो चुकी हैं। 4 की मौके पर ही जान गई, जबकि 13 की मौत रायगढ़ के अलग-अलग अस्पतालों में हुई। 2 की मौत रायपुर के कालड़ा अस्पताल में इलाज के दौरान हुई। प्लांट में मंगलवार दोपहर बॉयलर ब्लास्ट हो गया था। मृतकों में 4 छत्तीसगढ़ से हैं, जबकि बाकी 15 यूपी, बिहार, झारखंड और पश्चिम बंगाल से ▶▶ शेष पेज 4 पर

मंदिर समिति ने ऑफलाइन परमिशन बंद की

## महाकाल मंदिर की भस्मारती की भी तत्काल बुकिंग होगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ उज्जैन



■ एक दिन पहले खुलेगी विंडो

महाकालेश्वर मंदिर की भस्मारती की परमिशन को लेकर मंदिर समिति ने बड़ा बदलाव किया है। एक दिन पहले मिलने वाली निःशुल्क ऑफलाइन परमिशन को बंद कर अब उसे भी ऑनलाइन कर दिया गया है। साथ ही तीन माह पहले होने वाली भस्मारती की बुकिंग का समय बदलकर उसे एक माह कर दिया है। महाकालेश्वर मंदिर समिति ने भस्मारती परमिशन के नियमों को लेकर दो बड़े बदलाव ▶▶ शेष पेज 4 पर

इंदौर पुलिस का ऐसा एक्शन पहली बार

## वंदे मातरम को नहीं गाने वाली कांग्रेस पार्षदों पर एफआईआर

**दोनों से साढ़े चार घंटे पूछताछ भी की**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ इंदौर



फौजिया शेख



रुबीना इकबाल

इंदौर में 'वंदे मातरम' विवाद पर पहली बार एफआईआर दर्ज की गई है। नगर निगम के बजट सत्र में राष्ट्रगीत गाने से इनकार करने के मामले में एमजी रोड पुलिस ने कांग्रेस की दो महिला पार्षद-रुबीना इकबाल खान और फौजिया शेख अलीम-के खिलाफ केस दर्ज किया है। पुलिस ने यह कार्रवाई भाजपा पार्षदों की शिकायत और वायरल वीडियो के आधार पर की है। दोनों पार्षदों को पूछताछ के लिए बुलाया गया, जहां उनसे करीब साढ़े चार घंटे तक सवाल-जवाब किए गए। एसीपी विनोद दीक्षित के मुताबिक भारतीय न्याय संहिता की धारा 196(1) (समूहों के ▶▶ शेष पेज 4 पर

भारत के सामाजिक विकास की दिशा में एक ऐतिहासिक अवसर

सुनिश्चित करना होगा कि महिलाएं इस भूमिका के लिए तैयार हों

## समाज में व्याप्त उन मानसिक बाधाओं को भी तोड़ना होगा जो महिलाओं को नेतृत्व की भूमिकाओं से 'पीछे' रखती हैं

▶▶ डॉ. पल्लवी राव चतुर्वेदी, एक्जीक्यूटिव वाइस प्रेसिडेंट, आईसेक्ट समूह, भोपाल



महिलाओं को संसद और विधानसभाओं में 33% आरक्षण देने का प्रस्ताव केवल एक राजनीतिक कदम नहीं, बल्कि भारत के सामाजिक विकास की दिशा में एक ऐतिहासिक अवसर है। वर्षों से हम यह देखते आए हैं कि देश की आधी आबादी होने के बावजूद महिलाओं की भागीदारी नीति-निर्माण के स्तर पर बेहद सीमित रही है। ऐसे में यह विधेयक प्रतिनिधित्व की उस खाई को पाटने की दिशा में एक मजबूत पहल है। एक अभिभावक, शिक्षाविद और समाज के प्रति संवेदनशील नागरिक के रूप में मेरा मानना है कि जब निर्णय लेने वाली टेबल पर महिलाएं बैठेंगी, तब नीतियों में स्वाभाविक रूप से संवेदनशीलता, संतुलन और समावेशिता बढ़ेगी। शिक्षा, स्वास्थ्य, पोषण, बाल सुरक्षा और मानसिक स्वास्थ्य जैसे मुद्दों को अधिक गंभीरता और गहराई से समझा जाएगा।




हालांकि, केवल आरक्षण देना ही पर्याप्त नहीं है। हमें यह भी सुनिश्चित करना होगा कि महिलाएं इस भूमिका के लिए तैयार हों। उन्हें शिक्षा, नेतृत्व कौशल और अवसरों तक समान पहुंच मिले। साथ ही, समाज में व्याप्त उन मानसिक बाधाओं को भी तोड़ना होगा जो महिलाओं को नेतृत्व की भूमिकाओं से पीछे रखती हैं।

#### दरअसल, पूरे समाज का यह सशक्तिकरण

यह बिल आने वाली पीढ़ियों के लिए एक सशक्त संदेश है कि बेटियां केवल घर तक सीमित नहीं, बल्कि देश के भविष्य को दिशा देने में भी समान भागीदार हैं। यदि हम सच में 'नए भारत' की कल्पना करते हैं, तो यह कदम उस दिशा में एक मजबूत नींव साबित हो सकता है। अंततः, यह केवल महिलाओं का नहीं, बल्कि पूरे समाज का सशक्तिकरण है।

9 एसी फर्स्ट में टिकट बुक कर अमेरिकन टूरिस्टर...



10 किसानों को निर्बाध रूप से बिजली उपलब्ध ...



# युवती और उसके दोस्त का अपहरण, फार्च्युनर से लेकर घर पहुंचे, जमकर पीटा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मिसरोद थाना क्षेत्र स्थित केंद्रीय विद्यालय के पास एक होटल में युवती और उसके दोस्त से मारपीट करते हुए फार्च्युनर से अपहरण का सनसनीखेज मामला सामने आया है। आरोपी उसे फार्च्युनर गाड़ी में बिठाकर बरखेड़ा पठानी अपने घर लेकर पहुंचे थे, वहां उसके साथ जमकर मारपीट की। मारपीट में चोट होने के कारण युवती को एम्स में भर्ती कराना पड़ा। पुलिस ने युवती की शिकायत पर अपहरण, छेड़छाड़ और मारपीट की धाराओं में प्रकरण दर्ज किया है। पुलिस आरोपियों की तलाश कर रही है।

## युवती के पुराने दोस्त और उसके ममेरे भाइयों सहित भाभी पर प्रकरण दर्ज

*सुबह से शाम तक करते रहे मारपीट*

*मिसरोद स्थित होटल का मामला*

### आरोपी युवक को शक था- युवती की ऑफिस में एक युवक से है दोस्ती



पुलिस के अनुसार 26 साल की युवती अवधपुरी इलाके में रहती है और एक प्राइवेट कंपनी में नौकरी करती है। उसकी शुभम कुमार नामक युवक से दस साल से दोस्ती हैं। युवती ने बताया कि एक दो साल से उसने शुभम कुमार से दूरी बढ़ा ली। शुभम को संदेह था कि वह युवती के ऑफिस में काम करने वाले राहुल से बातचीत करती है और उससे दोस्ती बढ़ा ली है। लिहाजा शुभम ने युवती को मिलने बुलाया। मंगलवार सुबह युवती को स्कूटर में बिठाकर केंद्रीय विद्यालय के पीछे एक होटल में लेकर पहुंचा। वहां राहुल को भी बुला लिया। इस दौरान शुभम ने अपने ममेरे भाइयों और भाभी के साथ मिलकर युवती और राहुल से मारपीट की। मारपीट के बाद जबरन फार्च्युनर गाड़ी में बिठाकर बरखेड़ा पठानी लेकर पहुंचे। वहां आरोपियों ने मारपीट करने के बाद दोनों को छोड़ दिया।

### होटल के कर्मचारियों ने दी पुलिस को सूचना

होटल में मारपीट और हंगामा देख होटलकर्मियों ने डायल 112 पर पुलिस को सूचना दी थी। डायल 112 की टीम मौके पर पहुंची और पुलिस को फारर्च्युनर गाड़ी का नंबर मिल गया। पुलिस युवती तक पहुंची और महिला अधिकारी ने उससे पूछताछ की, लेकिन उसने कहा कि शुभम कुमार उसका पुराना दोस्त है और वह किसी तरह की कार्रवाई नहीं चाहती है। रात में युवती अपनी बयान से बदल गई और शिकायत दर्ज कराने पहुंची। युवती का आरोप है कि होटल में ारपीट के दौरान आरोपी शुभम ने उसके अश्लील फोटो मोबाइल पर लिए हैं। पुलिस ने युवती की शिकायत पर शुभम कुमार, अमित कश्यप, शैलेष कश्यप सहि नेहा कश्यप पर अपहरण का मामला दर्ज किया है। आरोपियों की तलाश की जा रही है।

## सौ से अधिक खेतों में जलाई नरवाई

**भोपाल।** राजधानी के आसपास अधिकतर खेतों में हार्वेस्टर से गेहूं की फसल काटी गई है। जिसकी वजह से खेतों में गेहूं के सूखे तनों का जलाया जा रहा है। पटवारियों ने अब तक करीब सौ से अधिक खेतों में नरवाई जलाने की जानकारी दी है, जिसके आधार पर अब जिला प्रशासन सख्ती करने जा रहा है। जिसके आधार पर किसानों पर जुर्माना लगाया जाएगा। गेहूं फसल की कटाई अब भी चल रही है। किसान गेहूं की कटाई कंबाईंड हार्वेस्टर मशीन से करा रहे है, जिससे नरवाई खेत में रह जाती है। जिसे किसान आग के हवाले कर रहे हैं। यह हालात तब हैं जब जिला प्रशासन ने नरवाई जलाने में जुर्माने का प्रावधान किया है। इसके पहले गांवों में मुनादी भी करा दी गई है। बावजूद इसके इस पर रोक लगती नजर नहीं आ रही है। हाल ही में बर्रई क्षेत्र के कुछ खेतों में नरवाई में आग लगा दी गई थी। दरअसल, भोपाल में फसल कटाई का काम लगभग पूरा हो गया है। भूसे की किल्लत को देखते हुए अधिकांश किसान नरवाई से भूसा बना रहे हैं। वहीं कुछ ऐसे भी हैं, जो इसे आग के हवाले कर रहे हैं। हुजूर एसडीएम विनोद सोनकिया का कहना है कि सभी एसडीएम को अपने-अपने क्षेत्र में नरवाई जलाने वाले किसानों की निगरानी करने की हिदायत दी गई है। नरवाई जलाने वाले किसानों पर जुर्माना लगाया जाएगा। पर्यावरण विभाग मंत्रालय के पूर्व में नोटिफिकेशन में नरवाई जलाने पर दो एकड़ से कम में 2500 दो एकड़ से पांच एकड़ तक 5 हजार हजार और पांच एकड़ से अधिक पर नरवाई जलाने में 15 हजार रुपए का जुर्माना किया जा सकता है।

## नोडल अधिकारियों ने अपने-अपने क्षेत्रों में किया भ्रमण, गंदगी और कचरा मिला तो टोका

*स्वच्छता सर्वेक्षण-26 की शुरुआत...*

# सुबह 6 बजे शहर की सफाई व्यवस्था देखने निकले अपर आयुक्त, उपायुक्त सहित 60 से ज्यादा निगम के इंजीनियर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

बुधवार से राजधानी में नगर निगम ने स्वच्छता सर्वेक्षण-26 की शुरुआत कर दी। सुबह 6 बजे से 9 बजे तक नगर निगम के अपर आयुक्त, उपायुक्त, सहायक आयुक्त, प्रभारी कार्यपालन यंत्री, प्रभारी अधीक्षण यंत्री, कार्यपालन यंत्री सहित प्रभारी सहायक स्वास्थ्य अधिकारी शहर में सफाई व्यवस्था का जायजा लेने निकले। शहर के 21 जोन और 85 वार्डों में अधिकारियों ने संबंधित क्षेत्र के एएचओ के साथ मुख्य सड़कों, बाजारों, कॉलोनियों की सड़कों और सार्वजनिक स्थलों पर सफाई व्यवस्था देखी। कहीं गंदगी और कचरा दिखा तो संबंधित क्षेत्र के अधिकारी को टोका।

निगम आयुक्त ने स्वच्छता सर्वेक्षण को लेकर दो दिन पहले ही जिम्मेदारी तय कर दी थी। इसे लेकर मैदानी अमला सुबह से ही अपने-अपने काम में जुट गया था। शहर की सभी मुख्य सड़कें, बाजारों, सार्वजनिक स्थलों, कॉलोनियों की मुख्य सड़कों पर जहां सफाई कर्मचारियों ने झाडू लगाने में जुटे रहे तो वहीं कचरा एकत्र कर ट्रक और मैजिक में भरने के लिए वाहन साथ चले। सुबह आठ बजे तक सभी मुख्य सड़कों पर झाडू लगाने का काम हो चुका था।

21 जोन के एएचओ साढ़े पांच बजे से ही अपने-अपने क्षेत्रों में पहुंच गए थे

सुबह 6 बजे से पहले शुरू हो गया था कचरा उठाने व झाड़ू लगाने का काम

### सुबह साढे सात बजे सहायक नोडल अधिकारी धीरेंद्र गीतांजलि चौराहे पहुंचे



सुबह करीब साढ़े सात बजे सहायक नोडल अधिकारी धीरेंद्र उरमलिया गीतांजलि चौराहे पहुंचे। उन्होंने पूरे वार्ड की मुख्य सड़कों का निरीक्षण किया। इसके बाद फील्ड में मौके पर मिले रवींद्र सिंह यादव से चर्चा की।



आकृति ईको सिटी में सड़क पर झाडू लगाता सफाई कर्मी।

### रोज की तरह सफाई, मैदानी अमला रहा अलर्ट

शहर में रोजाना की तरह की सफाई का काम शुरू हुआ, लेकिन मैदानी अमला अधिक अलर्ट मोड पर इसलिए रहा कि अधिकारियों की विजिट और जिम्मेदारी तय करने देने की जानकारी पहले से थी। मैदान में एएचओ, दरोगा, सुपरवाइजर, सफाई कर्मचारी आदि दिनों की तरह ही काम और निगरानी में लगे रहे।

### सुबह 7 बजे अपर आयुक्त अंजू नेहरू नगर पहुंची

नगर निगम की अपर आयुक्त अंजु अरुण सुबह करीब 7 बजे क्षेत्र का भ्रमण करने नेहरू नगर पहुंची। उन्होंने सहायक स्वास्थ्य अधिकारी और सहायक नोडल अधिकारी से चर्चा की और किस तरह से रोजाना सफाई का काम होता है उसकी जानकारी हासिल की।



### अल्पना तिराहे पर सफाई में जुटी रही नाला गैंग

नगर निगम के जोन-4 में अल्पना तिराहे पर नाला गैंग नाले की सफाई में सुबह से ही जुट गई थी। इसके अलावा पूरे जोन में सफाई कर्मचारी अपने-अपने काम में जुटे रहे। जोन-4 के प्रभारी सहायक स्वास्थ्य अधिकारी मो शहाब मौके पर मौजूद रहे, जबकि सहायक नोडल अधिकारी जमीर अहमद, गौरव प्रजापति, प्रदीप जडिया आदि ने क्षेत्र का भ्रमण किया।

### बीएमसी मॉनिटर को भेजना होगी जानकारी

निगम कमिश्नर संस्कृति जैन ने नोडल अधिकारियों को जिम्मेदारी दी है कि वे रोज सफाई व्यवस्था की मॉनीटरिंग के साथ ही गंदगी के फोटो बीएमसी मॉनीटर पर भेजें। वहीं सप्ताह में इसकी रिपोर्ट बनाएं। इसके अलावा इलाकों के तालाब, नालों की सफाई भी देखें। डोर-टू-डोर कचरा कलेक्शन के दौरान वाहन न पहुंचने पर तुरंत ट्रांसपोर्ट डिपार्टमेंट को सूचना देने के निर्देश दिए गए हैं।



बीमाकुंज कोलार में वाहन में कचरा डालते सफाई कर्मी।

## फील्ड में नहीं जाने वाले इंजीनियरों का वेतन रुकेगा

**भोपाल।** निगम आयुक्त संस्कृति जैन बुधवार को एक बार फिर टीएल की बैठक में इंजीनियरों पर नाराज हो गईं। उन्होंने फील्ड में नहीं जाने वाले इंजीनियरों का वेतन रोकने की बात कही। फेस अटेंडेंस नहीं लगाने वाले इंजीनियरों व गैर-जरूरी कामों की फाइलों को लेकर इंजीनियरों को फटकार भी लगाई। करीब दो घंटे तक चली बैठक में जैन के निशाने पर यांत्रिक विभाग के इंजीनियर रहे। एक डिप्टी सिटी इंजीनियर को गैर जरूरी फाइल बनाने के लिए नाराजगी व्यक्त की।

## आज 'नारी शक्ति वंदन' पर महिला पार्षद करेंगी मंथन

**भोपाल।** नगर निगम परिषद का विशेष सम्मेलन गुरुवार को सुबह 11 बजे निगम के आईएसबीटी परिसर के परिषद सभागृह में होगा। इस विशेष सम्मेलन में नारी शक्ति वंदन पर महिला पार्षद मंथन करेंगी। निगम अध्यक्ष किशन सूर्यवंशी की अध्यक्षता में आयोजित होने वाले उक्त सम्मेलन में एक ही विषय पर चर्चा की जाएगी। निगम अध्यक्ष किशन सूर्यवंशी ने बताया कि सुबह 11 बजे से सम्मेलन शुरू होगा। इसमें नारी शक्ति वंदन के संबंध में चर्चा की जाएगी। उन्होंने बताया कि प्रदेश में 'नारी शक्ति वंदन' पखवाड़े का आयोजन हो रहा है। 10 से 25 अप्रैल तक कई कार्यक्रम होंगे। नगरीय प्रशासन विभाग ने हर नगरीय निकाय में विशेष सम्मेलन करने के आदेश दिए हैं।

### ढाई साल पहले स्मार्ट पार्क में रखा था

## सुभाष नगर मेट्रो डिपो में शिफ्ट हुआ मेट्रो मॉक-अप मॉडल



सुभाष नगर मेट्रो डिपो में रखा मेट्रो का मॉडल।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

शहर के श्यामला हिल्स स्थित स्मार्ट सिटी पार्क में करीब ढाई साल से रखा मेट्रो मॉक-अप मॉडल बुधवार को सुभाष नगर मेट्रो डिपो में शिफ्ट कर दिया गया। मेट्रो मॉडल को भारी-भरकम क्रेन की मदद से उठाकर सुभाष नगर मेट्रो डिपो पहुंचाया गया। अब इसे यहां आने वाले विजिटर्स और प्रोजेक्ट से जुड़े लोग देख सकेंगे। यह मेट्रो मॉडल स्मार्ट पार्क में अगस्त 2023 में लोगों को मेट्रो की झलक दिखाने लगाया गया था। तत्कालीन मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने इसका अनावरण किया था। लोग यहां आकर ट्रेन को देखते थे।

## आज से खुद ऑनलाइन कर सकेंगे जनगणना

**भोपाल।** एक मई से पंद्रह साल बाद देशभर में जनगणना शुरु होने जा रही है। जिसके लिए भोपाल में छह हजार कर्मचारियों को तैनात किया गया है। इधर, गुरुवार से आम लोग सेंसस की वेवसाइट पर जाकर खुद भी जानकारी अपलोड कर सकेंगे। इसके लिए राज्य का ऑप्शन चुनने के बाद गूगल मैप पर मकान की लोकेशन चिन्हित करना पड़ेगी। जिन लोगों की जानकारी अपलोड होगी, उन लोगों का वेरिफिकेशन करने प्रगणक घर जाएगा। इस बार की जनगणना में 34 तरह के अलग-अलग सवाल पूछे जाएंगे। आम लोग 16 से 30 अप्रैल तक खुद ही अपनी जानकारी ऑनलाइन दर्ज कर सकेंगे। इसके बाद मप्र के लिए सेल्फ एन्युमरेशन विंडो बंद हो जाएगी। 1 से 30 मई तक प्रदेशभर में मकान लिस्टिंग के लिए डोर-टू-डोर मैदानी सर्वे शुरू हो जाएगा।

### महज चार फीट पानी में बेसुध होकर गिरे

## स्वीमिंग पूल में बिजनेसमैन की मौत, हार्ट अटैक की आशंका

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

टीटी नगर थाना क्षेत्र स्थित तरुण पुष्कर में बुधवार शाम एक बिजनेसमैन की स्वीमिंग पूल में मौत हो गई। महज चार फीट पानी में बेसुध होकर गिरने के बाद उन्हें स्वीमिंग पूल के स्टाफ ने सीपीआर देने के बाद अस्पताल पहुंचाया था, वहां पता चला कि उनकी मौत हो चुकी है। महज चार फीट पानी होने के कारण अनुमान है कि उन्हें अटैक आया है। पुलिस ने शव पीएम के लिए भेज दिया है। पीएम रिपोर्ट मिलने का इंतजार किया जा रहा है।

पुलिस के अनुसार 63 साल के संजय त्यागी, अमलतास, शाहपुरा में रहते थे। वह बिजनेसमैन थे और रोज शाम को तरुण पुष्कर स्वीमिंग के लिए जाते थे। बुधवार शाम भी वह तरुण पुष्कर स्वीमिंग करने गए थे। शाम करीब छह बजे वह स्वीमिंग कर रहे थे, तभी बेसुध हो गए। उन्हें स्वीमिंग पुल से बाहर निकालकर ट्रेनर ने सीपीआर दी, लेकिन उनकी सांसें नहीं लौटी। आनन फानन में उन्हें अस्पताल पहुंचाया गया, वहां डॉक्टर ने चेक करने पर उन्हें मृत घोषित कर दिया।



### सीमा से चार मीटर बढ़ाकर भूमि पर गार्डन, पार्किंग बनाई

## साकेत नगर में चालीस परिवारों को थमाए नोटिस, कब्जे हटाने 7 दिन का दिया समय

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

नगर निगम की बिल्डिंग परमीशन शाखा ने साकेत नगर के 40 परिवारों को नगर पालिक अधिनियम की धारा-322 के तहत नोटिस जारी किए हैं। जिसमें उक्त परिवारों को घरों के सामने निर्धारित दायरे से चार मीटर बढ़ाकर बनाए गए किचन गार्डन, पार्किंग आदि को हटाने के लिए सात दिन की मोहलत दी गई है। नोटिस मिलने से स्थानीय रहवासियों में हड़कंप मच गया और वे स्थानीय पार्षद से मिलकर उक्त कार्रवाई रुकवाने का आग्रह किया। मामला साकेत नगर-9-ए का है।

40 मकान मालिक रोड तक कब्जा करके निजी उपयोग कर रहे हैं। इसके कारण न सिर्फ रास्ता तंग हो गया है, बल्कि आवागमन बाधित रहा है। इससे आसपास के रहवासी परेशान हैं। इसे लेकर निगम की ओर से नोटिस जारी करते हुए कहा गया है कि निर्धारित अवधि में स्वयं अतिक्रमण हटा लें अन्यथा बलपूर्वक कार्रवाई की जाएगी।



साकेत नगर में मकान के बाहर किया गया निर्माण।

### शिकायत के बाद निगम ने किया था सर्वे

स्थानीय रहवासियों ने ही साकेत नगर में उक्त मामले में शिकायत की थी। इस पर बिल्डिंग परमीशन शाखा के कर्मचारियों ने सर्वे किया और पाया कि मकानों के बाहर अवैध किचन गार्डन और पार्किंग बनी है। अमले ने उन्हें समझाइश भी दी। अमले ने नगर पालिक निगम अ धिनियम 1956 की धारा 322 के नोटिस जारी किए हैं।

### अधिक भीड़ होने से धक्का-मुक्की, धूप में खड़े रहे घंटों, बैंक की अव्यवस्था से हुए नाराज

# सुबह 5 बजे से ही बैंक खुलने के इंतजार में खड़े हो गए थे अमरनाथ यात्री

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

अमरनाथ यात्रा के लिए रजिस्ट्रेशन शूरू हो गए हैं, लेकिन शिव भक्तों को कई तरह की परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। शिव शक्ति सेवा मंडल के सचिव रिंकू भटेजा ने बताया कि अमरनाथ यात्रा के लिए 15 अप्रैल से पंजीयन भोपाल की तीन बैंकों में आरंभ हो गए।

इसमें से एक बैंक जम्मू एंड कश्मीर बैंक जवाहर चौक में यात्रा पंजीयन के लिए सुबह 5 बजे से ही काफी संख्या में शिव भक्त लाइन लगाकर कड़ी धूप में बैंक खुलने का इंतजार करते रहे। बैंक खुलते ही अव्यवस्था होने के कारण धक्का-मुक्की होने लगी।

जो भक्त सुबह से लाइन में लगे थे, वे धक्का मुक्की की वजह से लाइन से बाहर हो गए। बैंक द्वारा भक्तों को धूप से बचाव कोई व्यवस्था नही की गई है। अव्यवस्थाओं के कारण कई भक्तों को चोट भी आई है। पहले दिन करीब 120 से अधिक लोगों ने अपना रजिस्ट्रेशन कराया।

*पहले दिन 120 से अधिक लोगों ने कराया पंजीयन*

*जवाहर चौक स्थित जम्मू एंड कश्मीर बैंक ने नहीं की पर्याप्त व्यवस्था*

### बैंक से धूप से बचाव और पीने की पानी की व्यवस्था करने की मांग



अमरनाथ यात्रा के पंजीयन कराने के लिए धूप में खड़े लोग।

ओम शिव शक्ति सेवा मंडल भोपाल मांग की कि बैंक में पंजीयन कराने आए हुए भक्तों को धूप से बचाव, पीने की पानी एवं लाइन में खड़े होने की पर्याप्त व्यवस्था की जाए।

## भोपाल-जोधपुर एवं दयोदय एक्सप्रेस कोटा के बजाय सोगरिया से चलेंगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

कोटा जंक्शन के प्लेटफॉर्म नंबर 1 के पुनर्विकास कार्य के अंतर्गत रेल प्रशासन ने 15 अप्रैल से 4 मई तक ब्लॉक लिया है। इस अवधि में पकुछ गाड़ियों का मार्ग परिवर्तन किया गया है तथा कुछ का आंशिक परिचालन सोगरिया स्टेशन से किया जाएगा।

गाड़ी सं. 14814 भोपाल-जोधपुर एक्सप्रेस 15 अप्रैल से 3 मई तक परिवर्तित मार्ग सोगरिया। 14813 जोधपुर-भोपाल एक्सप्रेस 15 अप्रैल से 4 मई तक गुड़ला कोटा चंबल केबिन सोगरिया। 12181 दयोदय सुपरफास्ट एक्सप्रेस 15 अप्रैल से 3 मई तक सोगरिया। गाड़ी 12182 दयोदय सुपरफास्ट एक्सप्रेस 15 अप्रैल से 4 मई तक गुड़ला कोटा चंबल केबिन सोगरिया चलेगी। गाड़ी 11604 बीना-कोटा मेमू एक्सप्रेस 15 अप्रैल से 4 मई तक कोटा जंक्शन के स्थान पर सोगरिया स्टेशन पर समाप्त होगी। 61634 बीना-कोटा मेमू 15 अप्रैल से 4 मई तक कोटा जंक्शन के स्थान पर सोगरिया स्टेशन पर समाप्त होगी।



भोपाल
गुरुवार, 16 अप्रैल 2026
वैशाख मास कृष्ण पक्ष –14
वर्ष : 13, अंक : 14
पृष्ठ : 16 मूल्य : 4.00 **

**मौसम**
अधि. 38
न्यून. 26

हरिभूमि
मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी
haribhoomi.com

केंद्र सरकार ने तैयार किया मसौदा

# लोकसभा में 543 की जगह होंगे 850 सांसद राज्यों को 815 और यूटी को मिलेंगी 35 सीटें

यह विधेयक संविधान के अनुच्छेद 81 में संशोधन का प्रावधान करता है। इसके तहत लोकसभा का नया स्वरूप इस प्रकार होगा

1. राज्यों से अधिकतम 815 सदस्य प्रत्यक्ष चुनाव के माध्यम से चुने जाएंगे
2. केंद्र शासित प्रदेशों से अधिकतम 35 सदस्य संसद द्वारा तय प्रक्रिया के अनुसार चुने जाएंगे

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

केंद्र सरकार लोकसभा की मौजूदा 543 सीटों की संख्या को बढ़ाकर 850 करने की दिशा में बड़ा कदम उठाने की तैयारी में है। प्रस्ताव के अनुसार नए स्वरूप में राज्यों के लिए 815 सीटें और केंद्र शासित प्रदेशों के लिए 35 सीटें निर्धारित की गई हैं।

भारत की लोकतांत्रिक व्यवस्था में बड़ा बदलाव लाने की दिशा में सरकार एक अहम कदम उठाने जा रही है। संसद में गुरुवार को एक ऐसा विधेयक पेश किया जाएगा, जिसके तहत लोकसभा और राज्य विधानसभाओं में महिलाओं को 33 प्रतिशत ▶▶ शेष पेज 4 पर



उज्जैन में महिलाओं ने ऐसी मानव श्रृंखला बनाई

### बिल के समर्थन में महिलाओं ने बनाई मानव श्रृंखला

**उज्जैन।** महिला आरक्षण बिल के समर्थन में उज्जैन में महिलाओं का उत्साह देखने को मिला। बुधवार को शहर के टॉवर चौक पर महिलाओं, स्कूली बच्चों, शिक्षकों ने एकत्रित होकर केंद्र सरकार के 'नारी शक्ति वंदन अधिनियम' के समर्थन में मानव श्रृंखला बनाई और वाहन रैली निकाली।

### जनसंख्या के आधार पर परिसीमन

सीटों के पुनर्निर्धारण के लिए 2011 की जनगणना के आंकड़ों को आधार बनाया जाएगा। विधेयक में स्पष्ट किया गया है कि जनसंख्या का अर्थ उस जनगणना के आंकड़ों से होगा, जिनकी आधिकारिक रूप से घोषणा की जा चुकी है।

नीति निर्माण में होगी भूमिका मजबूत

## महिलाओं के लिए एक तिहाई सीटें तय करने की प्रक्रिया शुरू की जाएगी

सरकार का उद्देश्य 2023 में पारित महिला आरक्षण कानून को प्रभावी बनाना है। इसके लिए लोकसभा, राज्य विधानसभाओं, दिल्ली, जम्मू-कश्मीर और अन्य केंद्र शासित प्रदेशों में महिलाओं के लिए एक-तिहाई सीटें सुनिश्चित करने की प्रक्रिया शुरू की जाएगी। विधेयक में संविधान के अनुच्छेद 239एए, 330ए, 332ए और 334ए के तहत लोकसभा और राज्य विधानसभाओं में महिलाओं को एक-तिहाई (1/3) सीटों का आरक्षण देने का भी प्रावधान किया गया है। इसमें अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति वर्ग की महिलाओं को भी शामिल किया गया है। सरकार का कहना है कि इस कदम का उद्देश्य महिलाओं की राजनीतिक भागीदारी को बढ़ाना और नीति निर्माण में उनकी भूमिका को और मजबूत करना है।

### नए चुनावों पर असर

प्रस्ताव के मुताबिक परिसीमन आयोग की अंतिम अधिसूचना जारी होने के बाद होने वाले आम चुनाव और उपचुनावों में यह नई व्यवस्था लागू होगी। यह पूरी प्रक्रिया देश की बढ़ती जनसंख्या और समान प्रतिनिधित्व सुनिश्चित करने के उद्देश्य से की जा रही है। इससे संसदीय लोकतंत्र को और अधिक समावेशी और संतुलित बनाने की कोशिश की जाएगी।

## खबर संक्षेप

### गूगल ने भारत में लॉन्च की नई सर्विस

**नई दिल्ली।** आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस अब सिर्फ सवालों के जवाब देने तक सीमित नहीं रह गया है, बल्कि अब यह यूजर्स को बेहतर तरीके से समझने की दिशा में आगे बढ़ रहा है। इसी कड़ी में गूगल ने भारत में अपने एआई असिस्टेंट जेमिनी के लिए पर्सनल इंटेलिजेंस फीचर पेश किया है। यह फीचर यूजर्स को अपने अलग-अलग एप्स और अकाउंट्स जैसे जीमेल और गूगल फोटोज को कनेक्ट करने की सुविधा देता है।




### राजेंद्र भारती केस की सुनवाई 28 अप्रैल को

**दतिया।** दतिया से जुड़े चर्चित सहकारिता बैंक घोटाला मामले में पूर्व विधायक और कांग्रेस नेता राजेंद्र भारती मामले में दिल्ली हाईकोर्ट में 15 अप्रैल को प्रस्तावित सुनवाई टल गई है। अब कोर्ट ने मामले की अगली सुनवाई 28 अप्रैल तय की है। इस दौरान याचिकाकर्ता पक्ष के वकील कोर्ट में उपस्थित नहीं हो सके, जिसके चलते मामले की सुनवाई आगे बढ़ा दी गई। कोर्ट ने सभी पक्षों को उपस्थित रहने के निर्देश दिए हैं।



### लॉरेंस गैंग के शूटर ने बिल्डर से मांगे 5 करोड़

**इंदौर।** शहर के बिल्डर विवेक दम्मानी को लॉरेंस बिश्नोई गैंग के शूटर हैरी बॉक्सर ने कॉल कर पांच करोड़ रुपए की मांग की है। विदेशी नंबर से वॉट्सएप कॉल आया। हैरी उर्फ हरिचंद्र बॉक्सर ने धमकाते हुए कहा कि रुपए न देने पर अंजाम बुरा होगा। उसने विवेक के परिवार का जिक्र किया। बाद में वॉइस मैसेज भी भेजा। शिकायत मिलने पर इंदौर पुलिस ने हैरी बॉक्सर के विरुद्ध एफआईआर दर्ज कर जांच शुरू की है।



**बड़ा सवाल : क्या दो हफ्ते और बढ़ सकता है अमेरिका-ईरान युद्ध का सीजफायर?**

ईरान भी कम नहीं, कहा हम अमेरिकी सेना के इंतजार में

# ईरान युद्ध नहीं वार्ता का पक्षधर ट्रंप दबाव बढ़ाने भेज रहे सेनाएं

अमेरिका और ईरान में संशय की स्थिति बनी हुई है। जंग बढ़ेगी, रुकेगी या फिर शांति समझौता होगा? कोई नहीं जानता। पर, दोनों देश अपने-अपने तेवर जरूर दिखा रहे हैं



डोनाल्ड ट्रंप



मोजतबा खामेनेई

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

अमेरिका और ईरान में संशय की स्थिति बनी हुई है। जंग बढ़ेगी,रुकेगी या फिर शांति समझौता होगा? कोई नहीं जानता। बुधवार को सुबह तक खबर चली की दोनों देशों के बीच दो हफ्ते के लिए सीजफायर बढ़ने की संभावना है। शाम होते-होते अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने ईरान को धमकी भरे अंदाज में कह दिया कि हजारों सैनिक और लडाकू विमान भेजेंगे। उधर, ईरान ने कहा कि हम युद्ध नहीं, वार्ता के पक्षधर हैं पर अमेरिका ने सेनाएं भेजकर दबाव बढ़ाया तो हम ओमान की खाड़ी से लेकर लाल सागर तक व्यापार ठप कर देंगे। दूसरी तरफ, अमेरिकी नौसेना ने स्ट्रेट ऑफ होर्मुज में ईरानी बंदरगाहों का नाकेबंदी कर दी है। इसके लिए अमेरिका ने भारी संख्या में सेना, सैन्य विमान और युद्धपोतों को भी तैनात ▶▶ शेष पेज 4 पर

ईरान का कहना अमेरिका ने सेनाएं भेजकर दबाव बढ़ाया तो हम ओमान की खाड़ी से लेकर लाल सागर तक व्यापार ठप कर देंगे



होर्मुज और यूएस सेना — फाइल फोटो

*ट्रंप ने होर्मुज ऑपरेशन के लिए 10 हजार से ज्यादा नाविक, मरीन्स और अमेरिकी एयरफोर्स के जवानों को लगाया*

*उधर, इजराइल ने बिल्कुल साफ कर दिया है कि हम हिज्बुल्लाह पर हमले नहीं रोकेंगे हम इसे सीजफायर में शामिल नहीं करेंगे*

### इजराइल और लेबनान के बीच बातचीत हुई फेल

अमेरिका में इजराइल के राजदूत येहिएल लाइटर ने दक्षिण लेबनान में युद्ध विराम को लेकर कोई प्रतिबद्धता जताने से इनकार किया। हालांकि, वॉशिंगटन डीसी में लेबनान के राजदूत नाडा हमादेह के साथ अपनी बैठक को उन्होंने 1 घंटे की बातचीत बताया। येहिएल लाइटर ने कहा, जहां तक युद्ध विराम का सवाल है... हम केवल एक ही चीज से निपट रहे हैं। मैंने यह बहुत स्पष्ट कर दिया है कि हम इजराइल के निवासियों की सुरक्षा पर फोकस ▶▶ शेष पेज 4 पर ▶▶ पढ़ें पेज 08 भी

### ईरान के राष्ट्रपति मसूद पेजेश्कियान ने कहा

**ईरान को सरेंडर कराने की कोशिश होगी नाकाम**

वहीं, ईरान के राष्ट्रपति मसूद पेजेश्कियान ने कहा कि अमेरिका की ओर से अपने इरादों को थोपने या ईरान को सरेंडर करने के लिए मजबूर करने की कोई भी कोशिश पूरी तरह से नाकाम होगी। ईरान रचनात्मक संवाद पर जोर देता है, लेकिन किसी भी तरह के दबाव के आगे नहीं झुकेगा।

**होर्मुज की नाकाबंदी 'घोषित सीजफायर' का उल्लंघन**

फारस की खाड़ी में स्ट्रेट ऑफ होर्मुज की अमेरिकी नाकाबंदी से ईरान बौखला गया है। अमेरिका ने ईरानी बंदरगाहों से आने-जाने वाले जहाजों को रोकने का दावा किया है। इससे नाराज ईरान ने अब बड़ी धमकी दी है। ईरानी सेना ने कड़े शब्दों में चेतावनी देते हुए कहा है कि अगर ईरानी बंदरगाहों पर अमेरिकी नौसेना की नाकाबंदी ▶▶ शेष पेज 4 पर

सबरीमाला प्रबंधन ने सुप्रीम कोर्ट में रखे तर्क

# कोर्ट समुदाय के विश्वास स्वीकार करे और उसकी वैधता पर सवाल न उठाए



मंदिर में महिलाओं के प्रवेश के विरोध में 9 जजों की बेंच कर रही सुनवाई

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

केरल के सबरीमाला मंदिर में महिलाओं के प्रवेश के विरोध में सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई जारी है। मंदिर प्रबंधन देखने वाले त्रावणकोर देवस्वोम बोर्ड के वकील एडवोकेट अभिषेक मनु सिंघवी ने बुधवार को अपने तर्क रखे। सिंघवी ने कहा कि धर्म किसी एक सटीक परिभाषा में नहीं बंध सकता, बल्कि यह किसी समुदाय के साझा विश्वासों और प्रथाओं का समूह होता है। उन्होंने जोर देकर कहा कि अदालत को किसी समुदाय के विश्वास को स्वीकार करना चाहिए और उसकी वैधता पर सवाल नहीं उठाना चाहिए, जब तक ▶▶ शेष पेज 4 पर



**सीजेआई ने पूछा सवाल**

### क्या एक ही पंथ के भीतर भी भेदभाव संभव ?

मुख्य न्यायाधीश ने पूछा कि क्या एक ही पंथ के भीतर भी भेदभाव संभव है? इस पर सिंघवी ने कहा कि धार्मिक आचरण और उसके प्रचार में फर्क है और जब तक एक समुदाय का आचरण दूसरे के अधिकारों में हस्तक्षेप नहीं करता, उसे संरक्षित किया जाना चाहिए। जस्टिस बीवी. नागरत्ना ने कहा कि धर्म का मूल संबंध मनुष्य और ईश्वर के बीच है, लेकिन सेक्युलर प्रथाओं का क्या होगा? इस पर सिंघवी ने जवाब दिया कि हिंदू धर्म में चार्वाक जैसे नास्तिक दर्शन भी मौजूद हैं, जो इसे एक ▶▶ शेष पेज 4 पर

बंदर भगाते समय गई जान

## लोहे की रॉड हाईटेंशन लाइन से टकराई, जिंदा जला युवक

सामने आया खतरनाक वीडियो पुलिस जांच में जुटी



हरिभूमि न्यूज ▶▶ खजुराहो

खजुराहो में बंदर भगाने की कोशिश कर रहे एक युवक को लोहे की रॉड का इस्तेमाल करते समय हाईटेंशन लाइन की चपेट में आ गया। जिससे वह जिंदा जल गया और मौके पर ही उसकी मौत हो गई। मंगलवार शाम हुई इस घटना का सीसीटीवी वीडियो भी सामने आया है। घटना खजुराहो रेलवे स्टेशन के पास स्थित 'द खजुराहो हेरिटेज रिसॉर्ट' में हुई। मृतक की पहचान प्रदीप रायकवार उर्फ रिंकू के रूप में हुई है, जो कि वहां नौकरी करता था। पुलिस जांच में जुट गई है।

तेल की कीमतों में उछाल का असर

## थोक महंगाई ने 'तोड़ा' 38 महीनों का रिकॉर्ड

इससे पहले खुदरा महंगाई में उछाल आ चुका




एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारत में थोक महंगाई (डब्ल्यूपीआई) ने मार्च 2026 में तेज रफ्तार पकड़ ली है। डब्ल्यूपीआई 3.88% पर पहुंचकर 3 साल के उच्च स्तर पर है। फ्यूल, मैन्युफैक्चरिंग और प्राइमरी आर्टिकल्स की कीमतों में उछाल के पीछे मुख्य वजह है, जबकि फूड महंगाई स्थिर बनी हुई है। मार्च 2026 में थोक आधारित महंगाई 3.88% रही, जो फरवरी के 2.13% से तेज बढ़ोतरी दिखाती है। यह आंकड़ा बाजार के 3% अनुमान से भी ऊपर रहा। जनवरी 2023 के बाद यह सबसे ऊंचा स्तर है।

## बिहार के 24वें मुख्यमंत्री बने 'सम्राट'



शपथ लेने के बाद सम्राट ने छुए नीतीश के पैर, पीएम ने दी बधाई

### सीएम चौधरी गृह समेत 29 विभाग संभालेंगे, जेडीयू के पास 18 विभाग

*एजेंसी ▶▶ पटना। सम्राट चौधरी बिहार के 24वें मुख्यमंत्री बन गए हैं। उन्होंने ईश्वर के नाम पर शपथ ली। राज्यपाल सैयद अता हसनैन ने लोकभवन में सुबह 11 बजे उन्हें पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई। बिहार की नई सरकार में जदयू से विजय चौधरी और बिजेंद्र यादव ने भी शपथ ली। दोनों को डिप्टी सीएम बनाया गया है।* ▶▶ शेष पेज 4 पर

दिग्विजय ने सीएम को लिखा पत्र

ईओडब्ल्यू से जांच कराने की मांग

## सीहोर में 40 हजार टन गेहूं सड़ा 150 करोड़ के नुकसान का आरोप

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह ने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव को पत्र लिखकर करीब 150 करोड़ रुपए के 'घुन घोटाले' की जांच आर्थिक अपराध अनुसंधान ब्यूरो (ईओडब्ल्यू) से कराने की मांग की है। पत्र में आरोप लगाया गया है कि सीहोर और रायसेन जिलों के निजी गोदामों में रखा करीब 40 हजार टन गेहूं खराब हो गया। यह गेहूं लंबे समय तक गोदामों में पड़ा रहा, जिससे उसमें घुन लग गया और वह उपयोग के लायक नहीं बचा। आरोप है कि 2017 से 2021 के बीच इस गेहूं को जानबूझकर गोदामों में वर्षों तक रखा गया, ताकि निजी गोदाम मालिकों को हर महीने किराया मिलता रहे।

जबकि नियम के अनुसार इसे 8-10 महीने में हटा लिया जाना चाहिए था। जब गेहूं पूरी तरह खराब हो गया, तो इसे चुपचाप निजी गोदामों से हटाकर रायसेन के सरकारी वेयरहाउस में शिफ्ट कर दिया गया, ताकि निजी मालिकों पर कार्रवाई न हो और जिम्मेदारी सरकारी सिस्टम पर डाली जा सके। इस पूरे मामले में एक तरफ करीब 100 करोड़ रुपए का गेहूं बर्बाद हो गया, वहीं दूसरी तरफ गोदाम किराया, रखरखाव और परिवहन के नाम पर 150 करोड़ रुपए से ज्यादा खर्च कर दिए गए। दिग्विजय ने आरोप लगाया है कि इसमें गोदाम संचालकों, अधिकारियों और ठेकेदारों की मिलीभगत है।



दिग्विजय सिंह

**नासिक टीसीएस कांड : हिंदू महिला के रोजा रखने से हुआ खुलासा**

मलेशिया से जुड़े एक उपदेशक इरमान को भी जोड़ा गया

# पुलिस ने कोवर्ट ऑपरेशन चलाया...पता चला कि वहां यौन शोषण हो रहा था, धर्म परिवर्तन कराया जा रहा था

- अब तक सात गिरफ्तार, नौ एफआईआर दर्ज
- आरोपी दानिश शेख निकला दो बच्चों का पिता

एजेंसी ▶▶ नासिक

महाराष्ट्र के नासिक स्थित टाटा कंस्लटेंसी सर्विस (टीसीएस) के बीपीओ कार्यालय में सामने आए यौन शोषण और जबरन धर्म परिवर्तन मामले में कई गिरफ्तारियां हो चुकी हैं। इस पूरे मामले की शुरुआत फरवरी में हुई, जब एक राजनीतिक दल के कार्यकर्ता ने नासिक सिटी पुलिस में शिकायत दर्ज कराई।

शिकायत में कहा गया कि टीसीएस के बीपीओ यूनिट में काम करने वाली एक हिंदू महिला रमजान का रोजा रख रही है। पुलिस ने कार्यालय में एक कोवर्ट (खुफिया) ऑपरेशन चलाया। चार पुलिसकर्मियों ने हाउसकीपिंग स्टाफ बनकर ऑफिस में एंट्री ली और कर्मचारियों के बीच ▶▶ शेष पेज 4 पर



पुलिस की कस्टडी में आरोपी को ले जाते हुए

**टीसीएस का बयान**

### हमने संबंधित कर्मचारियों को निलंबित किया

टीसीएस की तरफ से इस मामले पर बयान जारी किया गया है। कंपनी ने कहा है कि वह किसी भी प्रकार के उत्पीड़न या दबाव के प्रति जीरो टॉलरेंस नीति रखती है। कंपनी ने यह भी कहा कि जैसे ही मामला सामने आया, संबंधित कर्मचारियों को निलंबित कर दिया गया और ▶▶ शेष पेज 4 पर

**दसवीं-बारहवीं की परीक्षाओं के परिणाम घोषित**

### मोबाइल के सही उपयोग और सरकारी स्कूलों में लगने वाली अतिरिक्त कक्षाओं का भी मिला छात्र-छात्राओं को लाभ

# प्रदेश के टॉपर्स बोले- मेहनत, अनुशासन और सही मार्गदर्शन से आया बेहतर परिणाम, एनसीईआरटी की किताबें रहीं सहायक



सुभाष उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में 10वीं-12वीं का रिजल्ट आने और अपनी सफलता को देखने के बाद खुशियां मनाते हुए छात्र-छात्राएं।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मप्र माध्यमिक शिक्षा मंडल ने दसवीं-बारहवीं के परीक्षा परिणाम जारी कर दिए है। इस बार प्रदेश में कक्षा दसवीं की मेरिट में 378 विद्यार्थियों ने अपना स्थान बनाया है, जिसमें 235 छात्राएं और 143 छात्र हैं। वहीं 12वीं परीक्षा की मेरिट सूची में 221 विद्यार्थियों ने जगह बनाई है। इसमें 158 छात्राएं और 63 छात्र हैं। टॉपर्स ने अपने बेहतर परिणाम का श्रेय अपने परिवार और शिक्षकों को देते हुए कहा कि इस सफलता के लिए उन्होने टाइम मैनेजमेंट के साथ पढ़ाई की और सभी विषयों को पूरा समय दिया। सभी विषयों को बराबर समय दिया। एनसीईआरटी की किताबों से पढ़ाई की। इंटरनेट का सही उपयोग किया और जरूरत के हिसाब से शिक्षकों की भी मदद ली। नतीजन बेहतर परिणाम आया।

## बचपन में माता-पिता को खोया, हिम्मत नहीं हारी, प्रदेश में किया टॉप

कक्षा बारहवीं में कला समूह में मुरैना जिले के द्रोण अकादमी की छात्रा श्रुति तोमर ने प्रदेश में पहला स्थान प्राप्त किया है। श्रुति ने 500 में से 489 अंक हासिल किए हैं। श्रुति के जीवन की कहानी ने भावुक करने के साथ ही संघर्ष, साहस और अटूट हौसले की मिसाल भी है। श्रुति के पिता का 2018 में एक सड़क हादसे में निधन हो गया था। इस सदमे को उनकी मां सीता देवी सहन नहीं कर सकीं और कुछ ही समय बाद उन्होंने भी दुनिया छोड़ दी।



इस कम उम्र में माता-पिता को खोने वाली श्रुति को उनके दादा-दादी ने संभाला। श्रुति की पढ़ाई कभी रुकने नहीं दी। कठिन हालात, सीमित संसाधनों के बीच श्रुति ने भी खूब मेहनत की और दादा-दादी के उम्मीदों को पूरा किया। श्रुति बताती है कि बेहतर परिणाम के लिए उन्होने आठ से दस घंटे पढ़ाई की। सभी विषयों को बराबर समय दिया। एनसीईआरटी की किताबों से पढ़ाई की। इंटरनेट का सही उपयोग किया और जरूरत के हिसाब से शिक्षकों की भी मदद ली। नतीजन बेहतर परिणाम आया।

## एनसीईआरटी की किताब पर रहा भरोसा, कई बार किया रिवाइजः तन्वी कुमावत

कक्षा 12वीं में जीव विज्ञान में इंदौर के तीरथ बाई कला चंद्र उमावि की छात्रा तन्वी कुमावत ने 492 अंक प्राप्त कर प्रदेश में पहला स्थान प्राप्त किया है। इसके पहले कक्षा दसवीं में भी तन्वी टॉपर रही हैं। तन्वी ने अपनी इस उपलब्धि का श्रेय माता-पिता, शिक्षकों देते हुए कहा कि उन्होने लगातार अनुशासन के साथ साल भर पढ़ाई की। कभी घंटे नहीं देखे, लेकिन मन लगाकर पढ़ाई की। मोबाइल और सोशल मीडिया से दूरी बनाई और जरूरत के हिसाब से उसका उपयोग किया। उन्होंने सबसे ज्यादा एनसीईआरटी की किताब पर भरोसा किया। उसको कई बार रिवाइज किया। तन्वी ने कहा कि बोर्ड परीक्षा का प्रेशर होता है, लेकिन अगर आप निरंतर साल भर पढ़ाई करते रहेंगे और किताब को अपने कई बार पढ़ा होगा तो जो भी प्रश्न परीक्षा में पूछा जाएगा, वह आपको पहले से पता होगा. ऐसे मैं घबराहट नहीं होगी. आपका पेपर भी अच्छा ही जाएगा। वह डॉक्टर बनना चाहती हैं।



## दो सगी बहनों ने किया होम साइंस में प्रदेश में टॉप, कहा, कड़ी मेहनत से मिली सफलता



छतरपुर के नौगांव की दो सगी बहनों ने शाइस्ताह कुरैशी और शैवाह कुरैशी ने 12वीं में होम साइंस विषय में प्रदेश में टॉप किया है। नौगांव के गर्ल्स स्कूल की छात्रा शाइस्ताह कुरैशी ने 500 में से 485 अंक प्राप्त कर प्रदेश में पहला स्थान हासिल किया। वहीं उनकी छोटी बहन शैवाह कुरैशी ने 479 अंक लाकर दूसरा स्थान प्राप्त किया। दोनों ने बताया कि इस परिणाम के लिए पूरे साल मेहनत की और अब उनकी कड़ी मेहनत, अनुशासन और सही मार्गदर्शन का परिणाम सबके सामने है। उन्होने इस परिणाम के श्रेय अपने परिवार और शिक्षकों को दिया है।

## टॉपर्स लिस्ट से प्रेरणा लेकर रोजाना 8 घंटे की पढ़ाईः चांदनी विश्वकर्मा

कक्षा 12वीं में वाणिज्य समूह में 494 अंक प्राप्त कर प्रदेश में भोपाल के गुरूदेव शिक्षा केंद्र उमावि की छात्रा चांदनी विश्वकर्मा ने प्रथम स्थान प्राप्त किया है। चांदनी ने बताया कि परिवार की आर्थिक स्थिति ज्यादा बेहतर नहीं है। उनके पिता कारपेंटर हैं और मां गृहणी हैं। इस सफलता के लिए पूरे साल मन लगाकर पढ़ाई की। इसके लिए पहले अपना टारगेट सेट करती थीं और उसी के अनुसार पढ़ाई करती थीं। हर सब्जेक्ट के लिए अलग-अलग समय तय किया और रोजाना एक विषय पर करीब 8 घंटे मेहनत की। चांदनी ने कहा कि वह उनका सपना आगे चलकर लेफ्टिनेंट बनने का है। फिलहाल वह आगे की पढ़ाई को लेकर विचार कर रही हैं और एमबीए करने की भी योजना है, लेकिन उनका अंतिम लक्ष्य सेना में अधिकारी बनना है। चांदनी ने अपनी सफलता का श्रेय अपने परिवार और शिक्षकों को देते हुए कहा कि कभी भी हिम्मत नहीं हारनी चाहिए और पढ़ाई में गैप नहीं देना चाहिए। जब भी वह निराश होती थीं, तो टॉपर्स की लिस्ट अपने सामने रखती थीं और खुद को प्रेरित करती थीं। उनका कहना है कि हर छात्र को अपना लक्ष्य तय करना चाहिए और बिना हार माने लगातार आगे बढ़ते रहना चाहिए।




## प्रदेश में दसवीं में प्रतिभा का पहला स्थान, बनना चाहती हैं आईएएस

पन्ना जिले के गुन्नोर स्थित सरस्वती ज्ञान मंदिर हाईस्कूल की कक्षा दसवीं की छात्रा प्रतिभा सिंह सोलंकी ने प्रदेश में पहला स्थान प्राप्त किया है। बोर्ड परीक्षा में उन्हें 500 में से 499 अंक मिले हैं। प्रतिभा ने बताया कि स्कूल के अतिरिक्त उन्होने सुबह और शाम दो-दो घंटे पढ़ाई को दिए। स्कूल में ही उनके सभी डाउट्स हल हो जाते थे, जिससे उन्हें घर पर रिवीजन करने में काफी मदद मिलती थी। उनके गांव से स्कूल की दूरी करीब 8 किलोमीटर थी। वह रोजाना बस से गुन्नौर स्थित सरस्वती ज्ञान मंदिर स्कूल पढ़ने जाती थीं और नियमित रूप से मेहनत करती रहीं। प्रतिभा के पिता भारतेंद्र सिंह गांव में रोजगार सहायक हैं, जबकि उनकी माता शासकीय शिक्षक हैं। प्रतिभा ने अपनी सफलता का श्रेय अपने माता-पिता और शिक्षकों को दिया है। उन्होंने आगे चलकर यूपीएससी की तैयारी कर प्रशासनिक सेवा में जाने का लक्ष्य रखा है।



## सीहोर के श्लोक विज्ञान समूह में प्रदेश में प्रथम, बनना चाहते हैं आईएएस

सीहोर के नूतन स्कूल के छात्र श्लोक प्रजापति ने 12वीं विज्ञान समूह में 500 में से 493 अंक प्राप्त कर प्रदेश की प्रथम स्थान प्राप्त किया है। उनके पिता विनोद प्रजापति पेशे से एक मजदूर हैं। आर्थिक चुनौतियों के बाद भी बेटे की पढ़ाई में उन्होने कभी कोई कसर नहीं रखी। श्लोक अपनी सफलता का श्रेय अपने माता-पिता और शिक्षकों को देते हैं। बचपन से ही मेधावी रहे श्लोक ने बताया कि वह प्रशासनिक सेवा में जाना चाहते हैं। उन्होंने कहा कि वे आईएएस अधिकारी बनना चाहते हैं, ताकि समाज की सेवा कर सकें। श्लोक ने बताया कि इस सफलता के लिए उन्होने टाइम मैनेजमेंट के साथ पढ़ाई की और सभी विषयों को पूरा समय दिया।



## बोर्ड परीक्षाओं की टॉपर अथवा 95% से ज्यादा अंक प्राप्त करने वाली चित्रांश प्रतिभाओं को कायस्थम ने दी बधाई

भोपाल। कायस्थम मध्यप्रदेश ने माध्यमिक शिक्षा मंडल की 10वीं और 12वीं की बोर्ड परीक्षाओं तथा सीबीएसई की दसवीं की बोर्ड परीक्षा की मेरिट में लिस्ट में शामिल अथवा 95% से अधिक अंक अर्जित करने वाले प्रतिभाशाली चित्रांश छात्र-छात्राओं को बधाई और शुभकामनाएं दी हैं। सीबीएसई द्वारा घोषित दसवीं बोर्ड परीक्षा में कायस्थ कुल के जिन छात्र - छात्राओं ने उपलब्धि हासिल की है, उनमें दिया सक्सेना 99.2 % सेंट जोसेफ कॉन्वेंट स्कूल भोपाल,अनिका सक्सेना पिता संजीव सक्सेना(आरआरएल भोपाल में सीनियर साइंटिस्ट) सेंट जोसेफ कॉन्वेंट स्कूल अरेरा कालोनी भोपाल 98.2% ,आर्यश श्रीवास्तव सिल्वर बेल्स कॉन्वेंट स्कूल ने 95.4% और शैफाली सिन्हा सागर पब्लिक स्कूल कटारा एक्सटेंशन भोपाल ने 97.6% अंक प्राप्त कर उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल की है। वहीं 10वीं एवं 12वीं के परिणामों की मेरिट लिस्ट में दसवीं की चित्रांश छात्रा कु. इशिका श्रीवास्तव सागर विद्या निकेतन सिकंदराबाद रातीबड़ भोपाल ने 500 में से 490 अंक प्राप्त कर मेरिट लिस्ट में 10 वाँ स्थान प्राप्त किया है।

### अनूपपुर, झाबुआ, अलीराजपुर रहे आगे, दतिया, भिंड, मुरैना, दमोह फिसड्डी

## माशिमंः 10वीं-12वीं के परीक्षा परिणामों में जनजातीय-पिछड़े जिलों ने बढ़त बनाई

भोपाल। मप्र माध्यमिक शिक्षा मंडल की दसवीं-बारहवीं के विद्यार्थियों के लिए बुधवार का दिन विशेष रहा। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने दोनों कक्षाओं के परीक्षा परिणाम जारी किए। खास बात यह भी है कि इस बार प्रदेश में जनजातीय-पिछड़े जिलों ने बढ़त बनाई है। दसवीं में अनूपपुर और अलीराजपुर जिलों का परिणाम प्रदेश में सबसे बेहतर रहा है। जिलों में पहले स्थान पर रहे अनूपपुर के 93.85 प्रतिशत विद्यार्थियों को बोर्ड परीक्षा में सफलता मिली है। वहीं अलीराजपुर जिला 92.14 प्रतिशत के साथ दूसरे स्थान पर रहा है। कक्षा बारहवीं में सर्वाधिक सफलता वाले जिलों में झाबुआ 93.23 प्रतिशत परिणाम के साथ पहले स्थान पर है और अनूपपुर जिला 93.04 प्रतिशत के साथ दूसरे स्थान पर है। वहीं दोनो कक्षाओं में भिंड, मुरैना, दतिया का परिणाम सबसे खराब रहा है। यहां कक्षा दसवीं में दतिया में सिर्फ 50.19, मुरैना में 54.08 और भिंड में 57.28 फीसदी परिणाम रहा है। वहीं 12वीं में दतिया 54.16, भिंड 55.59 और दमोह का परीक्षा परिणाम 60.96 फीसदी रहा है।

**पारदर्शिता से कराई परीक्षा, मात्र 45 दिन में परिणाम भी हुआ तैयारः** स्कूल शिक्षा मंत्री स्कूल शिक्षा एवं परिवहन मंत्री उदय प्रताप सिंह ने कहा कि मध्यप्रदेश देश का इकलौता राज्य है, जहां किसी कारण से असफल होने पर या किसी अपरिहार्य कारण से परीक्षा देने से वंचित रह गए छात्र-छात्राओं को सभी विषयों में दोबारा परीक्षा में बैठने का अवसर दिया जाता है।

## सीबीएसई 10वीं में कृष्णा चौरसिया ने हासिल किए 96.4 परसेंटाइल

सीबीएसई 10वीं बोर्ड परीक्षा में कृष्णा चौरसिया ने ओवरऑल 96.4% अंक हासिल किए हैं। इन्होंने साइंस में 97, मैथमेटिक्स (स्टैंडर्ड) 93, सोशल साइंस 94, इंग्लिश 97, हिंदी 95, इनफॉरमेशन टेक्नोलॉजी विषय में 99 अंक हासिल किए। इनके पिता प्रो. उदय चौरसिया राजधानी स्थित राजीव गांधी प्रौद्योगिकी विवि में एसोसिएट प्रोफेसर के पद पर कार्यरत हैं। माता प्रीति चौरसिया कोचिंग संचालित करती हैं।



■ आरजीपीवी के एसोसिएट प्रोफेसर उदय चौरसिया के पुत्र हैं कृष्णा

### मंत्री सारंग पहुंचे हिमांशी के घर

## मंत्री सारंग ने बढ़ाया हौसला, लैपटॉप देने का किया वादा

नरेला क्षेत्र की प्रतिभाशाली छात्रा हिमांशी धाकड़ ने 10वीं परीक्षा में 99.4 प्रतिशत अंक अर्जित कर प्रदेश में तृतीय एवं भोपाल में प्रथम स्थान प्राप्त कर क्षेत्र का नाम रोशन किया है। मंत्री विश्वास सारंग स्वयं उनके घर ऐशबाग पहुंचे और बेटी को बधाई देते हुए आशीर्वाद दिया। सारंग ने हिमांशी को एक लैपटॉप भेंट करने का वादा किया, ताकि वह आगे की पढ़ाई और बेहतर तरीके से जारी रख सके।



## महापौर कक्षा 12वीं कॉमर्स में टॉप करने वाली छात्रा खुशी राय के घर पहुंचीं, किया सम्मान

महापौर मालती राय ने माध्यमिक शिक्षा मंडल की कक्षा 12वीं कामर्स की परीक्षा में प्रदेश में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाली भोपाल की छात्रा कु. खुशी राय के कोलार स्थित निवास पर पहुंची। उन्होंने खुशी को उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए बंधाई दी और सम्मान किया। खुशी राय नगर निगम भोपाल के जनसंपर्क, पुस्तकालय एवं वाचनालय विभाग के कर्मचारी दुर्गा राय की सुपुत्री हैं।



■ निगम के वाचनालय के कर्मचारी दुर्गा राय की सुपुत्री हैं खुशी

---

**खबर संक्षेप**

### चित्रगुप्त प्राकट्योत्सव पर सकल कायस्थ समाज निकालेगा शोभायात्रा

**भोपाल।** वैशाख शुक्ल गंगा सप्तमी 23 अप्रैल गुरुवार के दिन देश भर में देवाधिदेव भगवान श्री चित्रगुप्त जी का प्राकट्योत्सव धूमधाम से मनाया जाएगा। इसमें विशेष पूजा-अर्चना कर उनकी महा-आरती की जाएगी एवं विशेष पूजा युक्त कलम एवं स्वादिष्ट प्रसादी का वितरण उपस्थित जन समूह को किया जाएगा। कार्यक्रम चित्रगुप्त मंदिर जवाहर चौक टीटी नगर में रात्रि 8 बजे किया जाएगा। इस अवसर पर भोपाल में कार्यरत विभिन्न कायस्थ संगठनों के संयुक्त तत्वावधान में सकल कायस्थ समाज द्वारा भगवान की भव्य विशाल शोभायात्रा सांय 5 बजे जवाहर चौक से शहर के विभिन्न मार्गो से गुजरती हुई रात्रि 8 बजे चित्रगुप्त मंदिर पर समाप्त होगी। महाआरती उपरांत सुमधुर जागरण के साथ भंडारे का आयोजन भी होगा। चित्रगुप्त समाज भोपाल के मेजर जनरल श्याम श्रीवास्तव, राजेश नारायण श्रीवास्तव, डीपी श्रीवास्तव, पीडी खरे, ब्रजेश श्रीवास्तव, सुशील श्रीवास्तव, राजीव सक्सेना, संदीप श्रीवास्तव ने परिवार, ईष्ट -मित्रों, नाते-रिश्तेदारों, एवं बच्चों सहित शामिल होने की अपील की है।

### राठौर समाज के सामूहिक विवाह 20 अप्रैल को

**भोपाल।** राठौर संघ भोपाल मप्र के तत्वावधान में स्तरीय सामूहिक विवाह सम्मेलन 20 अप्रैल को अक्षय तृतीय पर पंडित खुशीलाल शर्मा आयुर्वेदिक चिकित्सा संस्थान के पास दशहरा मैदान में आयोजित किया जाएगा। समाज में व्याप्त बुराइयों को दूर करने व विवाह समारोह में हो रही फिजूलखर्ची रोकने व प्लास्टिक मुक्त उद्देश्य के तहत आयोजन किया जाएगा।

## क्लीनिक के लाइसेंस के लिए नहीं लेगा होगा एमपीपीसीबी सर्टिफिकेट

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

अब मध्यप्रदेश में चल रहे सरकारी और निजी होम्योपैथिक क्लीनिक के लिए बायो मेडिकल वेस्ट लाइसेंस बनवाना जरूरी नहीं है। लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा संचालनालय द्वारा होम्योपैथी क्लीनिकों के लिए एमपीपीसीबी सर्टिफिकेट की अनिवार्यता में छूट प्रदान की गई है। यह निर्णय इस आधार पर लिया गया है कि इन क्लीनिकों से बायोमेडिकल वेस्ट का उत्पादन नहीं होता, जिसकी पुष्टि संबंधित विभागों द्वारा की गई है। इस निर्णय से प्रदेश के हजारों होम्योपैथी चिकित्सकों को रजिस्ट्रेशन व नवीनीकरण प्रक्रिया में बड़ी राहत मिलेगी। मप्र में 213 सरकारी और हजारों होम्योपैथिक क्लीनिक हैं। इनके संचालन के लिए चिकित्सकों को प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड से लाइसेंस लेने की औपचारिकता पूरी करनी होती थी। बायो मेडिकल वेस्ट लाइसेंस लेने की प्रक्रिया की जटिलता के कारण क्लीनिक के संचालन में खासी दिक्कत खड़ी होती थी।

### प्रक्रिया से मिली निजात

बायो मेडिकल वेस्ट लाइसेंस लेने की प्रक्रिया की जटिलता के कारण क्लीनिक के संचालन में खासी दिक्कत खड़ी होती थीं। इस विषय को उठाने एवं समाधान की दिशा में भाजपा चिकित्सा प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक डॉ. विशाल बघेल की विशेष भूमिका रही। यह निर्णय सराहनीय है, इससे चिकित्सकों को अनावश्यक प्रक्रियाओं से राहत मिलेगी। डॉ. हरेंद्र सिंह भदौरिया, जिला सह-संयोजक, भाजपा चिकित्सा प्रकोष्ठ

## भोपाल के लिए अलग नीति पैमाना और प्राथमिकता हो

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

केंद्रीय आवासन एवं शहरी कार्य मंत्री मनोहर लाल खट्टर द्वारा अर्बन चैलेंज फंड की ऑपरेशनल गाइडलाइन्स तथा क्रेडिट रिपेमेंट गारंटी सब-स्कीम के लॉन्च के दौरान क्रेडाई भोपाल के अध्यक्ष मनोज मीक ने वर्चुअल बैठक में भाग लेकर राजधानी भोपाल के लिए विशेष कैपिटल रिडेवलपमेंट पैकेज की आवश्यकता को पुनः लिखित रूप से प्रस्तुत किया। बैठक में मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने भी वीडियो संदेश के माध्यम से सहभागिता की जबकि राज्य के नगरीय विकास मंत्री कैलाश विजयवर्गीय भी चर्चा में शामिल हुए। इसी सत्र में लेटर ऑफ इंटेंट की ई-साइनिंग प्रक्रिया भी निर्धारित की गई।

■ अर्बन चैलेंज फंड लॉन्च के साथ भोपाल के लिए विशेष कैपिटल

### बीएमएचआरसी में स्वच्छता पखवाड़े का समापन

## स्वच्छता के साथ ही 'विकसित भारत-स्वच्छ भारत' का सपना होगा साकारः डॉ. मनीषा



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

'स्वच्छता ही सेवा 2026' अभियान के अंतर्गत बीएमएचआरसी में एक अप्रैल से 15 अप्रैल तक आयोजित स्वच्छता पखवाड़े का समापन किया गया। समापन समारोह में संस्थान की प्रभारी निदेशक डॉ. मनीषा श्रीवास्तव ने कहा कि स्वच्छता पखवाड़े के दौरान कुल 15 विविध गतिविधियों का आयोजन किया गया, जिनमें योग शिविर, वृक्षारोपण, स्वच्छता श्रमदान एवं जन-जागरूकता कार्यक्रम प्रमुख रहे। पखवाड़े की शुरूआत 1 अप्रैल को स्वच्छता शपथ के साथ हुई, जिसमें अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने कार्यस्थल को स्वच्छ रखने का संकल्प लिया। उन्होंने बताया कि अभियान के अंतर्गत सीएम राइज स्कूल, करोंद में विद्यार्थियों को स्वच्छता के प्रति जागरूक करने हेतु विशेष कार्यक्रम आयोजित किए गए।

### ग्रेज्युटी, पेंशन, लिविंग प्लेसमेंट, जीपीएफ व अन्य राशि का भुगतान जल्द

## निगम में 36 लोगों को मिलेगी अनुकंपा नियुक्ति 200 से अधिक प्रकरणों में कार्रवाई होगी पूरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

नगर निगम के मुख्यालय भवन में बुधवार को नगरीय प्रशासन विभाग के आदेश पर पेंशनर्स व अन्य कर्मचारियों की समस्याओं के निवारण के लिए शिविर का आयोजन किया गया। इसमें लंबे समय से पेंडिंग अनुकंपा के मामलों में कार्रवाई पूरी करवाई गई। इसके तहत 36 लोगों को नगर निगम भोपाल में अनुकंपा नियुक्ति का रास्ता साफ हो गया। इनके नियुक्ति के आदेश जल्द होंगे। इसी तरह लेखा विभाग द्वारा जरूरी कार्रवाई के बाद ग्रेज्युटी, पेंशन, लिविंग प्लेसमेंट, जीपीएफ व अन्य राशि का भी भुगतान किया जाएगा।

उक्त शिविर में अनुकंपा नियुक्ति, पेंशन प्रकरण, बीमा सह बचत योजना एवं समूह बीमा योजना के लंबित प्रकरणों की सुनवाई कर निराकरण किया गया। संचालनालय नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग को नगरीय निकायों में लंबित पेंशन, बीमा तथा अनुकंपा नियुक्ति के मामलों में सेवानिवृत्त कर्मचारियों एवं दिवंगत कर्मचारियों के परिजनों को समय पर लाभ नहीं मिलने की शिकायतें लगातार मिल रही थीं इसलिए इनके निराकरण को लेकर विशेष शिविर आयोजित करने के निर्देश दिए गए थे। शिविर की पूर्व सूचना सेवानिवृत्त कर्मचारियों एवं दिवंगत कर्मचारियों के परिजनों को विभिन्न माध्यमों से दी गई। बडी संख्या में निगम के पूर्व कर्मचारी जरूरी दस्तावेजों के साथ शिविर में पहुंचे और उनकी कागजी कार्रवाई पूरी करवाई गई। शिविर में निगम के अपर आयुक्त वरुण बड़ेरिया, उपायुक्त चंचलेश गिरहारे, बशारत मोहम्मद खान, प्रभारी सहायक अधीक्षक, सामान्य प्रशासन विभाग, मृणाल खरे, प्रभारी अधिकारी, पेंशन शाखा मुन्नालाल सरवैया, प्रभारी सहायक अधीक्षक, स्वास्थ्य विभाग तथा मध्य प्रदेश नगर निगम नगर पालिका कर्मचारी संघ के प्रदेश अध्यक्ष सुरेंद्र सिंह सोलंकी मौजूद रहे।




### निर्भया आश्रय गृह में हुई अनोखी शादी, विदा हुई दुल्हन

## मुस्लिम दंपती ने किया कन्यादान, रीति रिवाज से पूजा का विवाह हुआ संपन्न

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

पिछले डेढ़ साल से प्रोफेसर कॉलोनी स्थित निर्भया आश्रय गृह में रहने वाली पूजा राजपाली बुधवार को आश्रम से विदा हो गई। इसके पहले निर्भया फाउंडेशन के अध्यक्ष अफजल शेर खान और उनकी पत्नी आश्रम की डायरेक्टर समर खान ने पूजा का बेटी की तरह कन्यादान किया। मुस्लिम दंपति इसके पहले भी सात युवतियों का कन्यादान कर चुके हैं। इस मौके पर दमोह से आई बारातियों का अफसरों ने स्वागत किया। इसके बाद बारातियों को व्यंजन परोसे गए। भोपाल।

आश्रय गृह में इस शादी को लेकर पिछले एक महीने से तैयारियां चल रही थीं। दो दिन पहले हल्दी, महंदी और संगीत के बाद बुधवार को बारात आगमन के साथ सात फेरे भी लिए गए। इस मौके पर आश्रय गृह की युवतियों और महिलाओं ने पूजा को नम आंखों से विदा किया। इस अवसर पर मुब्सिरा खान ने मौसी की भूमिका निभाते हुए दुल्हन को चांदी की बिछिया पहनाकर दूल्हे को सूट और चांदी का सिक्का भेंट किया। आश्रय गृह की डायरेक्टर समर खान ने बताया कि आश्रय गृह की बेटी पूजा के जीवन की नई शुरूआत की खुशियां पूरे परिवार की तरह मनाई गईं।



### बारातियों को परोसे व्यंजन

आश्रम में शादी को सजाया गया था। इसके साथ बारातियों और मेहमानों के लिए लजीज व्यंजन भी बनाए गए थे। जिन्हें बारातियों और मेहमानों को परोसा गया। आश्रम की डायरेक्टर समर खान का कहना है कि हमारा प्रयास है कि यहां रहने वाली युवतियों और महिलाओं को घर परिवार मिलने के साथ वह आत्मनिर्भर भी बनें।

### नियुक्ति दिनांक से वरिष्ठता और टीईटी मुद्दे पर सीएम का सकारात्मक रुख

# प्रदेश लाखों शिक्षकों को बड़ी राहत, सरकार लगाएगी सुप्रीम कोर्ट में रिव्यू पिटीशन



**हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल**

मध्य प्रदेश के शिक्षा जगत में पिछले कई वर्षों से चला आ रहा 'नियुक्ति दिनांक से वरिष्ठता' और शिक्षक पात्रता परीक्षा (टीईटी) का गतिरोध अब सुलझता नजर आ रहा है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के साथ आज हुई एक उच्च स्तरीय बैठक के बाद राज्य सरकार ने स्पष्ट संकेत दिए हैं कि वह शिक्षकों के हितों की रक्षा के लिए हर संभव कदम उठाएगी।

बुधवार शाम करीब 7:30 बजे मुख्यमंत्री निवास पर आयोजित इस महत्वपूर्ण बैठक में मध्य प्रदेश शिक्षक संघ और भारतीय मजदूर संघ के प्रतिनिधिमंडल ने हिस्सा लिया। चर्चा का मुख्य एजेंडा शिक्षकों की लंबे समय से लंबित मांगें थीं, जिनमें नियुक्ति की तारीख से वरिष्ठता का निर्धारण और टीईटी से जुड़ी विसंगतियां शामिल रहीं।

बैठक में मुख्य रूप से डॉ. क्षत्रवीर सिंह राठौर (प्रदेश अध्यक्ष, मध्य प्रदेश शिक्षक संघ), कुलदीप सिंह गुर्जर (प्रदेश महामंत्री, भारतीय मजदूर संघ) मौजूद रहे। बैठक के दौरान मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने शिक्षकों को आश्वस्त करते हुए एक बड़ी घोषणा की कि सरकार इस मामले में माननीय सर्वोच्च न्यायालय में 'रिव्यू पिटीशन' (पुनर्विचार याचिका) दाखिल करेगी। उन्होंने कहा, हमारी सरकार शिक्षकों के कल्याण के प्रति पूरी तरह संवेदनशील है। हम यह सुनिश्चित करेंगे कि न्याय की प्रक्रिया में किसी भी शिक्षक के साथ अन्याय न हो। सरकार का दृष्टिकोण हमेशा सकारात्मक रहेगा।

**आंदोलन की राह थमी, समाधान की उम्मीद जगी**

बैठक के सकारात्मक परिणामों को देखते हुए शिक्षक संगठनों ने प्रदेश के लाखों शिक्षकों से धैर्य बनाए रखने की अपील की है। प्रतिनिधिमंडल ने साफ किया कि सरकार अब इस मुद्दे पर रक्षात्मक होने के बजाय सक्रिय रूप से समाधान की ओर बढ़ रही है। सरकार ने ठोस कदम उठाने का भरोसा दिया है, इसलिए वर्तमान में किसी भी प्रकार के विरोध प्रदर्शन या आंदोलन की आवश्यकता नहीं है।




### 24 अप्रैल से रुड़की में होने वाले अंतरराष्ट्रीय सेमिनार पर चर्चा

# स्वदेशी जागरण मंच का स्वावलंबन और ऊर्जा संरक्षण पर जोर

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल**

राजधानी के 74 बंगल स्थित स्वदेशी जागरण मंच के क्षेत्रीय कार्यालय डी-7 में बुधवार को एक बैठक आयोजित की गई, जिसमें कार्यकर्ताओं एवं प्रबुद्धजनों ने भाग लिया। अखिल भारतीय सह-संगठक सतीश कुमार ने स्वावलंबन और संगठन विस्तार पर बल दिया। बैठक में साकेत राठौर, सुधीर दाते, केशव दुबोलिया, सीमा भारद्वाज व शोभराज सुखवानी सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे। बैठक में "समृद्ध एवं महान भारत 2047" के लक्ष्य पर चर्चा की गई। साथ ही 24 अप्रैल से रुड़की में स्वदेशी शोध संस्थान द्वारा आयोजित अंतरराष्ट्रीय सेमिनार की जानकारी दी गई, जिसमें देशभर के प्रोफेसर एवं शोधकर्ता सहभागिता करेंगे। बैठक में 'स्वदेशी ऊर्जा आत्मनिर्भर अभियान' प्रारंभ करने की घोषणा करते हुए पेट्रोल, डीजल व गैस की बचत तथा पीएनजी, सोलर व इलेक्ट्रिक साधनों के उपयोग को बढ़ावा देने का आह्वान किया गया। संवाद कार्यक्रम में सभी ने घर पर स्व से शुरुआत की, कैसे ऊर्जा बचाकर गैस पर निर्भरता कम कर रहे, सोलर एनर्जी, इंडक्शन से कार्य कर रहे, इसकी जानकारी दी। अंत में महाकौशल प्रांत के पांढुर्णा जिले में 17 से 26 अप्रैल तक आयोजित स्वदेशी मेले के ब्रोशर का विमोचन किया गया। इस दौरान संजीव शर्मा, शांतनु शर्मा, सतीश विश्कर्मा, दीपक वर्मा, अरविंद विश्वरूपा, साधना शर्मा, दीपा शर्मा, निवेदिता व्यास, सुनीता जैन, प्रज्ञा सेन, संगीता मानकर आदि मौजूद रहे।




### कृषि मंत्री कंषाना के प्रयासों से बड़ा निर्णय

# आत्मा योजना के संविदा कर्मचारियों की समकक्षता निर्धारण संबंधी आदेश जारी

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल**

मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव द्वारा 30 जनवरी को दशहरा मैदान में आयोजित संविदा महासम्मेलन में की गई घोषणाओं पर अमल के क्रम में कृषि विभाग द्वारा सब मिशन ऑन एग्रीकल्चर एक्सटेंशन आत्मा योजनान्तर्गत कार्यरत संविदा कर्मचारियों की समकक्षता निर्धारण संबंधी आदेश जारी कर दिया गया है। यह निर्णय सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा जारी संविदा नीति 2023 के अंतर्गत लिया गया है, जिससे कृषि विभाग के संविदा कर्मचारियों को सामाजिक सुरक्षा एवं सेवा लाभ प्राप्त होने का मार्ग प्रशस्त हुआ है। भारतीय मजदूर संघ के प्रांतीय महामंत्री कुलदीप सिंह गुर्जर के कुशल नेतृत्व में कृषि तकनीकी संविदा कर्मचारी संघ की लंबित मांग अनुसार संविदा महासम्मेलन में मुख्यमंत्री द्वारा की गई घोषणा को अमलीजामा पहनाने कृषि मंत्री ऐदल सिंह कंषाना ने विशेष पहल की। इस कर्मचारी हितैषी निर्णय पर कृषि तकनीकी संविदा कर्मचारी संघ के प्रदेश अध्यक्ष डॉ बैजनाथ सिंह यादव ने मुख्यमंत्री, कृषि मंत्री एवं भारतीय मजदूर संघ के महामंत्री कुलदीप सिंह गुर्जर का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इन सभी के सतत प्रयासों और सकारात्मक संविदा कर्मचारियों को लाभ मिलेगा। संघ द्वारा मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव एवं कृषि मंत्री ऐदल सिंह कंषाना तथा भारतीय मजदूर संघ के महामंत्री कुलदीप गुर्जर के साथ-साथ किसान कल्याण तथा कृषि विकास विभाग के प्रमुख सचिव निशांत वरवड़े का भी धन्यवाद ज्ञापित किया गया। संघ ने कहा कि समकक्षता निर्धारण होने से कृषि विभाग के संविदा कर्मचारियों को सामाजिक सुरक्षा, सेवा स्थिरता एवं भविष्य में अन्य सुविधाओं का लाभ प्राप्त होगा।

### प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष ने सीएम को लिखा पत्र

# ई-उपार्जन पोर्टल में 'सैटेलाइट सत्यापन' की त्रुटियों से किसान

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल**



मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जीतू पटवारी ने मुख्यमंत्री को पत्र के माध्यम से प्रदेश के किसानों की गंभीर समस्या को उठाते हुए कहा कि वर्तमान में किसानों के साथ जो अन्याय हो रहा है, वह केवल प्रशासनिक विफलता नहीं, बल्कि सरकार की कथित "किसान हितैषी" नीतियों की सच्चाई को उजागर करता है। उन्होंने केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान पर निशाना साधते हुए कहा कि प्रदेश के विभिन्न जिलों, विशेष रूप से विदिशा जो शिवराज सिंह चौहान जी का क्षेत्र है अन्य क्षेत्रों से जो तथ्य सामने आए हैं, वे अत्यंत चिंताजनक हैं अकेले विदिशा जिले में 6437 का "सैटेलाइट सर्वे" फेल कर दिया गया है, जबकि वास्तविकता यह है कि किसानों ने अपने खेतों में गेहूं, चना, मसूर जैसी फसलें बोई हैं, लेकिन पोर्टल पर गलत जानकारी दर्ज होने के कारण उन्हें खरीदी प्रक्रिया से बाहर कर दिया गया है।

### भारतीय शिक्षण मंडल के स्थापना दिवस पर

# भारतीय शिक्षा विश्व कल्याण का माध्यम बनेगीः शंकरानन्द




**हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल**

भारतीय शिक्षा भविष्य में विश्व कल्याण का माध्यम बनने वाली है। युद्धों और हिंसा से विश्व को मुक्त कराना है तो वह भारत के द्वारा और भारतीय शिक्षा के माध्यम से ही होगा। यह बात भारतीय शिक्षण मंडल के अखिल भारतीय संगठन मंत्री बी. आर. शंकरानन्द ने कही। वे भारतीय शिक्षण मंडल के 57वें स्थापना दिवस पर भोपाल महानगर द्वारा आयोजित कार्यक्रम में 'शिक्षा में संस्कार : राष्ट्र निर्माण का आधार' विषय पर मुख्य वक्ता के रूप में संबोधित कर रहे थे। बुधवार को समन्वय भवन में इस आयोजन के मुख्य अतिथि खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री गोविंद सिंह राजपूत एवं विशिष्ट अतिथि भारतीय शिक्षण मंडल के अखिल भारतीय प्रचार प्रमुख डॉ. संजय पाठक थे।

भारतीय शिक्षण के प्रांत अध्यक्ष डॉ हरिहर वसंत गुप्ता एवं उपाध्यक्ष डॉ परिमला त्यागी भी मौजूद थीं। शंकरानन्द ने कहा कि 190 वर्षों से शिक्षा के क्षेत्र में हम गलत दिशा में चल रहे हैं। अब हमें अपने मार्ग पर चलना है और समाज को भ्रमित दिशा से बाहर निकालना है।



## जैकेट का शेष...

### मुख्यमंत्री ने कहा ...

सम्मानित कर उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। मुख्यमंत्री ने कहा कि सम्मानित छात्राओं ने न केवल अपनी मेहनत से प्रदेश का नाम रोशन किया, बल्कि अन्य बेटियों के लिए प्रेरणा भी बनी। सम्मेलन को संबोधित करते हुए महिला एवं बाल विकास मंत्री निर्मला भूरिया ने कहा कि नारी शक्ति वंदन अधिनियम के लागू होने से महिलाओं को राजनीति और निर्णय प्रक्रिया में अधिक अवसर मिलेंगे। सम्मेलन में मुख्य सचिव अनुराग जैन, मंत्री निर्मला भूरिया, कृष्णा गौर, प्रतिमा बागरी, राधा सिंह, संपतिया उइके, महापौर मालती राय, विधायक अर्चना चिटनीस, सागर सांसद लता वानखेड़े, महिला मोर्चा की प्रदेश अध्यक्ष अश्विनी परांजपे और शिक्षाविद् शोभा पैठणकर सहित अनेक जनप्रतिनिधि एवं वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे। मंत्री कृष्णा गौर ने कहा कि वर्तमान में लोकसभा में मात्र 14 प्रतिशत और मध्य प्रदेश विधानसभा में केवल 11 प्रतिशत महिलाएं हैं।

### सरकारी स्कूल निजी स्कूलों से ...

हुई, जिसमें 8 लाख 97 हजार विद्यार्थी शामिल हुए। परीक्षा में सम्मिलित होने वाले 69.31 प्रतिशत छात्र और 77.52 प्रतिशत छात्राएं उत्तीर्ण हुई हैं। वहीं कक्षा 12वीं की परीक्षा में 6 लाख 89 हजार 746 विद्यार्थी शामिल हुए थे। इस वर्ष 72.39 प्रतिशत छात्र और 79.41 छात्राओं को सफलता मिली है। यहां भी बेटियों ने ही फिर बाजी मारी है।

### 10 वीं प्रतिभा ...

गुनौर की छात्रा प्रतिभा सिंह सोलंकी ने प्रथम स्थान हासिल किया है। इन्हें कुल 500 परीक्षांक में से 499 अंक मिले हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रतिभा के रूप में पन्ना जिले से एक और हीरा निकला है। मुख्यमंत्री ने प्रतिभा को बधाई दी।

**दसवीं में 378 और बारहवीं में 221 विद्यार्थी मेरिट में शामिल :** दसवीं की मेरिट में 378 विद्यार्थियों ने अपना स्थान बनाया है, जिसमें 235 छात्राएं और 143 छात्र हैं। प्राइवेट स्कूलों में भी बेटियों ने ही बेटों से अधिक अंक हासिल किए हैं। 12वीं परीक्षा की मेरिट सूची में 221 विद्यार्थियों ने जगह बनाई है। इसमें 158 छात्राएं और 63 छात्र हैं।

### रीजन वाइज ...

पास प्रतिशत के साथ टॉप 5 रीजन में अपनी जगह बनाई।

| क्रम | स्कूल कैटेगरी | पास प्रतिशत |
|---|---|---|
| 1 | केंद्रीय विद्यालय | 99.57% |
| 2 | जवाहर नवोदय विद्यालय | 99.42% |
| 3 | सेंट्रल तिब्बतन स्कूल | 97.42% |
| 4 | निजी स्कूल | 93.77% |
| 5 | सरकारी स्कूल | 91.43% |
| 6 | सरकारी सहायता प्राप्त स्कूल | 91.01% |

### वेदांता पावर प्लांट ...

हैं। हादसे में कुल 36 लोग झुलसे हैं, 18 घायलों का अलग-अलग अस्पतालों में इलाज जारी है। कलेक्टर अमृत विकास तोपनो ने मजिस्ट्रियल जांच के आदेश दिए हैं। वेदांता प्रबंधन ने मृतक परिजन को 35-35 लाख रुपए सहायता राशि और नौकरी देने का ऐलान किया है। घायलों को 15-15 लाख रुपए दिए जाएंगे। इससे पहले पीएमओ ने मुआवजे की घोषणा की थी। पीएमएनआरएफ से हर मृतकों के परिवार वालों को 2 लाख रुपए और घायलों को 50 हजार रुपए दिए जाएंगे। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने घटना पर दुख जताया। उन्होंने कहा कि दोषियों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। साथ ही मृतकों के परिवार वालों को 5-5 लाख रुपए और घायलों को 50 हजार रुपए देने का ऐलान किया।

### महाकाल मंदिर की...

किए हैं। श्रद्धालुओं को जहां सुविधा दी है, तो वहीं निःशुल्क मिलने वाली भस्मारती परमिशन के लिए भी श्रद्धालुओं को 200 रुपए चुकाने होंगे। महाकाल मंदिर में करीब 1700 भस्म आरती की परमिशन रोजाना ऑनलाइन और ऑफलाइन के माध्यम से होती थी। जिसमें 300 परमिशन ऑफलाइन होती थी जिसमें श्रद्धालुओं को एक दिन पहले महाकाल मंदिर के काउंटर पर करीब 5 से 6 घंटे लाइन में लगकर आरती की परमिशन के लिए खड़े होना पड़ता था। अब परमिशन के लिए श्रद्धालुओं घंटों तक खड़ा नहीं रहना पड़ेगा। महाकाल मंदिर समिति ने 9 अप्रैल से ऑफलाइन परमिशन को पूरी तरह से बंद कर दिया है। श्रद्धालु एक दिन पहले होने वाली बुकिंग को तत्काल कोटे का नाम देकर 300 परमिशन एक दिन पहले ऑनलाइन बुक कर सकेंगे।

### वंदे मातरम को नहीं ...

बीच वैमनस्य बढ़ाने और सद्भाव बिगाड़ने) के तहत मामला दर्ज किया है। 8 अप्रैल को नगर निगम के बजट सत्र के दौरान 'वंदे मातरम' गाने को लेकर विवाद हुआ था। फौजिया शेख अलीम ने सभापति से वह नियम या एक्ट दिखाने को कहा, जिसमें इसे अनिवार्य बताया गया हो, कुछ देर बाद वे सदन से बाहर चली गईं। वहीं, रुबीना इकबाल खान के एक बयान से माहौल और तनावपूर्ण हो गया था। दोनों पार्षदों ने अपने रुख को सही ठहराया। रुबीना ने धर्म का हवाला देते हुए कहा कि इस्लाम में इसकी अनुमति नहीं है, हालांकि उन्होंने अपने विवादित बयान पर माफी मांगी। फौजिया ने कहा कि संविधान उन्हें धार्मिक स्वतंत्रता और अभिव्यक्ति की आजादी देता है। किसी को गीत गाने के लिए बाध्य नहीं किया जा सकता। फौजिया ने यह भी आरोप लगाया कि जब वे शहर के मुद्दों (जैसे गंदा पानी) पर बात करना चाह रही थीं, तब भाजपा पार्षदों ने जानबूझकर वंदे मातरम का मुद्दा उठाया।

## पेज एक का शेष....

### लोकसभा में 543 ...

आरक्षण को प्रभावी बनाने की प्रक्रिया शुरू की जाएगी। इस प्रस्ताव के अनुसार लोकसभा की मौजूदा सदस्य संख्या 543 से बढ़ाकर अधिकतम 850 तक करने की योजना है। इसमें राज्यों के लिए 815 सीटें और केंद्र शासित प्रदेशों के लिए 35 सीटें निर्धारित करने का प्रावधान शामिल है। विधेयक के अनुसार अगली जनगणना और उसके बाद होने वाली परिसीमन प्रक्रिया में समय लग सकता है, जिससे महिला प्रतिनिधित्व में देरी हो सकती है। इसलिए मौजूदा जनसंख्या आंकड़ों के आधार पर इस प्रक्रिया को तेज करने का निर्णय लिया गया है, ताकि महिलाओं की भागीदारी जल्द सुनिश्चित की जा सके। सरकार का मानना है कि यह कदम देश की लोकतांत्रिक व्यवस्था को और अधिक समावेशी और प्रतिनिधित्वपूर्ण बनाएगा।

### ईरान युद्ध नहीं ...

कर दिया है। इस बीच पता चला है कि ट्रंप प्रशासन ईरान पर समझौता कराने के लिए दबाव बढ़ाना चाहता है। ट्रंप ने होर्मुज ऑपरेशन के लिए 10 हजार से ज्यादा नाविक, मरीन्स और अमेरिकी एयरफोर्स के जवान को लगाया है।

### होर्मुज की नाकाबंदी ...

जारी रही तो वह लाल सागर, फारस की खाड़ी और ओमान की खाड़ी से होने वाले वैश्विक व्यापार को पूरी तरह रोक देगा। ईरानी सेना के सेंट्रल कमांड सेंटर के प्रमुख अली अब्दुल्लाही ने कहा है कि अमेरिका की नाकाबंदी ईरान के व्यापारिक जहाजों और तेल टैंकरों के लिए असुरक्षा पैदा कर रही है। यह घोषित सीजफायर का उल्लंघन है।

### इजराइल और लेबनान....

कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि हिजबुल्ला को लेकर इजराइल और लेबनान सरकार व्यवहारिक रूप से एक तरफ ही हैं। उन्होंने यह भी संकेत दिया कि भविष्य में दोनों देशों के बीच औपचारिक और मैत्रीपूर्ण संबंध बहाल हो सकते हैं। हालांकि, उन्होंने जोर देकर कहा कि इजराइल की हिजबुल्ला के खिलाफ सैन्य अभियान रोकने की कोई योजना नहीं है।

### कोर्ट समुदाय के...

कि वह अन्य मौलिक अधिकारों का उल्लंघन न करे। धर्म एक समूह या समुदाय की आस्था से जुड़ा है, इसलिए कुछ लोगों (महिलाओं की एंट्री) के अधिकार को पूरे समुदाय के अधिकारों पर हावी नहीं होने दिया जा सकता।
इससे पहले 7 से 9 अप्रैल तक 3 दिन सुनवाई के दौरान भी महिलाओं की एंट्री के विरोध में दलीलें रखी गईं, तब केंद्र सरकार ने कहा था कि देश के कई देवी मंदिरों में पुरुषों की एंट्री भी बैन है, इसलिए धार्मिक परंपराओं का सम्मान किया जाना चाहिए।

बुधवार को एक बार फिर सबरीमाला मामले में सुप्रीम कोर्ट की 9 जजों की बेंच से सुनवाई शुरू की।

### क्या एक ही ....

जीवन शैली बनाते हैं, न कि केवल ईश्वर से संबंध। सिंघवी ने उदाहरण देते हुए कहा कि दिगंबर जैन मुनियों या कुंभ में नग्न नागा साधुओं की परंपरा को सामान्य सामाजिक नैतिकता के आधार पर नहीं परखा जा सकता, क्योंकि यह उनके धर्म का मूल हिस्सा है।

### सीएम चौधरी गृह ....

सम्राट चौधरी के पास गृह समेत 29 विभाग रहेंगे। विजय चौधरी को 10 और बिजेंद्र यादव को 8 विभाग मिले हैं। मंत्रिमंडल विस्तार के बाद यही विभाग बाकी मंत्रियों में बंटेंगे। तब तक तीनों मंत्री ही इनकी जिम्मेदारी संभालेंगे। शपथ के बाद सम्राट ने नीतीश के पैर छुए और उनका आशीर्वाद लिया।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बुधवार को भाजपा के नेता सम्राट चौधरी को बिहार का नया मुख्यमंत्री बनने पर बधाई दी। पीएम मोदी ने विश्वास जताया कि उनके नेतृत्व में बिहार चौतरफा विकास की नई ऊंचाई हासिल करेगा।

### पुलिस ने कोवर्ट ...

हो रही गतिविधियों पर नजर रखी। करीब दो हफ्ते तक चले इस ऑपरेशन में पुलिस को कई अहम जानकारी मिली, जिसके बाद कार्रवाई शुरू की गई। जांच में सामने आया कि कंपनी के कुछ टीम लीडर अपने सहकर्मियों के साथ यौन शोषण, रेप और धर्म परिवर्तन के लिए दबाव बनाने जैसी गतिविधियों में शामिल थे। वॉट्सएप चैट्स के जरिए भी कई सबूत मिले हैं।

जांच में यह भी पता चला कि मलेशिया से जुड़े एक उपदेशक इरमान को वीडियो कॉल के जरिए पीड़ितों से जोड़ा गया था।

गिरफ्तार आरोपियों में आसिफ अंसारी, दानिश, शफी शेख, शाहरुख कुरैशी, रजा मेमन, तौसीफ अत्तर और अश्विन चैनानी शामिल हैं। एचआर मैनेजर निदा खान फरार बताई जा रही है। महाराष्ट्र सरकार के मंत्री गिरीश महाजन ने इस घटना को बेहद दुर्भाग्यपूर्ण बताया है।

### हमने संबंधित कर्मचारियों ....

जांच में पूरा सहयोग किया जा रहा है। टीसीएस की मुख्य परिचालन अधिकारी आरती सुब्रमण्यम ने कहा है कि जो भी दोषी पाए जाएंगे, उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने यह भी कहा कि यदि जरूरत पड़ी तो कंपनी अपनी प्रक्रियाओं में सुधार करेगी और उन्हें सख्ती से लागू किया जाएगा।

साय कैबिनेट की बैठक में बड़ा फैसला

# छग में भी यूनिफार्म सिविल कोड, प्रारूप तैयार करेगी रिटायर जस्टिस की कमेटी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

छत्तीसगढ़ में वर्तमान में विवाह, तलाक, उत्तराधिकार, दत्तक ग्रहण, भरण-पोषण एवं पारिवारिक मामलों से संबंधित विवादों में विभिन्न धर्मों के अनुसार अलग-अलग पर्सनल लॉ लागू हैं। भारतीय संविधान के अनुच्छेद 44 के तहत राज्य को सभी नागरिकों के लिए समान नागरिक संहिता लागू करने का निर्देश दिया गया है। अलग-अलग कानूनों के कारण वैधानिक प्रक्रिया में असमानता उत्पन्न होती है, जिससे न्याय प्रक्रिया जटिल होती है। ऐसे में कानून को सरल, एकरूप और न्यायसंगत बनाने के लिए यूसीसी लागू करना आवश्यक माना जा रहा है, जिससे धार्मिक और लैंगिक समानता को भी बढ़ावा मिलेगा।
मंत्रिपरिषद की बैठक में राज्य के सेवारत सैनिकों, भूतपूर्व सैनिकों एवं उनकी विधवाओं के हित में एक महत्वपूर्ण निर्णय लिया गया, जिसके तहत उन्हें जीवनकाल में एक बार छत्तीसगढ़ राज्य के भीतर 25 लाख रूपए तक की संपत्ति (भूमि या भवन) क्रय करने पर देय स्टाम्प शुल्क में 25 प्रतिशत की छूट प्रदान किया जाएगा। देश सेवा में समर्पित सैनिकों का जीवन प्रायः स्थानांतरण और अस्थायित्व से भरा होता है, जिसके बाद वे स्थायी निवास के लिए संपत्ति क्रय करते हैं, ऐसे में यह निर्णय उन्हें आर्थिक राहत प्रदान करेगा।


यूनियन बैंक ऑफ इंडिया Union Bank of India
भारत सरकार का उपक्रम A Government of India Undertaking

यूनियन बैंक ऑफ इंडिया, क्षेत्रीय कार्यालयः नर्मदापुरम् भूतल, प्लाट नं. 46/4, वार्ड नं. 25, एन.एच. 69, गीता भवन के पास, रसूलिया होशंगाबाद (म.प्र.) 461001

परिशिष्ट - IV क [ नियम 8(6) का परन्तुक देखें ]
**अचल संपत्ति के विक्रय हेतु विक्रय नोटिस**
**प्रतिभूतिहित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 8(6) के परन्तुक के साथ पठित वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुर्नगठन तथा प्रतिभूतिहित का प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के अधीन अचल आस्तियों के विक्रय हेतु ई-नीलामी विक्रय नोटिस**
आम लोगों को तथा विशेष रूप से उधार लेने वाले और प्रत्याभूति-दाता को यह नोटिस दिया जाता है कि नीचे वर्णित अचल संपत्ति जो प्रतिभूत लेनदार के पास गिरवी/प्रभारित है, का कब्जा यूनियन बैंक ऑफ इंडिया (प्रतिभूत लेनदार) के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा लिया गया है, को ''जहां है, जैसा है और जो कुछ भी है'' के आधार पर निम्नवर्णित ऋणियों से यूनियन बैंक ऑफ इंडिया (प्रतिभूत लेनदार) की निम्नवर्णित बकाया राशि की वसूली हेतु दिनांक **30 अप्रैल 2026** को बेचा जाएगा।

| ऋणी (यो)/ बंधककर्ता (ओ)/ जमानतदार (रो) का नाम | अनुसूची (संपत्ति का विवरण) | आरक्षित मूल्य ईएमडी | मांग सूचना अनुसार बकाया राशि |
|---|---|---|---|
| **यूनियन बैंक ऑफ इंडिया (पूर्ववर्ती कार्पोरेशन बैंक) मंडीदीप शाखाः इन्द्रा नगर, एनएच-12, मंडीदीप फोन : 07480-231088** | | | |
| ऋणी- **मेसर्स अग्रता स्पाइसेस** द्वारा- प्रोपराइटर-श्री अमित कुमार श्रीवास्तव जमानतदार- श्री ओमप्रकाश श्रीवास्तव पुत्र भैयालाल | संपत्ति का समस्त भू भाग क्षेत्रफल- 4305.56 वर्गफिट में स्थित खुली डायवर्टेड भूमि स्थित खसरा नं. 129, प.ह.नं. 25/8, वार्ड नं. 3, ग्राम- खिल्लीखेड़ा, विकासखण्ड, औबेदुल्लागंज, तहसील- गौहरगंज, उपजिला एवं जिला- रायसेन में पंजीकृत संपत्ति मालिक- श्री ओमप्रकाश श्रीवास्तव पुत्र श्री भैयालाल चर्तुसीमाएं- उत्तर - श्री हरिनारायण यादव का मकान, दक्षिण- श्री मोहन सिंह यादव का मकान, पूर्व- नाला, पश्चिम- सरकारी रोड | ₹ 11,34,000/- आरक्षित मूल्य का 10% | ₹ 1886230.65 + ब्याज एवं खर्चे मांग सूचना दिनांक 01/07/2019 |

**ई-नीलामी की दिनांक एवं समय : 30-04-2026, दोपहर 12.00 से सायं 5.00 बजे तक** (10 मिनिट के असीमित विस्तार पर)
विक्रय के निबंधन और शर्तों के ब्यौरे के लिए कृपया नीचे दिए यूनियन बैंक ऑफ इंडिया प्रतिभूत लेनदार की वेबसाइट देखें।
https://www.unionbankofindia.bank.in & https://baanknet.com
पंजीयन, लॉगइन एवं नीलामी के नियम हेतु अवलोकन करें- https://baanknet.com
तारीख : 15.04.2026, स्थानः मंडीदीप
प्राधिकृत अधिकारी, यूनियन बैंक ऑफ इंडिया



**कार्यालय नगर पालिका परिषद, मंडीदीप, जिला रायसेन**
दूरभाष एवं फैक्स नंबर 07480-407022, Email : cmomandideep@mpurban.gov.in
क्र. /302/ न.पा.प. / 2026
मंडीदीप, दिनांक 15/04/2026
// **ई- निविदा सूचना** //
निम्नलिखित कार्यो हेतु केन्द्रीयकृत प्रणाली में पंजीकृत निविदादाताओं से ऑनलाईन निविदा अमांत्रित की जाती है। निविदा का विस्तृत विवरण वेबसाईड https://www.mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

| क्र. | निविदा क्रमांक | कार्य का विवरण | अनुमानित लागत | धरोहर राशि | निविदा प्रपत्र का मूल्य | निविदा की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2026_UAD_499887_1 | CONSTRUCTION OF VEGETABEL MARKET (SABJI MANDI) AT WARD NO. 11 MANDIDEEP | 1,02,61,081 | 51,310 | 12,500 | 15 May 2026 05.30 PM |
| 2 | 2026_UAD_499911_1 | DEVELOPMENT AND BEAUTIFICATION WORK AT UNDER BRIDGE SATLAPUR SQUARE WARD NO. 13 MANDIDEEP | 27,78,346 | 20,840 | 5,000 | 14 May 2026 05.30 PM |

1. निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन बेवसाईट https://www.mptenders.gov.in पर ही किया जावेगा, पृथक से समाचार पत्र में नहीं किया जावेगा।

प्रियंका राजेन्द्र अग्रवाल, अध्यक्ष, नगरपालिका परिषद मंडीदीप
पुष्पा प्रेमशंकर साहू, उपाध्यक्ष, नगरपालिका परिषद मंडीदीप
डॉ. प्रशांत जैन, मुख्य नगरपालिका अधिकारी, नगरपालिका परिषद मंडीदीप



हरिभूमि क्लासीफाइड
आवश्यकता है | खरीदना है | बेचना है | व्यापार | चिकित्सा | ज्योतिष | डिस्प्ले विज्ञापन
संपर्क सूत्र : 9407279644 9977912473





छोटा लिंग निराश क्यों? जोश जगा दे धूम मचा दे।





18 से 80 वर्ष तक लाभदायक
लिंग को 8-9 ईन्च लम्बा मोटा, कठोर बनाये। सैक्स टाइम 30 से 45 मिनट बढाएं।
नसों की कमजोरी नामर्दी, धातु का पतलापन, शुगर, बी.पी. में भी जबरदस्त लाभदायक।
घर बैठे मंगवाये। लाभ नही तो पैसे वापिस।
8515825081 9083218330
R- 31/03/26 to 17/05/26 not 03,14/04/26, 01/05/26

हरिभूमि
रनिंग क्लासीफाइड उठावना, शोक संदेश, जन्मदिन, आमसूचना आम/कोर्ट नोटिस

हरिभूमि समाचार ही नहीं, विचार भी **भोपाल बाजार**
विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें मो.9977912473

प्लाट मात्र 3,55,000 हजार में आसान किश्तों पर
साईट:- 220 फिट रिंग रोड न्यू बायपास से लगी हुई डायवर्सन एवं NOC एप्रूव्ड
आफिस इंडिया प्रोपर्टी करोंद भोपाल मो. 7772079910

Medical Help Line
विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें : मो.9407279644





नये दागों का आना तुरन्त बंद
सफेद दाग
सफल ईलाज का 40 वर्षो का अनुभव
Timing 10:30 am to 8:00 pm
Dr. Safi's HOMEOPATHIC CLINIC
कृपया फोन पर अपॉइंटमेंट लें। M : 9425006131, 9827249409
5/4, संजय कॉम्पलेक्स माता मंदिर, टी.टी. नगर भोपाल | सौलत मंजिल पुरानी कजियात के सामने मोती मस्जिद भोपाल



## आवश्यक सूचना

पाठकों से अनुरोध है कि वे समाचार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संबंध में किसी भी प्रकार का कदम उठाने (धन भेजने, लोन संबंधित, चिकित्सकीय सलाह, विवाह संबंधित अथवा अनुबंध) से पहले अच्छी तरह जाँच पड़ताल कर लें। किसी भी उत्पाद या सेवायें के संबंध में किये किसी विज्ञापन दाता के किसी प्रकार के दावों की हरिभूमि की जिम्मेदारी नहीं होगी। प्रकाशक संपादक और हरिभूमि के स्वामी किसी विज्ञापन के संबंध में उठाये किसी कदम के नतीजे और विज्ञापन दाताओं के अपने वायदों पर खरा न उतरने के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।
- व्यावस्थापक


## राशिफल

**मेष** – परिवार में सुख-शान्ति रहेगी। घर-परिवार में धार्मिक कार्य होंगे। भवन के रख-रखाव एवं साज-सज्जा के कार्यों पर खर्च बढ़ेंगे। माता का सानिध्य मिलेगा।

**वृष** – आत्मविश्वास में कमी रहेगी। परिवार के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे। लेखनादि-बौद्धिक कार्यों से आय हो सकती है।

**मिथुन** – मन प्रसन्न तो रहेगा, परन्तु फिर भी आत्मसंयत रहें। नौकरी में कार्यक्षेत्र में परिश्रम अधिक रहेगा। मित्रों का सहयोग मिलेगा। स्वाथ्य का ध्यान रखें।

**कर्क** – फिर भी व्यर्थ के झगड़े एवं विवादों से बचें। पिता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। भाग-दौड़ बढ़ेगी। कारोबार के लिए विदेश यात्रा के योग बन रहे हैं।

**सिंह** – व्यर्थ के क्रोध से बचें। बातचीत में सन्तुलित रहें। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। शैक्षिक कार्यों पर ध्यान दें। व्यवधान आ सकते हैं। आय में कमी आ सकती है।

**कन्या** – संयत रहें। अपनी भावनाओं को वश में रखें। नौकरी के लिए साक्षात्कारादि कार्यों में सफलता मिलेगी। शासन-सत्ता का सहयोग मिलेगा।

**तुला** – पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। शैक्षिक एवं शोधादि कार्यों के लिए किसी दूसरे स्थान पर जा सकते हैं। परिश्रम अधिक रहेगा। खर्चों में वृद्धि होगी।

**वृश्चिक** – संयत रहें। व्यर्थ के क्रोध से बचें। बातचीत में सन्तुलन बनाये रखें। किसी पुराने मित्र से भेंट हो सकती है। घर-परिवार में धार्मिक कार्य हो सकते हैं।


**धनु** – मन में उतार-चढ़ाव रहेंगे। संयत रहें। व्यर्थ के वाद-विवाद से बचें। शैक्षिक कार्यों के सुखद-परिणाम मिलेंगे। पिता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

**मकर** – मन परेशान रहेगा। आत्मसंयत रहें। माता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। लेखनादि-बौद्धिक कार्यों में व्यस्तता बढ़ेगी और आय के साधन भी बनेंगे। खर्च भी बढ़ेंगे।

**कुंभ** – फिर भी धैयशीलता बनाये रखने का प्रयास करें। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। खर्चों की अधिकता रहेगी। धार्मिक संगीत के प्रति रुझान बढ़ सकता है।

**मीन** – वाणी में मधुरता भी रहेगी। परिवार में शान्ति बनाये रखने के प्रयास करें। आय में कमी एवं खर्च अधिक की स्थिति हो सकती है। परिवार का साथ मिलेगा।

## शब्द पहेली - 6197



**बाएँ से दाए**
1. असह्य, नागवार-5
4. कली-3
6. पराया, पंख-2
7. समुद्र-3
8. पिता की बहन-2
10. चौकसी, सुरक्षा-3
11. कृष्ण प्रेमी एक मुस्लिम कवि -4
14. छल, धोखा-3
16. पक्षी, उड़ने वाला-4
17. उम्मीद-2
18. दौरा, पहरेदारी-2
19. धारण करना-4
21. आफत, मुसीबत-3
22. विदिर्ण-2,2
24. प्रकाशित-3
25. बल, जान-2
27. रसदार-3
28. जगत, दुनिया-2
29. नग, मूल्यवान पत्थर-3
30. तृप्त होना-5

**ऊपर से नीचे**
1. जबरन उठा ले जाना-5
2. महोदय (अंग्रेजी-2)
3. नीलिमा-4
4. कुंती पुत्र, राधेय-3
5. वश, अधीन-2
7. संपूर्ण, पूर्ण-2
9. शिकार-3
12. असली, शुद्ध-3
13. हठ करना, रोना -4
15. हारा हुआ, पराजित-3
16. मशवरा, सलाह-4
17. विश्राम-3
18. अभिमान-3
20. भयभीत होना-2,3
21. संभवतः-3
22. टर्पेंटाइन, गंधा बिरोजा-4
23. तरना, स्वीमिंग-3
24. इसे मकड़ी बुनती है-2
26. जी, चित-2
28. संपत्ति-2

शब्द पहेली - 6196 का हल



## सूडोकु नवताल - 6207

★★★★☆ कठिन

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 8 | | | 6 | | | | |
| | | | | | 5 | | | |
| | | 9 | | | | 7 | | 3 |
| | 1 | | | 8 | | | | 2 |
| | | | 7 | | 4 | | | |
| 6 | | | | 3 | | | 8 | |
| 5 | | 7 | | | | 4 | | |
| | | | 8 | | | | | |
| | | | | 1 | | | 6 | |

MANGAL SENACHA, BANGALORE

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

सूडोकु नवताल - 6206 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | 4 | 5 | 3 | 1 | 8 | 7 | 6 | 2 |
| 1 | 8 | 6 | 7 | 2 | 5 | 4 | 9 | 3 |
| 2 | 7 | 3 | 9 | 4 | 6 | 8 | 1 | 5 |
| 6 | 3 | 9 | 1 | 7 | 4 | 2 | 5 | 8 |
| 5 | 2 | 4 | 8 | 9 | 3 | 6 | 7 | 1 |
| 7 | 1 | 8 | 6 | 5 | 2 | 9 | 3 | 4 |
| 4 | 6 | 7 | 5 | 8 | 1 | 3 | 2 | 9 |
| 8 | 9 | 1 | 2 | 3 | 7 | 5 | 4 | 6 |
| 3 | 5 | 2 | 4 | 6 | 9 | 1 | 8 | 7 |

## खबर संक्षेप




### मुथूट फाइनेंस जल्द बीमा कारोबार में उतरेगी

**नई दिल्ली।** मुथूट फाइनेंस ने जीवन एवं साधारण बीमा दोनों क्षेत्रों में बीमा वितरण कारोबार में प्रवेश के लिए बुधवार को शेयरधारकों की मंजूरी मांगी। डाक मतपत्र नोटिस में, मुथूट फाइनेंस ने कंपनी के संविधान में बदलाव करने और इसे कंपनी अधिनियम, 2013 के अनुरूप बनाने के लिए शेयरधारकों की स्वीकृति मांगी है। मुथूट फाइनेंस ने शेयर बाजार को दी सूचना में बताया कि मंजूरी '' कॉरपोरेट एजेंट या बीमा मध्यस्थ के रूप में व्यवसाय तथा गतिविधियों को संचालित और करने के लिए मांगी जा रही है।

### मूर्ति ने सेबी में पूर्णकालिक सदस्य का प्रभार संभाला



**नई दिल्ली।** केवीआर मूर्ति ने बुधवार को भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) के पूर्णकालिक सदस्य का प्रभार संभाल लिया। सेबी ने बयान में कहा कि इस नियुक्ति से पहले, मूर्ति ने रक्षा मंत्रालय में अतिरिक्त रक्षा लेखा महानियंत्रक के तौर पर काम किया था। 'दिल्ली स्कूल ऑफ़ इकॉनमिक्स' से अर्थशास्त्र में स्नात्कोत्तर मूर्ति के पास राष्ट्रीय सुरक्षा, वित्तीय प्रशासन और निगमित कानून में तीन दशक से ज़्यादा का अनुभव है।

### पीटीसी ने सीएमडी पदनाम बदलकर किया एमडी




**नई दिल्ली।** बिजली क्षेत्र की कंपनी पीटीसी इंडिया ने बुधवार को कहा कि उसने मनोज कुमार झावर का पदनाम 'चेयरमैन एवं प्रबंध निदेशक' (सीएमडी) से बदलकर 'प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी' (एमडी एवं सीईओ) कर दिया है। कंपनी ने शेयर बाजार को दी सूचना में कहा कि उसके निदेशक मंडल ने 14 फरवरी को इस बदलाव को मंजूरी दी थी, जिसे 20 मार्च को डाक मतपत्र के माध्यम से शेयरधारकों की स्वीकृति भी मिल गई। इसके बाद 13 अप्रैल, 2026 से पदनाम में यह परिवर्तन प्रभावी हो गया और झावर ने चेयरमैन का पद छोड़ दिया।

# शेयर बाजार से दूरी बना रहे निवेशक, 35 लाख ने एनएसई से तोड़ा नाता

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारतीय शेयर बाजार के लिए वित्त वर्ष 2026 आंकड़ों के लिहाज से काफी निराशाजनक रहा है। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) ने इस साल अपने एक्टिव निवेशकों की संख्या में रिकॉर्ड गिरावट दर्ज की है। पिछले तीन वर्षों में यह पहली बार है जब निवेशकों की संख्या बढ़ने के बजाय घटी है, और यह गिरावट अब तक की सबसे बड़ी गिरावट है। एनएसई के आंकड़ों के मुताबिक, एक्टिव निवेशकों का आंकड़ा 7 प्रतिशत तक गिर गया है। वित्त वर्ष 2025 में एक्टिव अकाउंट्स की संख्या 4.92 करोड़ थी, जो वित्त वर्ष 2026 में घटकर 4.58 करोड़ रह गई है। कुल गिरावट का 70 प्रतिशत हिस्सा यानी करीब 26 लाख अकाउंट्स केवल तीन बड़े डिस्काउंट ब्रोकर्स जेरोधा, एंजेल वन और अपस्टॉक्स के खाते से कम हुए है।

### निवेशकों ने किया गोल्ड की और रुख

कोविड महामारी और उसके बाद का दौर ऐसा था कि शेयर बाजार में जबरदस्त तेजी देखी गई। लेकिन अब पिछले एक साल से सेंसेक्स और निफ्टी उम्मीद के अनुसार नहीं चढ़ पाया। साल 2025 के दौरान सोने में जबरदस्त तेजी देखी गई और निवेशकों ने शेयर बाजार से पैसा निकालकर गोल्ड में लगा दिया। यूक्रेन जंग के डेढ़ महीने पहले जब अमेरिका-इजरायल और ईरान की जंग शुरू हुई तो सेंसेक्स और निफ्टी गिरकर रिकॉर्ड लो लेवल पर आ गया। गिरावट से गुजर रहे बाजार से कुछ निवेशकों ने पिछले एक साल के दौरान मुंह मोड़ लिया।

## एक्टिव निवेशकों की संख्या में रिकॉर्ड गिरावट दर्ज की गई

### अलग-अलग प्लेटफॉर्म को हुआ नुकसान

35 लाख एक्टिव इन्वेस्टर के अलग होने का नुकसान दूसरे प्लेटफॉर्म को भी हुआ है। मिराई एसेट कैपिटल मार्केट ने करीब 2.72 लाख अकाउंट खोए। जबकि एचडीएफसी सिक्यूरिटी और शेयरखान को करीब सवा-सवा लाख खातों का नुकसान हुआ है। मोतीलाल ओसवाल को 1.13 लाख, कोटक सक्योरिटीज ने 1.1 लाख और 5पैसा कैपिटल ने 90,000 से ज्यादा एक्टिव निवेशक खोए हैं।




### गिरावट का कारण क्या है?

बाजार से जुड़े जानकारों का मानना है कि कई कारण एक साथ काम कर रहे हैं। डेरिवेटिव्स (फ्यूचर्स और ऑप्शंस) सेगमेंट में उठाए गए कदम, बाजार में बढ़ रही अस्थिरता और कम एक्टवि रिटेल निवेशकों का बाहर जाना अहम कारण है। कई छोटे निवेशक बाजार के उतार-चढ़ाव को देखकर भी ट्रेडिंग छोड़ रहे हैं।

### ये बाजार बढ़ाने में सफल रहे

कुल हिस्सेदारी में गिरावट आई है, लेकिन कुछ पारंपरिक और नए ब्रोकर मार्केट शेयर बढ़ाने में कामयाब रहे। आईसीआईसीआई सिक्यूरिटीस की हिस्सेदारी 3.96 प्रतिशत से बढ़कर 4.57 प्रतिशत हो गई। एसबीआई सिक्यूरिटीज भी 1.99 प्रतिशत से बढ़कर 2.55 प्रतिशत पहुंच गया। कोटक सिक्यूरिटीज पहले वाले लेवल पर ही बनी हुई है।

## थोक महंगाई उच्च स्तर 3.88 प्रतिशत पर पहुंच गई

# ईंधन की कीमतों में उछाल से मार्च में थोक मुद्रास्फीति 38 माह के उच्च स्तर पर

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

पश्चिम एशिया संकट के बीच ईंधन, बिजली एवं विनिर्मित वस्तुओं की कीमतों में बढ़ोतरी के कारण मार्च में थोक मुद्रास्फीति तीन साल से अधिक यानी 38 माह के उच्च स्तर 3.88 प्रतिशत पर पहुंच गई। बुधवार को जारी सरकारी आंकड़ों से यह जानकारी मिली। थोक मूल्य सूचकांक (डब्ल्यूपीआई) पर आधारित मुद्रास्फीति मार्च में लगातार पांचवें महीने बढ़ी।

> महंगाई मार्च में लगातार पांचवें महीने बढ़ी

प्राथमिक खाद्य पदार्थों की कीमतों में नरमी के बीच मुख्य मुद्रास्फीति में तेजी आई। ऊर्जा की बढ़ती कीमतें अंततः अन्य वस्तुओं की कीमतों पर भी असर डालेंगी, इसलिए आने वाले महीनों में थोक मुद्रास्फीति में और वृद्धि के आसार हैं। थोक मुद्रास्फीति मार्च में वैश्विक जिंस कीमतों में वृद्धि और 28 फरवरी को अमेरिका-इजराइल-ईरान संघर्ष की शुरुआत के बाद से ऊर्जा कीमतों में आए झटके के प्रभाव को दर्शाती है।

## प्राथमिक खाद्य पदार्थों की कीमतों में तेजी आई

### विनिर्माण और खाद्य वस्तुओं की कीमतें बढ़ने से बढ़ी महंगाई

थोक मूल्य सूचकांक (डब्ल्यूपीआई) आधारित मुद्रास्फीति फरवरी में 2.13 प्रतिशत और मार्च, 2025 में 2.25 प्रतिशत थी। उद्योग मंत्रालय ने बयान में कहा कि कच्चे पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस, अन्य विनिर्माण, गैर-खाद्य वस्तुएं, 'मूल धातु', विनिर्माण और खाद्य वस्तुओं की कीमतों में वृद्धि इसकी मुख्य वजह रही।




### विनिर्मित उत्पादों की महंगाई दर 2.92 फीसदी बढ़ी

डब्ल्यूपीआई आंकड़ों के अनुसार, ईंधन व बिजली श्रेणी में मुद्रास्फीति मार्च में बढ़कर 1.05 प्रतिशत हो गई जबकि फरवरी में इसमें 3.78 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई थी। कच्चे पेट्रोलियम में मुद्रास्फीति मार्च में बढ़कर 51.57 प्रतिशत हो गई जबकि पिछले महीने इसमें 1.29 प्रतिशत की गिरावट थी।

### ऊर्जा की कीमतों का असर जिंस पर पड़ेगा

वित्तीय सेवा प्रदाता कंपनी बार्कलेज ने कहा कि वैश्विक ऊर्जा कीमतों के ऊंच स्तर पर बने रहने से धीरे-धीरे अन्य जिंस कीमतों पर असर पड़ता है। हमारा अनुमान है कि भविष्य में थोक महंगाई और बढ़ेगी। खाद्य वस्तुओं की महंगाई दर हालांकि मार्च में घटकर 1.90 प्रतिशत रह गई जो फरवरी में 2.19 प्रतिशत थी।

### सरकार ने कच्चे तेल का बोझ उपभोक्ताओं पर नहीं डाला

सरकार ने 26 मार्च को पेट्रोल तथा डीजल पर उत्पाद शुल्क में 10 रुपये प्रति लीटर की कटौती की थी ताकि ईंधन खुदरा विक्रेता बढ़ी हुई कच्चे तेल की कीमतों का बोझ उपभोक्ताओं पर न डालें। उत्पाद शुल्क में यह कटौती अंतरराष्ट्रीय कच्चे तेल की कीमतों में तेज एवं तीव्र वृद्धि के मद्देनजर की गई जो करीब 70 डॉलर प्रति बैरल से बढ़कर करीब 122 डॉलर प्रति बैरल हो गई थी।

### खुदरा महंगाई में भी वृद्धि दर्ज

इससे पहले जारी आंकड़ों के अनुसार, उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (सीपीआई) आधारित खुदरा महंगाई मार्च में बढ़कर 3.4 प्रतिशत हो गई जो पिछले महीने 3.21 प्रतिशत थी। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने इस महीने की शुरुआत में चालू वित्त वर्ष 2026-27 की अपनी पहली द्वैमासिक मौद्रिक नीति पेश करते हुए प्रमुख नीतिगत दर रेपो को 5.25 प्रतिशत पर यथावत रखा था।

## रिलायंस ज्वेल्स की स्मार्ट अक्षय तृतीया

# सोने और हीरे के गहनों पर आकर्षक ऑफर्स की बौछार

एजेंसी ▶▶| मुंबई

भारत के अग्रणी और भरोसेमंद आभूषण ब्रांड, रिलायंस ज्वेल्स ने इस साल अक्षय तृतीया के पावन अवसर पर परंपरा और आधुनिकता का अनूठा संगम पेश किया है। ब्रांड ने शुभ खरीदारी को स्मार्ट निवेश में बदलते हुए सोने और हीरे के नए विशेष कलेक्शन लॉन्च किए हैं। ग्राहकों के लिए उत्सव को और भी खास बनाने के लिए रिलायंस ज्वेल्स ने बेमिसाल ऑफर्स की घोषणा की है, जिसके तहत सोने के गहनों के मेकिंग चार्ज पर मात्र 9% और हीरे के गहनों के सोने के मूल्य पर 99% तक की भारी छूट दी जा रही है। इसका अर्थ है कि ग्राहकों को मुख्य रूप से केवल हीरों की कीमत चुकानी होगी। यह सीमित समय का ऑफर 19 अप्रैल 2026 तक मान्य है। नए कलेक्शन में विस्तृत श्रृंखला उपलब्ध है। रोज़ाना पहनने के लिए स्लीक फिंगर रिंग्स और स्टड्स से लेकर शादी-ब्याह के लिए भारी झुमकी, चांदबाली और बारीक कारीगरी वाले नेकलेस शामिल हैं।



# अमेरिका-ईरान वार्ता बहाल होने की उम्मीद से शेयर बाजार में तेजी

एजेंसी ▶▶| मुंबई

कच्चे तेल की कीमतों में नरमी और अमेरिका-ईरान के बीच कूटनीतिक वार्ता की उम्मीदों के बीच घरेलू शेयर बाजार बुधवार को बड़ी बढ़त के साथ बंद हुए। सेंसेक्स 1,264 अंक चढ़ गया, जबकि निफ्टी में 389 अंक की तेजी रही। बीएसई का 30 शेयरों पर आधारित मानक सूचकांक सेंसेक्स 1,263.67 अंक चढ़कर 78,111.24 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान यह 1,422.85 अंक चढ़ गया था। वहीं, एनएसई का 50 शेयरों वाला मानक सूचकांक निफ्टी 388.65 अंक यानी 1.63 प्रतिशत बढ़कर 24,231.30 अंक पर बंद हुआ।

सेंसेक्स की कंपनियों में इंटरग्लोब एविएशन (यानी इंडिगो), पावर ग्रिड कॉरपोरेशन, टेक महिंद्रा, टीसीएस और लार्सन एंड टुब्रो प्रमुख रूप से बढ़त में रहीं। दूसरी तरफ, भारती एयरटेल, आईसीआईसीआई बैंक और एक्सिस बैंक के शेयरों में गिरावट रही।वैश्विक तेल मानक ब्रेंट क्रूड पश्चिम एशिया तनाव कम होने के संकेतों के बीच गिरकर 95.74 डॉलर प्रति बैरल के करीब आ गया। तेल कीमतों में गिरावट से भारत जैसे आयात पर निर्भर देश को राहत मिलने की उम्मीद बढ़ी है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा है कि ईरान के साथ युद्ध 'समाप्ति के करीब' है और दोनों देशों के बीच वार्ता फिर शुरू होने की संभावना है।

मीडिया की खबरों के अनुसार, अगले कुछ दिनों में बातचीत का दूसरा दौर हो सकता है। विश्लेषकों के मुताबिक, पश्चिम एशिया में तनाव कम होने के संकेत और कच्चे तेल की कीमतों में गिरावट ने निवेशकों की जोखिम लेने की क्षमता बढ़ाई, जिससे बाजार में खरीदारी लौटी। लाइवलॉन्ग वेल्थ के संस्थापक एवं शोध विश्लेषक हरिप्रसाद के. ने कहा, ''भू-राजनीतिक तनाव में कमी के स्पष्ट संकेतों ने घरेलू बाजार में तेजी को समर्थन दिया।

## कार्यालय न्यायालय विशेष कार्यपालिक मजिस्ट्रेट एवं पुलिस उपायुक्त जोन 01 नगरीय पुलिस भोपाल (म.प्र.)

क्र पुउपा/जोन 02/भो/रीडर/विविध/231/26 दिनांक 02/04/26

:: आम इश्तहार सूचना ::

आम जनता को सूचित किया जाता है कि पुलिस थाना शाहपुरा भोपाल नगरीय पुलिस मे मजिस्ट्रेट भोपाल के आदेश से प्रकरणो मे कुल 10 दो पहिया वाहन जिसमे वाहनो के जप्त थे जिन्हे राजसात कर जप्तसुदा सम्पत्ति के निराकरण के संबंध मे धारा 25 police act में आम नीलामी द्वारा विक्रय किया जाना है। जो थाना प्रांगण के मे रखे हुये है। वाहनो का निवर्तमान अनुमोदित आफमेट मूल्य लोक निर्माण विभाग द्वारा कराया गया है। जिसे आम नीलामी द्वारा विक्रय किया जाना है। निविदाकार वाहनो एंव सम्पत्ति का अवलोकन पूर्व मे या नीलामी के समय कर सकते है बाद मे कोई आपत्ति मान्य नही होगी। नीलामी विक्रय उपरांत पुलिस विभाग का कोई उत्तरदायित्व नही होगा। निविदा की अंतिम प्रक्रिया तक किसी भी बिन्दू पर निर्णय का अंतिम अधिकार कमेटी निर्णय अधिकारी का होगा प्रत्येक निविदाकार को भाग लेने के पूर्व नीलामी स्थल पर 500/- रुपये नगद नामांकन राशि जमा करनी होगी जो वापसी योग्य नही होगी एंव प्राप्त धरोहर राशि को राजकोष में जमा किया जावेगा। उपरोक्त जप्तशुदा वाहन /सम्पत्ति को नियत तिथि दिनांक 17/04/26 को उक जप्तसुदा सम्पत्ति की नीलामी निष्पादित की जायेगी नियत तिथि एंव समय के उपरांत आपत्ति पर कोई विचार नही किया जावेगा।

नीलामी दिनांक 17/04/26 समय 12 बजे स्थान थाना शाहपुरा परिसर नीलामी के संबंध में सम्पर्क मो.न. 7587601391 (आशीष कुमार श्रीवास)

विशेष कार्यपालिक मजिस्ट्रेट
पुलिस उपायुक्त जोन-01
नगरीय पुलिस जोन भोपाल

G-11587/26 " स्वभाव स्वच्छता, संस्कार स्वच्छता "

खंड -1
ई-निविदा आमंत्रण सूचना
मध्यप्रदेश शासन

## कार्यालय - पश्चिम बैतूल (सा.) वनमंडल मध्य प्रदेश

ई-निविदा आमंत्रण सूचना संख्या 04/ई-टेंडरिंग/2026-27 दिनांक 10/04/2026

1. वनमंडलाधिकारी, पश्चिम बैतूल (सा.) वनमंडल द्वारा म.प्र. भंडार क्रय नियम एवं सेवा उपार्जन नियम 2015 (यथासंशोधित-2022) के अंतर्गत निम्नलिखित ई-निविदा आमंत्रित की जाती है।

| क्रं. | सामग्री का विवरण | सामग्री का नाम / स्पेसीफिकेशन | अनुमानित मात्रा | सत्यंकार की निधि (रू में) | निविदा दस्तावेजों का मूल्य |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | गिट्टी | गिट्टी ग्रेनाइट / ब्लैक बेसाल्ट 20 mm | 250 cmt | 8000 | 1000/- |
| 2. | गिट्टी | गिट्टी ग्रेनाइट / ब्लैक बेसाल्ट 40 mm | 150 cmt | 5000 | |

● निविदा दस्तावेज से संबंधित सभी विवरण ई-प्रोक्योरमेंट पोर्टल पर निःशुल्क देखे और डाउनलोड किए जा सकते हैं। ● इच्छुक निविदाकार क्रेडिट/डेबिट/कैश कार्ड/इंटरनेट बैंकिंग के माध्यम से पोर्टल शुल्क का ऑनलाईन भुगतान करने के बाद निविदा दस्तावेज को ई-प्रोक्योरमेंट पोर्टल पर (दिनांक) 16/04/2026 बजे 11:00 AM से निविदा जमा करने की अंतिम तिथि एवं समय तक केवल ऑनलाईन खरीद सकते है। ● निविदा पूर्व बैठक दिनांक 26.04.2026 को सुबह 11.00 बजे, स्थान : वनमंडल कार्यालय पश्चिम बैतूल ● ई-प्रोक्योरमेंट पोर्टल पर महत्वपूर्ण तिथियों के रूप में उल्लिखित निविदा प्रक्रिया तिथियां लागू होंगी। ● ई-निविदा आमंत्रण सूचना में शुद्धिपत्र/ परिशिष्ट यदि कोई हो केवल पोर्टल पर प्रकाशित किया जाएगा समाचार पत्रों में नहीं। ● ई-प्रोक्योरमेंट पोर्टल - https://www.mptenders.gov.in/

वनमंडलाधिकारी
पश्चिम बैतूल (सा.) वनमंडल

G-11597/26 स्वच्छता ही सेवा

## कार्यालय नगर पालिका परिषद, इटारसी जिला नर्मदापुरम्

क्र. / लोक कर्म शाखा/2026/99 इटारसी, दिनांक 15/04/2026

// ई निविदा आमंत्रण सूचना //

निम्नलिखित कार्य हेतु केंद्रीयकृत प्रणाली में पंजीकृत ठेकेदारों से ऑनलाईन निविदाएं आमंत्रित की जाती है। निविदा का विस्तृत विवरण बेवसाईट https:\\www.mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

| क्रं. | टेंडर पोर्टल क्रं. | कार्य का नाम | कार्य की लागत | निविदा प्रपत्र का मुल्य एवं ई.एम.डी. | निविदा की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2026_UAD_500030_1 | नगर इटारसी के कस्तूरबा वार्ड में सरस्वती उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में ट्यूबवेल खनन निर्माण कार्य। (सांसद निधि) | 1,92,075/- | 2000/- 3842/- | 28.04.2026 17:30 |
| 2 | 2026_UAD_500041_1 | नगर इटारसी के आर्य नगर वार्ड में सरस्वती उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में ट्यूबवेल खनन निर्माण कार्य। (सांसद निधि) | 1,92,075/- | 2000/- 3842/- | 28.04.2026 17:30 |
| 3 | 2026_UAD_500051_1 | नगर इटारसी के वार्ड इकबाल गंज में फाईटर फुटबाल क्लब स्टेडियम में शेड निर्माण कार्य। (सांसद निधि) | 4,22,669/- | 2000/- 4230/- | 28.04.2026 17:30 |

नोट- निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाईन की बेबसाईट https:\\www.mptenders.gov.in पर ही किया जावेगा। पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नहीं किया जावेगा।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर पालिका परिषद इटारसी

## आंध्र प्रदेश ने रचा इतिहास

# एसआरएम यूनिवर्सिटी-एपी में भारत की पहली क्वांटम रेफरेंस फैसिलिटी का उद्घाटन

एजेंसी ▶▶| चेन्नई

विश्व क्वांटम दिवस के अवसर पर आंध्र प्रदेश के अमरावती स्थित एसआरएम विश्वविद्यालय-एपी ने एक अभूतपूर्व उपलब्धि हासिल करते हुए देश की पहली और एकमात्र क्वांटम रेफरेंस फैसिलिटी (क्यूआरएफ) की स्थापना की है। इस ऐतिहासिक केंद्र का औपचारिक उद्घाटन आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री एन. चंद्रबाबू नायडू द्वारा किया गया। यह कदम न केवल एसआरएम विश्वविद्यालय के लिए एक गौरवशाली क्षण है, बल्कि भारत को क्वांटम प्रौद्योगिकी के वैश्विक मानचित्र पर स्थापित करने की दिशा में एक निर्णायक मोड़ भी है।

> ■ सीएम चंद्रबाबू नायडू ने किया उद्घाटन

उद्घाटन समारोह को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री नारा चंद्रबाबू नायडू ने इसे तकनीकी संप्रभुता की दिशा में एक बड़ा कदम बताया। उन्होंने कहा, क्वांटम तकनीक भविष्य की सभी अत्याधुनिक तकनीकों की जननी है। भारत में प्रतिभा की कमी कभी नहीं रही, लेकिन वास्तविक हार्डवेयर तक पहुंच का अभाव था। अमरावती में स्थापित यह सुविधा उस अंतर को पाट देगी।" उन्होंने विशेष रूप से इस बात पर जोर दिया कि इस क्वांटम प्रणाली का निर्माण मुख्य रूप से घरेलू आपूर्ति श्रृंखला के माध्यम से किया गया है, जो 'आत्मनिर्भर भारत' और राष्ट्रीय क्षमता का उत्कृष्ट उदाहरण है। इस गरिमामयी कार्यक्रम में भारत सरकार के विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग के सचिव प्रो. अभय करंदीकर, प्रधान वैज्ञानिक सलाहकार प्रो. अजय कुमार सूद (ऑनलाइन) और डीआरडीओ व आईआईटी जैसे प्रतिष्ठित संस्थानों के वैज्ञानिकों ने शिरकत की। आंध्र प्रदेश राज्य क्वांटम मिशन के निदेशक सी.वी. श्रीधर ने स्वागत भाषण में कहा कि यह स्वदेशी सुविधा भारत को क्वांटम अनुसंधान के शीर्ष पांच वैश्विक केंद्रों में शामिल करने का आधार बनेगी।

एसआरएम विश्वविद्यालय-एपी के प्रो-चांसलर डॉ. पी. सत्यनारायणन ने मुख्यमंत्री का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि विश्वविद्यालय अनुसंधान और उद्यमशीलता का प्रमुख केंद्र बनने के लिए प्रतिबद्ध है। कुलपति प्रो. सी. सतीश कुमार ने इसे राष्ट्र के लिए एक परिवर्तनकारी युग की शुरुआत बताया। इस पहल के साथ, एसआरएम एपी अब 'अमरावती क्वांटम वैली' का मुख्य स्तंभ बन गया है, जो 'मेड इन इंडिया' के विजन को वैश्विक स्तर पर मजबूती प्रदान करेगा।

## जाहिर सूचना

**भूखण्ड क्र. 173-ए व भूखण्ड क्र. 174 का अर्द्ध भाग, सूर्या नगर, ग्राम करोंद कलाँ, तह. हुजूर, जिला भोपाल**

मेरे पक्षकार हिन्दुजा हाऊसिंग फाईनेंस लि., शाखा जोन-2, एम.पी. नगर, भोपाल, की ओर से सर्वसाधारण को सूचित हो कि कल्लू खान व मेहफूज खान ने अपनी एक संपत्ति जो कि भूखण्ड क्र. 173-ए व भूखण्ड क्र. 174-ए का अर्द्ध भाग, सूर्या नगर, ग्राम करोंद कलाँ, तह० हुजूर, जिला भोपाल (म.प्र.) में स्थित है, को मेरे पक्षकार बैंक के पास बंधक रखकर ऋण प्राप्त करने हेतु आवेदन किया है। उक्त संपत्ति की कुल नाप 1020 वर्गफिट होकर चतुर्सीमायें पूरब-सड़क, पश्चिम मकान फहीम भाई का, उत्तर अधिवक्ता का खुला प्लॉट व दक्षिण में सड़क है। उक्त संपत्ति श्रीमती रफीका बी को एक विक्रय-पत्र के माध्यम से प्राप्त हुई जिसका इन्द्राज उप-पंजीयक, भोपाल में दि. 09/07/09 को पंजीकृत है। श्रीमती रफीका के इंतकाल पश्चात् उनके वैध वारिसों कल्लू खान एवं मेहफूज खान ने फौती नामांतरण आदेश क्र. 281/अ-6/2024-25 दि. 10-07-2024 के माध्यम से उक्त संपत्ति राजस्व अभिलेखों में अपने नामे दर्ज करवा ली है। इस प्रकार से उक्त संपत्ति पर कल्लू खान व मेहफूज खान का वैधानिक स्वत्व एवं स्वामित्व माना गया है। संपत्ति से संबंधित सभी लिंक दस्तावेज, पावती इत्यादि मेरे पक्षकार बैंक के पास सुरक्षित रखे गए हैं। यदि उक्त सम्पति में किसी भी व्यक्ति, संस्था, बैंक, सोसायटी इत्यादि का किसी भी प्रकार का ऋण, भार, दान, बंधक या कोई हित हो या उक्त संपत्ति पर किसी प्रकार का अनुबंध हो तो, वह व्यक्ति, इस सूचना प्रकाशन के 07 दिवस के अन्दर मेरे कार्यालय में व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होकर लिखित में मय दस्तावेजी प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें। यदि उक्त समयावधि में कोई आपत्ति प्राप्त नहीं होती है तो मेरा पक्षकार उक्त संपत्ति को बंधक रखकर ऋण प्रदान कर देंगे तथा अवधि पश्चात प्राप्त होने वाली कोई भी आपत्ति या विवाद न तो मेरे पक्षकार पर बंधनकारी होगा एवं न ही मान्य होगा।

**अभिषेक पंसारी** अधिवक्ता
कार्यालय, दुकान संख्या 02, जिला बार कैंटीन, अरेरा हिल्स, भोपाल-462011
मो. 9993186085

## कार्यालय सम्पदा अधिकारी

मध्यप्रदेश गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मंडल प्रक्षेत्र - 1, गोमंतिका परिसर, भोपाल

**आम सूचना**

हाउसिंग बोर्ड कालोनी, करौंद बैरसिया रोड, भोपाल में स्थित शेड क्र.-543/ए, मण्डल द्वारा श्रीमती कनीज फातेमा पत्नी श्री जिया उर रहमान के नाम पर आवंटित है, जिसका विक्रय विलेख उप पंजीयक कार्यालय में दिनांक 13.07.2021 को पंजीकृत है। सुश्री कनीज फातेमा का स्वर्गवास दिनांक 24.07.2022 एवं उनके पति श्री जिया उर रहमान का स्वर्गवास दिनांक 17.01.2018 को हो जाने के उपरान्त उनकी पुत्री सुश्री तबस्सुम पुत्री स्व.श्री जिया उर रहमान द्वारा आवेदन, शपथ पत्र, अनापत्ति शपथ पत्र, मृत्यु प्रमाण पत्र, इत्यादि दस्तावेज प्रस्तुत करते हुये उक्त सम्पत्ति अपने नाम से नामांतरण करने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है। उक्त दस्तावेजों के आधार पर उक्त सम्पत्ति का नामांतरण की कार्यवाही की जा रही है। यदि उक्त सम्पत्ति के संबंध में किसी व्यक्ति / उत्तराधिकारी / संस्था / वित्तीय संस्था इत्यादि को कोई आपत्ति हो तो विज्ञप्ति प्रकाशन दिनांक से 15 दिवस के अन्दर लिखित रूप में मय सबूत के साथ इस कार्यालय में उपस्थित होकर प्रस्तुत करें। समयावधि समाप्त होने के पश्चात् कोई आपत्ति स्वीकार नहीं की जावेगी एवं मण्डल नियमानुसार कार्यवाही करने हेतु स्वतंत्र

**सम्पदा अधिकारी**
म.प्र. गृह नि. एवं अधो. वि. म. प्रक्षेत्र-1. भोपाल

## कार्यालय सम्पदा अधिकारी

मध्यप्रदेश गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मंडल प्रक्षेत्र - 1, गोमंतिका परिसर, भोपाल

**आम सूचना**

हाउसिंग बोर्ड कालोनी, करौद बैरसिया रोड भोपाल, में स्थित भवन/भूखण्ड क्रमांक-533/बी. मण्डल द्वारा श्री खेमराज रायकवार आत्मज श्री गणेश प्रसाद रायकवार को आवंटित की गई है, जिसका विक्रय विलेख उप पंजीयक, कार्यालय में दिनांक 07.02.1996 को पंजीकृत है। श्री खेमराज रायकवार द्वारा उक्त संपत्ति सुश्री राजकुमारी देवी गौर पुत्री स्व.श्री बाबूलाल कुदारिया को विक्रय विलेख के माध्यम से विक्रय कर दिया, जिसका विक्रय विलेख उप पंजीयक कार्यालय में दिनांक 11.08.2004 को पंजीकृत है, किन्तु उक्त भवन/भूखण्ड का हस्तांतरण अपने पक्ष में नहीं कराया गया। सुश्री राजकुमारी देवी गौर ने अपने जीवनकाल में पंजीकृत वसीयत के माध्यम से उक्त संपत्ति अपनी बहन के पुत्रगण श्री अपूर्व खजुरिया एवं श्री प्रशांत खजुरिया दोनों आत्मज श्री रामेश कुमार खजुरिया के पक्ष में निष्पारित किया है, उक्त वसीयत उप पंजीयक कार्यालय में दिनांक 13.02.2024 को पंजीकृत है। सुश्री राजकुमारी देवी गौर पुत्री स्व. श्री बाबूलाल कुदारिया का स्वर्गवास दिनांक 21.08.2024 को हो गया है। श्री अपूर्व खजुरिया एवं श्री प्रशांत खजुरिया दोनो आत्मज श्री रामेश कुमार खजुरिया द्वारा आवेदन, शपथ पत्र, वसीयत, मृत्यु प्रमाण पत्र, इत्यादि दस्तावेज प्रस्तुत करते हुये उक्त सम्पत्ति अपने नाम से हस्तांतरण / नामांतरण करने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है। उक्त दस्तावेजों के आधार पर उक्त सम्पत्ति का हस्तांतरण / नामांतरण की कार्यवाही की जा रही है। यदि उक्त सम्पत्ति के संबंध में किसी व्यक्ति / उत्तराधिकारी/संस्था/वित्तीय संस्था इत्यादि को कोई आपत्ति हो तो विज्ञप्ति प्रकाशन दिनांक से 15 दिवस के अन्दर लिखित रूप में मय सबूत के साथ इस कार्यालय में उपस्थित होकर प्रस्तुत करें। समयावधि समाप्त होने के पश्चात् कोई आपत्ति स्वीकार नहीं की जावेगी एवं मण्डल नियमानुसार कार्यवाही करने हेतु स्वतंत्र रहेगा।

**सम्पदा अधिकारी**
म.प्र. गृह नि. एवं अधो. वि. म. प्रक्षेत्र-1. भोपाल

## OFFICE OF THE MUNICIPAL CORPORATION, BHOPAL

**Water Work Department**

Municipal Corporation 4th Floor Head Office Tulsi Ngar, Bhopal
Office Telephone No. 0755-2701669

**NOTICE INVITING e-TENDER**

Online tenders are being invited for the following work from the appropriated firm that Registered in the office of Madhya Pradesh (Central Registration Cell). The tender documents can be obtained online on the website http://mptenders.gov.in as per the Key Dates in the Notice published on the above website and detailed information can also be seen on website http://mptenders.gov.in

Corrigendum for this NIT shall not be issued separately in newspapers. Corrigendum regarding correction can be seen on the website. http://mptenders.gov.in

| S. No. | Tender Call | Tender ID | Details of Work | Estimated Cost (INR) | Earnest Money (EMD) | Bid Submission End Date |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1. | First Call | 2026_UAD_500411_1 | Providing, Laying and Connecting D.I Pipeline of 100 mm Ward No 11 Shahjnabad Sanjay Nagar and Ward 13 PGBT Collage, Teela jamalpura Under Zone 03, Bhopal | 9,68,015.00 | 9,680.00 | 30.04.2026 06:00 PM |

T.N.74/026/027

Executive Engineer
Water Works Department
Municipal Corporation, Bhopal

चिंतन

# महंगाई पर नियंत्रण,जीडीपी ग्रोथ में संतुलन आवश्यक

खाड़ी देशों में बढ़ते भू-राजनीतिक तनाव का असर अब भारतीय अर्थव्यवस्था पर साफ दिखाई देने लगा है। मार्च में थोक महंगाई दर (डब्ल्यूपीआई) का 3.88% तक पहुंच जाना केवल एक सांख्यिकीय वृद्धि नहीं, बल्कि आने वाले समय की आर्थिक चुनौतियों का संकेत है। फरवरी के 2.13% के मुकाबले 1.75% की यह तेज बढ़ोतरी यह दर्शाती है कि महंगाई का दबाव फिर से उभर रहा है। खासतौर पर यह तब और महत्वपूर्ण हो गया है, जब यह आंकड़ा पिछले 38 महीनों के उच्चतम स्तर पर पहुंच गया है। थोक महंगाई दर को अक्सर भविष्य की खुदरा महंगाई का संकेतक माना जाता है। ऐसे में यह स्थिति नीति-निर्माताओं के लिए दोहरी चुनौती लेकर आती है। एक ओर विकास की रफ्तार को बनाए रखना तथा दूसरी ओर महंगाई पर नियंत्रण रखना, इन दोनों में संतुलन बेहद जरूरी है। बढ़ती महंगाई के पीछे प्रमुख कारणों में खाड़ी क्षेत्र का तनाव भी शामिल है। भारत अपनी ऊर्जा जरूरतों के लिए काफी हद तक खाड़ी देशों पर निर्भर है। कच्चा तेल, गैस और उर्वरकों का बड़ा हिस्सा इसी क्षेत्र से आता है। जब इस क्षेत्र में अस्थिरता बढ़ती है, तो वैश्विक बाजार में इन संसाधनों की कीमतों में उतार-चढ़ाव आता है, जिसका सीधा असर लागत और महंगाई पर पड़ता है। हालांकि, इस चुनौती के बीच भारत के लिए अच्छी बात यह है कि विभिन्न अंतरराष्ट्रीय रेटिंग एजेंसियों ने सकारात्मक संकेत दिए हैं। भारत की सबसे बड़ी ताकत उसकी विशाल जनसंख्या और मजबूत घरेलू मांग है। देश में उत्पादित वस्तुओं की खपत करने की क्षमता ही विकास के पहिए को निरंतर गति देती है। यही कारण है कि वैश्विक अनिश्चितताओं के बावजूद भारत अपेक्षाकृत स्थिर बना रहता है। इसके अलावा, भारत ने हाल के वर्षों में अपने आयात और निर्यात के क्षेत्र में उल्लेखनीय विविधिकरण किया है। खाड़ी देशों पर निर्भरता कम करने के प्रयासों के तहत भारत ने अफ्रीका, यूरेशिया और अन्य उभरते बाजारों की ओर रुख किया है। इससे न केवल ज्वेलरी जैसे भारतीय उत्पादों को नए बाजार मिले हैं, बल्कि ऊर्जा और उर्वरक जैसे आवश्यक संसाधनों के लिए वैकल्पिक स्रोत भी विकसित हुए हैं। यह रणनीति लंबे समय में भारत को वैश्विक झटकों से बचाने में सहायक साबित हो सकती है। खाड़ी क्षेत्र में किसी भी तरह की बड़ी अस्थिरता का असर तुरंत वैश्विक तेल कीमतों पर पड़ता है। यदि कच्चे तेल की कीमतें लगातार बढ़ती हैं, तो इसका असर परिवहन, उत्पादन और अंततः हर उपभोक्ता वस्तु की कीमत पर पड़ता है। यही 'कॉस्ट-पुश इंफ्लेशन' का सबसे बड़ा खतरा है। बता दें कि मार्च 2026 में 3.88% की वृद्धि का मुख्य कारण कच्चा तेल और प्राकृतिक गैस की कीमतों में तेज वृद्धि है। इस अवधि में ब्रेंट क्रूड की कीमतों में लगभग 45% और प्राकृतिक गैस में 69% तक का उछाल देखा गया। हालांकि अब अमेरिका और ईरान के बीच वार्ता शुरू होने और युद्ध बंद होने के बाद दोनों देशों ने दोबारा वार्ता शुरू करने और युद्ध नहीं करने की इच्छा जताई है। देर से ही सही, दोनों देश किसी न किसी अंतरिम समझौते पर पहुंच ही जाएंगे। यह दुनिया को राहत देने वाला होगा। इससे तेल की कीमतों में नरमी आएगी और देश में तेल महंगा नहीं होगा। महंगाई को नियंत्रित करने में मदद मिलेगी। खाड़ी तनाव के इस दौर में भारत के सामने चुनौती जरूर है, लेकिन उसकी आर्थिक नीतियों की मजबूती, विविधीकरण की रणनीति और घरेलू मांग की ताकत यह भरोसा भी दिलाती है कि देश इस परीक्षा से पार पा सकता है। जरूरत सिर्फ संतुलन, सतर्कता और सही दिशा में निरंतर प्रयास की है।

तकनीक
डॉ. जयंतीलाल भंडारी



# सेमीकंडक्टर से विकास व एआई युद्ध क्षमता जरूरी

यकीनन इस समय अमेरिका, रूस और चीन जैसे देश तेज विकास के साथ आर्टिफिशिएल इंटेलीजेंस (एआई) युद्ध क्षमता बढ़ाने के लिए लगातार उन्नत सेमीकंडक्टर (चिप्स) का उपयोग कर रहे हैं। ऐसे में इस समय जब भारत की सीमाएं खासतौर से पाकिस्तान और चीन से बढ़ती भूराजनीतिक चुनौतियों के मद्देनजर पहले से अधिक असुरक्षित और संवेदनशील हो गई हैं, तब भारत को भी उन्नत सेमीकंडक्टर के उपयोग से दुनिया की आर्थिक शक्ति बनने के साथ एआई युद्ध क्षमता सहित परमाणु सैन्य शक्ति बनने की राह पर तेजी से आगे बढ़ना होगा। वस्तुतः ऐसा करना एक बड़ी चुनौती है, लेकिन यह समय भारत के द्वारा इस चुनौती को अवसर में बदलने का समय है। यह महत्वपूर्ण है कि सेमीकंडक्टर चिप्स महज अर्थव्यवस्था के लिए विकास का आधार ही नहीं है, वरन् आधुनिकतम एआई हथियारों की रीढ़ भी है। ये चिप्स हथियारों को सटीक, तेज और स्मार्ट बनाती हैं, जिससे परांपरिक युद्ध अब डिजिटल युद्ध में बदल रहा है। गौरतलब है कि तेज विकास के साथ मजबूत एआई आधारित आधुनिक रक्षा क्षमता के मद्देनजर भारत सेमीकंडक्टर के क्षेत्र में तेजी से आगे बढ़ रहा है। हाल ही में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुजरात के साणंद में केन्स सेमीकॉन के 'आउटसोर्स्ड सेमीकंडक्टर' संयंत्र का उद्घाटन किया। यहां प्रतिदिन लगभग 63 लाख चिप्स मॉडयूल्स की असेंबली, पैकेजिंग और टेस्टिंग होगी।

भारत सक्रिय रूप से एक मज़बूत सेमीकंडक्टर तंत्र का निर्माण कर रहा है और साथ ही कच्चे माल के लिए एक लचीली आपूर्ति श्रृंखला स्थापित करने के लिए महत्वपूर्ण प्रयास कर रहा है। गौरतलब है कि जैसे-जैसे डिजिटलाइजेशन और ऑटोमेशन की रफ्तार बढ़ रही है, वैसे-वैसे सेमीकंडक्टर की उपयोगिता बढ़ रही है। सेमीकंडक्टर उद्योग आधुनिक डिजिटल अर्थव्यवस्था का एक महत्वपूर्ण स्तंभ है, जो स्मार्टफोन से लेकर कारों और महत्वपूर्ण बुनियादी ढांचे तक हर चीज का आधार है। सेमीकंडक्टर की दुनिया में अक्सर कहा जाता रहा है कि तेल काला सोना है, लेकिन आज चिप डिजिटल हीरे के रूप में अहमियत प्राप्त कर रही है। जहां तेल ने पिछली सदी में तेल के कुओं वाले खासतौर से खाड़ी देशों को समृद्धि की चमक दी, वहीं वैश्विक अर्थव्यवस्था में उतार-चढ़ाव इस बात पर निर्भर करता रहा है कि तेल कुओं से कितना पेट्रोलियम निकाला गया। अब 21वीं सदी की शक्ति छोटी चिप में केंद्रित है। निसंदेह देश और दुनिया भर में सेमीकंडक्टर का बाजार तेजी से बढ़ रहा है। फार्चुन बिजनेस इन साइट्स के मुताबिक वर्ष 2025 में वैश्विक सेमीकंडक्टर बाजार करीब 755 अरब डॉलर का है, जो तेजी से बढ़कर 2032 तक 2062 अरब डॉलर के स्तर पर होगा। भारत में सेमीकंडक्टर का बाजार 2025 में करीब 54 अरब डॉलर का था। अनुमान है कि साल 2030 तक यह 110 अरब डॉलर तक पहुंच जाएगा। यदि हम दुनिया में सेमीकंडक्टर उद्योग के उत्पादन बाजार को देखें तो पाते हैं कि इस समय सेमीकंडक्टर या चिप उत्पादन प्रमुखतया ताइवान, दक्षिण कोरिया, अमेरिका, चीन, मलयेशिया और जापान जैसे कुछ देशों में केंद्रित है। ताइवान दुनिया के सबसे बड़े सेमीकंडक्टर निर्माताओं में से एक है, जो दुनिया के करीब 60 फीसदी से ज्यादा चिप्स का उत्पादन करता है। जबकि दक्षिण कोरिया अपने उन्नत चिप्स के उत्पादन के लिए जाना जाता है। देश भर में प्लग-एंड-प्ले इंफ्रास्ट्रक्चर मॉडल के तहत सेमीकंडक्टर पार्क विकसित किए जा रहे हैं, जो भूमि, बिजली आपूर्ति, बंदरगाह और हवाई अड्डे की कनेक्टिविटी और कुशल श्रमिकों के एक समूह तक पहुंच जैसी सुविधाएं प्रदान करते हैं। इसमें कोई दो मत नहीं हैं कि भारत की सेमीकंडक्टर सफलता की गाथा किसी एक कार्यक्षेत्र या किसी एक तकनीक तक सीमित नहीं है। भारत एक व्यापक इकोसिस्टम का निर्माण कर रहा है, जिसमें डिज़ाइनिंग, निर्माण, पैकेजिंग और उच्च तकनीक वाले उपकरण, सभी देश के भीतर शामिल हैं। नोएडा और बेंगलुरु में विकसित किए जा रहे डिज़ाइन केंद्र दुनिया के कुछ सबसे उन्नत चिप पर काम कर रहे हैं, जो अरबों ट्रांजिस्टर संग्रहित करने में सक्षम हैं। ये चिप 21वीं सदी की व्यापक तकनीकों को शक्ति प्रदान करेंगे। उम्मीद करें कि इस समय जब भारत की सीमाएं बढ़ती भूराजनीतिक चुनौतियों के मद्देनजर पहले से अधिक असुरक्षित और संवेदनशील हो गई हैं, तब भारत सेमीकंडक्टर क्षेत्र की बहुआयामी चुनौतियों के समाधान के साथ उन्नत सेमीकंडक्टर से दुनिया की आर्थिक शक्ति और उन्नत एआई हथियारों सहित वैश्विक परमाणु सैन्य शक्ति बनने की राह पर तेजी से आगे बढ़ेगा।

( लेखक प्रसिद्ध अर्थशास्त्री हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)



अधिनियम
नितिन नवीन

# सुरक्षा, सम्मान, स्वाभिमान और अब भागीदारी

> यह विधेयक केवल एक संवैधानिक प्रक्रिया मात्र नहीं है, बल्कि हमारे समाज की बुनियादी सोच को नया आयाम देने वाला एक ऐतिहासिक समय है। सितंबर 2023 में 'नारी शक्ति वंदन अधिनियम' के रूप में जिस यात्रा का श्रीगणेश हुआ था, वह अब निर्णायक मोड़ पर है। यह अधिनियम सुनिश्चित करेगा कि अगले आम चुनाव से देश की सर्वोच्च पंचायत, संसद एवं तमाम विधान मंडलों में नारी शक्ति की पूर्ण सहभागिता हो और नीति-निर्धारण में उनका स्वर एक-तिहाई भागीदारी के साथ मजबूती से सम्मिलित हो। प्रधानमंत्री बनने के बाद नरेंद्र मोदी ने महिलाओं की सुरक्षा, सम्मान और स्वाभिमान को अपनी नीतियों के केंद्र में रखा है। उन्होंने महिलाओं की गरिमा और उनके सशक्तिकरण को अपनी सर्वोच्च प्राथमिकता बनाया।

निश्चित ही यह अवसर ऐतिहासिक है। आज से भारतीय संसद तीन दिवसीय सत्र में एक ऐसे युगांतरकारी विधेयक पर चर्चा कर रही है, जो हमारे विकसित राष्ट्र के सपने को साकार करने में मील का पत्थर साबित होगा। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में हमारी सरकार की यह पहल सभी राजनीतिक दलों के समर्थन की उम्मीद रखती है। यह उम्मीद इसलिए है क्योंकि यह विधेयक केवल एक संवैधानिक प्रक्रिया मात्र नहीं है, बल्कि हमारे समाज की बुनियादी सोच को नया आयाम देने वाला एक ऐतिहासिक समय है। सितंबर 2023 में 'नारी शक्ति वंदन अधिनियम' के रूप में जिस यात्रा का श्रीगणेश हुआ था, वह अब निर्णायक मोड़ पर है। यह अधिनियम सुनिश्चित करेगा कि अगले आम चुनाव से देश की सर्वोच्च पंचायत, संसद एवं तमाम विधान मंडलों में नारी शक्ति की पूर्ण सहभागिता हो और नीति-निर्धारण में उनका स्वर एक-तिहाई भागीदारी के साथ मजबूती से सम्मिलित हो।

प्रधानमंत्री बनने के बाद नरेंद्र मोदी ने महिलाओं की सुरक्षा, सम्मान और स्वाभिमान को अपनी नीतियों के केंद्र में रखा है। उन्होंने महिलाओं की गरिमा और उनके सशक्तिकरण को अपनी सर्वोच्च प्राथमिकता बनाया। हमारी सरकार ने महिलाओं के जीवन के हर चरण में उनके सशक्तिकरण के लिए योजनाओं का एक व्यापक तंत्र तैयार किया है। बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ-बेटियों के प्रति सोच बदली, उनका आत्मविश्वास और अवसर दोनों बढ़े।

**मुद्रा योजना**-महिलाओं को आर्थिक रूप से स्वावलंबी बनाया।

**प्रधानमंत्री आवास योजना**-घर की लक्ष्मी को घर का मालिकाना अधिकार मिला।

**सुकन्या समृद्धि योजना**- बेटियों का भविष्य आर्थिक रूप से सुरक्षित हुआ।

**प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना** - महिलाओं को धुएं से मुक्ति मिली, जीवन स्तर बढ़ा।

**मिशन इंद्रधनुष** - टीकाकरण से माताओं और बच्चों के स्वास्थ्य में सुधार हुआ और सुरक्षित जीवन की नींव मजबूत हुई।

**प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना** - गर्भवती माताओं को पोषण और आर्थिक सहारा मिला, जिससे उनका स्वास्थ्य सुदृढ़ हुआ।

**ट्रिपल तलाक** - मुस्लिम महिलाओं को अन्याय से मुक्ति मिली और उनका आत्मसम्मान व अधिकार मजबूत हुए।

**नल से जल** - घर तक जल पहुंचने से महिलाओं का जीवन अधिक सहज हुआ।

**लखपति दीदी** - महिलाएं आर्थिक रूप से सशक्त बनीं और आत्मनिर्भरता की दिशा में आगे बढ़ीं। यह सब उदाहरण, महिला सशक्तिकरण के प्रति हमारी सरकार की अटूट प्रतिबद्धता का ही प्रमाण है। अब नीति-निर्धारण में उनकी सक्रिय भूमिका के लिए प्रधानमंत्री मोदी 'नारी शक्ति वंदन अधिनियम' लेकर आए हैं।

यह केवल आश्वासन नहीं है, उनकी स्पष्ट दृष्टि है कि वर्ष 2029 से संसदीय प्रणाली में महिलाओं की 33 प्रतिशत मौजूदगी रहे, वे सशक्त हों, नीति निर्धारण में उनकी सशक्त भूमिका हो और वे देश की मुखर आवाज बनें। ध्यान दिया जाए तो पता लगेगा कि यह संसद में



महिलाओं की संख्या को बढ़ाने मात्र का ऊपरी प्रयास नहीं है, बल्कि हमारी सामाजिक, सांस्कृतिक, दार्शनिक, ऐतिहासिक परम्परा और एक शब्द में कहें तो उस आधुनिक सनातनी विचार प्रणाली में एक शोधन है, जिसकी बुनियाद में गार्गी, मैत्रेयी, अरुंधती, अपाला, घोषा, विश्ववारा, सुलभा, सीकता और शाश्वती आदि अनेक ऋषि-नारियों ने वेद संहिताओं के रचने से लेकर जीवन के अनेक क्षेत्रों में अपनी सूक्ष्म दृष्टि, उदात्त चिन्तन और विलक्षण मेधा का परिचय दिया है।

आधुनिक भारत के निर्माण की पृष्ठभूमि में जहां अहिल्याबाई जैसी उदार चेता राजमहिषी ने अपने प्रशासनिक कौशल और जनकल्याण के मानक स्थापित किए, वहीं झांसी की रानी ने मातृभूमि और राष्ट्र प्रेम के लिए अपने प्राणोत्सर्ग से विश्व इतिहास में भारतीय नारियों के बलिदान-भाव की मिसाल कायम की। वर्तमान भारत के निर्माण में भी हमारी बेटियों का योगदान अद्वितीय है। सावित्रीबाई फुले के समाज सुधार, डॉ. आनंदी गोपाल जोशी के चिकित्सा संघर्ष से, 'मिसाइल वुमन' टेसी थॉमस के वैज्ञानिक पराक्रम तक, हर क्षेत्र में महिलाओं ने अपनी योग्यता का लोहा मनवाया है। खेल के मैदान में पी.वी. सिंधु, मैरीकॉम और मिताली राज और साइना नेहवाल ने तिरंगे की शान बढ़ाई है, तो कला और संगीत के संसार में लता मंगेशकर और आशा भोसले जैसी सुर साम्राज्ञियों ने अपनी स्वर साधना से विश्व में अपनी मौजूदगी दर्ज कराई। यह सूची अनंत है, जो प्रमाणित करती है कि स्त्री शक्ति जीवन के हर क्षेत्र में निर्णायक भूमिका में है। संसद में महिलाओं के लिए स्थान आरक्षित करने का यह निर्णय 'वैदिक गरिमा' और 'आधुनिक प्रगति' का सुंदर संगम है। इसमें 'सबका साथ, सबका विकास, सबका प्रयास और सबका विश्वास' की पवित्र भावना शामिल है।

यह विधेयक उन करोड़ों माताओं-बहनों के प्रति राष्ट्र की कृतज्ञता का प्रतीक है, जिन्होंने परिवार और समाज के निर्माण में स्वयं को खपा दिया। इस बदलाव का क्रांतिकारी प्रभाव हमारे ग्रामीण भारत पर पड़ेगा, जहां महिलाएं अब नेतृत्वकारी भूमिका में उभरेंगी। यह सक्रिय भागीदारी सामाजिक रूढ़ियों को तोड़ेगी और आने वाली पीढ़ियों के लिए ऐसा वातावरण बनाएगी, जहां बेटियां केवल सपने नहीं देखेंगी, बल्कि उन्हें साकार करने का सामर्थ्य और वैधानिक अधिकार भी रखेंगी। इस विधेयक को लेकर सरकार की मंशा कितनी पवित्र है, इसका अंदाजा इस बात से ही लगाया जा सकता है कि प्रधानमंत्री मोदी ने स्पष्ट किया कि यह अधिनियम किसी एक पार्टी के एजेंडा की जीत नहीं, बल्कि सभी के प्रयासों की जीत है। सारा क्रेडिट हिंदुस्तान के सभी राजनीतिक दलों को है, जो पिछले तीन-चार दशकों से लगातार इस दिशा में काम कर रहे हैं। हमारी संसद देश के प्रबुद्ध और उत्तरदायी जनप्रतिनिधियों का मंदिर है। राष्ट्र की जनता हमारी हर गतिविधि और सरोकार को सूक्ष्मता से परखती है। माननीय सांसदों से यह विनम्र अपेक्षा है कि वे राष्ट्र के सामूहिक मन को समझें। आज समय की मांग है कि हम दलगत सीमाओं से ऊपर उठें। एक विनम्र कार्यकर्ता और इस महान संस्था के सदस्य के नाते मेरी अपील है कि इस नारीशक्ति के सामर्थ्य और स्वालंबन के 'अभिषेक अनुष्ठान' में अपने समर्थन की आहुति अर्पित करें। यह सामूहिक प्रयास ही यह सुनिश्चित करेगा कि भविष्य का भारत न केवल आर्थिक रूप से, बल्कि सामाजिक न्याय और नारी गौरव के मामले में भी विश्व का नेतृत्व करने में सक्षम है। हमारा सामूहिक प्रयास ही समर्थ और सशक्त भारत के निर्माण में मातृशक्ति की निर्णायक भूमिका तय करेगा।

( लेखक भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **haribhoomi@gmail.com** पर दे सकते हैं।

## जीवन का विकास ऊर्ध्वगामी स्वरूप में होता है



संकलित
दर्शन

जिस प्रकार संपूर्ण जीवन का विकास ऊर्ध्वगामी स्वरूप में होता है, उसी प्रकार मनुष्यों का विकास भी प्रारंभिक मानवीय प्रतिभाओं से आरंभ होकर विकास की उच्चतर अवस्थाओं तक होता है। उनकी क्षमता एक जन्म के बाद दूसरे जन्म में निरंतर और अधिकाधिक विकसित होती रहती है। संपूर्ण मानव जाति विकास एवं प्रतिविकास के चक्रों से गुजरती रहती है, जिन्हें शास्त्रों में युगों के नाम से संबोधित किया जाता है। उनका आरोहण और अवरोहण होता रहता है। इस समय हम एक ऐसे युग में हैं, जो आरोहण की अवस्था में है। दूसरे शब्दों में, वर्तमान काल में जन्म लेने वाले आत्माएं अपने दादा-दादी और परदादा-परदादी की अपेक्षा विकास की उच्चतर अवस्था में हैं। आज के बच्चों को देखें, उनके अंदर स्वाभाविक रूप से यह भावना है-, 'नहीं, केवल किसी की त्वचा के रंग के कारण मेरे हृदय में उनके प्रति घृणा उत्पन्न नहीं होगी,' और इन बच्चों के हृदयों में एक अन्य प्रकार की मानवीय अज्ञानता के प्रति एक स्वाभाविक अस्वीकृति है, जिसमें संपूर्ण विश्व के सभी देशों में पुरानी पीढ़ियां दृढ़तापूर्वक विश्वास करती थीं। यह लगभग ऐसा है कि जैसे वे पहले से ही थोड़ी-बहुत तैयारी करके आते हैं। मेरे विचार से, जब आपकी आयु मेरी वर्तमान आयु के बराबर होगी, तो संभवतः आप और भी बहुत अधिक विकास को देखेंगे। तब आप पीछे मुड़कर देखेंगे और कहेंगे, 'ओह, उन पिछली पीढ़ियों के लोग ऐसे कैसे हो सकते थे?'

## कर्ण की युद्ध में धर्म-नीति निष्ठा



संकलित
प्रेरणा

कर्ण कौरवों की सेना में होते हुए भी महान धर्मनिष्ठ योद्धा थे। भगवान श्रीकृष्ण तक उनकी प्रशंसा करते थे। महाभारत युद्ध में कर्ण ने अर्जुन को मार गिराने की प्रतिज्ञा की थी। उसे सफल बनाने के लिए खंडव वन के महासर्प अश्वसेन ने इसे उपयुक्त अवसर समझा। अर्जुन से वह शत्रुता तो रखता था, पर काटने का अवसर नहीं मिलता था। वह बाण बनकर कर्ण के तरकस में जा घुसा। अश्वसेन वाला बाण भी चला, लेकिन भगवान श्रीकृष्ण ने वस्तुस्थिति को समझा और रथ-घोड़े जमीन पर बिठा दिए। बाण मुकुट काटता हुआ ऊपर से निकल गया। असफलता पर अश्वसेन प्रकट हुआ और कर्ण से बोला- अबकी बार अधिक सावधानी से बाण चलाना। इस पर कर्ण को भारी आश्चर्य हुआ। उसने उस कालसर्प से पूछा- आप कौन हैं? सर्प ने कहा- अर्जुन ने एक बार खण्डव वन में आग लगाकर मेरे परिवार को मार दिया था। इसलिए उसीका प्रतिशोध लेने के लिए मैं व्याकुल रहता हूं। उस तक पहुंचने का अवसर न मिलने पर आपके तरकस में बाण के रूप में आया हूं। कर्ण ने उसकी सहायता के प्रति कृतज्ञता प्रकट करते हुए वापस लौट जाने के लिए कहा- भद्र, मुझे अपने ही पुरुषार्थ से नीति युद्ध लड़ने दीजिए। आपकी अनीतियुक्त सहायता लेकर जीतने से तो हारना अच्छा है। कालसर्प कर्ण की नीति-निष्ठा को सराहता हुआ वापस लौट गया। उसने कहा- कर्ण तुम्हारी यह धर्मनिष्ठा ही सत्य है, जिसमे अनीतियुक्त पूर्वाग्रह को छद्म की कहीं स्थान नहीं।

## सटाका




## आज की पाती

### समाज को जोड़ने की ताकत रखती है कला

प्रतिवर्ष 15 अप्रैल विश्व कला दिवस के रूप में मनाया जाता है। विश्व कला दिवस हमें यह सिखाता है कि कला केवल सौंदर्य नहीं, बल्कि समाज को जोड़ने, समझने और बदलने की ताकत भी रखती है। कला ने विकास, क्रांति, स्वतंत्रता और रचनात्मकता के संदेशों को संप्रेषित करने और वैश्विक मुद्दों को जनता तक पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। कला में वह ताकत है जो हमें जीवन की सबसे कठिन परिस्थितियों में भी एकजुट और संलग्न कर सकती है। कला केवल एक सुंदर चित्र या पेंटिंग मात्र ही नहीं है, बल्कि यह तो हमारे समाज की धड़कन है, स्थानीय और वैश्विक समुदायों में वे जो परिवर्तन देखना चाहते हैं, उसका हृदय है। वास्तव में यह दिन कला और रचनात्मकता को बढ़ावा देने का है।

*- रेखा वर्मा, अंबाला*

## ट्रेंड

### करुणा की भावना



तकनीक कितनी भी उन्नत क्यों न हो जाए, वह करुणा, ईमानदारी और रोगी-केंद्रित दृष्टिकोण का स्थान नहीं ले सकती। करुणा की भावना को हमेशा बनाए रखें, क्योंकि यही आपको न केवल अच्छा डॉक्टर बनाती है, बल्कि एक अच्छा इंसान भी बनाती है।

**- द्रौपदी मुर्मू, राष्ट्रपति**

### हादसे की जांच जरूरी



छत्तीसगढ़ स्थित वेदांता पावर प्लांट में हुए भयावह हादसे की खबर बेहद दुखद है। इस घटना की गहन जांच होनी चाहिए। हमारे श्रमिक भाइयों की सुरक्षा से कोई समझौता नहीं किया जा सकता। मैं ईश्वर से प्रार्थना करता हूं कि वे दिवंगत आत्माओं को अपने चरणों में स्थान दें।

**-अरविंद केजरीवाल, पूर्व सीएम, नई दिल्ली**

### संशोधन विधेयक



कांग्रेस पार्टी हमेशा से महिला आरक्षण का समर्थन करती रही है। हालांकि, एनडीए सरकार द्वारा महिला आरक्षण की आड़ में 131वें संवैधानिक संशोधन विधेयक को जल्दबाजी में पारित करने की तैयारी से स्वाभाविक रूप से संदेह पैदा होता है।

**-अशोक गहलोत, पूर्व सीएम, राजस्थान**

### महिलाओं की सुरक्षा



भाजपा शासित उत्तर प्रदेश के चित्रकूट में सामूहिक बलात्कार की शिकार एक दलित लड़की ने न्याय न मिलने पर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। भाजपा शासन में महिलाओं की सुरक्षा की यही वास्तविकता है; बाकी सब दिखावा और झूठा प्रचार है।

**- अखिलेश यादव, सांसद, सपा**

## करंट अफेयर


# कैलिफोर्निया विधानसभा ने बैसाखी को दी मान्यता



कैलिफोर्निया विधानसभा ने एक प्रस्ताव पारित कर बैसाखी को सिख-अमेरिकियों के लिए सबसे महत्वपूर्ण दिनों में से एक के रूप में मान्यता दी है और राज्य के लोगों को बैसाखी के पर्व पर होने वाले कार्यक्रमों में भाग लेने के लिए प्रोत्साहित किया। यह प्रस्ताव विधानसभा सदस्य जसमीत कौर बैंस द्वारा पेश किया गया, जिसे 80 सदस्यीय सदन में से 76 सदस्यों का समर्थन मिला और इसे बैसाखी की पूर्व संध्या पर सोमवार को पारित किया गया। कैलिफोर्निया के गवर्नर गैविन न्यूसम ने 'एक्स' पर एक पोस्ट किया, ' 'कैलिफोर्निया में बैसाखी मना रहे सिख समुदायों को मेरी ओर से नववर्ष और भरपूर फसल के लिए शुभकामनाएं। बैसाखी दीयां लख-लख बधाइयां।' प्रस्ताव में कहा गया है कि विधानसभा 14 अप्रैल 2026 को मनाई जा रही बैसाखी को मान्यता देती है और इसे सिख इतिहास व सिख-अमेरिकियों के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण दिवस मानते हुए इस अवसर पर गहरा सम्मान व्यक्त करती है। साथ ही, इसमें दुनिया भर के दक्षिण एशियाई समुदायों और प्रवासी भारतीयों के साथ इस उत्सव को मनाने वालों के प्रति सम्मान जताया गया। अमेरिका के कई नेताओं ने भी सिख समुदाय को बधाई दी।

## ऑफ बीट

# कैसे स्तनपायी युग समाप्त हुआ होगा



पिछले 50 करोड़ वर्षों में हमारे ग्रह ने कुल पांच बार जीवों की विशाल महाविलुप्ति देखी है। इनमें से पर्मियन-ट्राइऐसिक विलुप्ति घटना में पृथ्वी की तत्कालीन करीब 90 प्रतिशत प्रजातियां विलुप्त हो गई थीं। इनमें से अधिकांश घटनाएं एक 'सुपरकॉन्टिनेंट' के निर्माण के साथ मेल खाती हैं, जहां पृथ्वी की टेक्टॉनिक प्लेटें धीरे-धीरे एक साथ आती हैं और संयोजित होती हैं। वैज्ञानिकों का पूर्वानुमान है कि पृथ्वी के महाद्वीप अगले 25 करोड़ साल में फिर से एक साथ मिलकर 'सुपरकॉन्टिनेंट' बनाएंगे जिसे 'पैंजिया अल्टिमा' नाम दिया गया है। इसका संकेंद्रण विषुवत रेखा के पास होगा और यह गर्म महाद्वीप होगा। अध्ययन के मुताबिक 'पैंजिया अल्टिमा' की परिस्थितियां अधिकतर स्तनधारियों के जीवित रहने के लिए विपरीत होंगी। इस 'सुपरकॉन्टिनेंट' के बनने से अधिक ज्वालामुखी गतिविधि होगी, और बूढ़ा होता सूर्य पृथ्वी पर अधिक विकिरण उत्सर्जित करेगा। इसके परिणामस्वरूप भूमि की सतह का तापमान अत्यधिक हो जाएगा, जिससे महाद्वीप का अधिकांश भाग एक विशाल, गर्म रेगिस्तान में बदल जाएगा, जो विज्ञान-कल्पना महाकाव्य ड्यून के रेगिस्तानी ग्रह 'अराकिस' की याद दिलाता है।

**अपने विचार**

**हरिभूमि कार्यालय**

पीबी-2, चतुर्थ तल, मानसरोवर कॉम्पलैक्स, वार्ड नं. 50, शिवाजी नगर, निकट रानी कमलापति रेलवे स्टेशन, होशंगाबाद रोड, भोपाल, (म.प्र.) 462016
**aapkepatra.haribhoomi@gmail.com**
पर भेज सकते हैं।



विधानसभा चुनाव 2026

5 राज्यों की जंग

चुनाव परिणाम : 04 मई

मतदान की तारीख : तमिलनाडु - 23 अप्रैल, पश्चिम बंगाल - 23 एवं 29 अप्रैल



## बंगाल में टीएमसी पर भड़के गृहमंत्री शाह, ममता को सुनाई खरी-खरी

# बाढ़ राहत के नाम पर किया करोड़ों का घोटाला, सत्ता में आने पर भाजपा करेगी वसूली, अब नहीं चलने वाला कटमनी का खेल और 'गुंडाराज'



एजेंसी ▶▶ मालदा

*शाह ने 100 करोड़ के घोटाले का आरोप लगाया*

*सारे घोटालों का पैसा भाजपा सरकार लेगी वापस*

पश्चिम बंगाल में विधानसभा चुनाव को लेकर राज्यभर की सियासत में गरमाहट तेज है। राजनीतिक पार्टियों के बीच आरोप-प्रत्यारोप की राजनीति भी सातवें आसमान पर पहुंचती नजर आ रही है। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने बंगाल में चुनावी रैली के दौरान वीडियो संबोधन के माध्यम से टीएमसी सरकार पर जमकर निशाना साधा और बाढ़ राहत के नाम पर 100 करोड़ के घोटाले का आरोप लगाया। उन्होंने आरोप लगाया कि केंद्र से उत्तर बंगाल में बाढ़ राहत के लिए दिए गए 100 करोड़ की रकम में घोटाला हुआ है और सत्ता में आने पर भाजपा यह पैसा वापस लेगी। शाह ने गोरखा मुद्दे पर भी बातचीत की। उन्होंने कहा कि अगर भाजपा बंगाल में सत्ता में आती है, तो दार्जिलिंग के गोरखा मुद्दे को प्राथमिकता से हल किया जाएगा। गोरखा नेताओं और कार्यकर्ताओं पर दर्ज सभी पुराने केस वापस ले लिए जाएंगे।

### मौसम खराब होने के कारण वीडियो के जरिए दिया संबोधन

खराब मौसम के कारण शाह दार्जिलिंग के लेबोंग नहीं पहुंच सके, इसलिए उन्होंने मालदा से वीडियो संदेश के जरिए लोगों को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि 21 अप्रैल को कर्सियांग में होने वाली रैली में वे खुद मौजूद रहेंगे।

### बंगाल में किसी को बाबरी मस्जिद नहीं बनाने देंगे

शाह ने कहा कि विधानसभा चुनावों के बाद सत्ता में आने पर भाजपा पश्चिम बंगाल में बाबरी मस्जिद जैसी संरचना के निर्माण की अनुमति नहीं देगी। जलपाईगुड़ी में एक जनसभा को संबोधित करते हुए शाह ने कहा कि इस मुद्दे को सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस द्वारा राजनीतिक रूप से बढ़ावा दिया जा रहा है।

**पूरे बंगाल में माताएं-बहनें असुरक्षित**

शाह ने कहा कि पूरे बंगाल में माताएं-बहनें सुरक्षित नहीं हैं। संदेशखाली में वर्षों तक टीएमसी के घुसपैठिए बलात्कार करते रहे, ममता कुछ नहीं बोलीं। दुर्गापुर मेडिकल कॉलेज, आरजी कर, कलकत्ता लॉ कॉलेज, माताओं-बहनों के साथ कई प्रकार की अत्याचार की घटनाएं हुईं, लेकिन ममता के पेट का पानी तक नहीं हिला। महिला होकर ममता दीदी कहती हैं कि 7 बजे के बाद माताएं-बहनें घर से बाहर न निकलें।

### कानून-व्यवस्था पर भी उठाए सवाल

शाह ने कहा कि भाजपा की सरकार बनने पर बंगाल में घुसपैठ, गुंडाराज और माफिया राज खत्म किया जाएगा। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि टीएमसी सरकार ने गोरखा समुदाय के लोगों पर झूठे केस दर्ज किए हैं, जिन्हें हटाया जाएगा। दार्जिलिंग में लंबे समय से अलग गोरखालैंड राज्य की मांग चल रही है, जिसको लेकर पहले भी हिंसक आंदोलन हो चुके हैं। शाह ने भरोसा दिलाया कि भाजपा इस मुद्दे का स्थायी समाधान निकालेगी।

### पीएम ने कन्याकुमारी में किया रोड शो, उमड़ा जनसैलाब



रोड शो के दौरान लोगों का अभिवादन करते प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी

**नागरकोइल।** पीएम नरेंद्र मोदी ने बुधवार को कन्याकुमारी में रोड शो किया। वे विशेष विमान से तिरुवनंतपुरम पहुंचेंगे और फिर हेलीकॉप्टर से नागरकोइल पहगुंचे। वेपामूडु जंक्शन से वडासेरी में एमजीआर प्रतिमा तक का एक किलोमीटर के खंड में भारी भीड़ उमड़ी। प्रधानमंत्री ने खुली गाड़ी में यात्रा की। जनता का अभिवादन किया और कन्याकुमारी, तिरुनेलवेली और तेनकासी जिलों में चुनाव लड़ रहे भाजपा और एनडीए गठबंधन के उम्मीदवारों के लिए समर्थन जुटाया।

### दार्जिलिंग मुद्दे पर 3 बैठक प्रस्ताव ठुकराने का आरोप

शाह ने आरोप लगाया कि पश्चिम बंगाल की ममता बेनर्जी सरकार ने दार्जिलिंग हिल्स के मुद्दों और गोरखाओं की मांगों पर चर्चा के लिए उनके तीन प्रस्ताव ठुकरा दिए।अमित शाह ने कहा कि पिछले डेढ़ साल में उन्होंने दार्जिलिंग, कलिम्पोंग और कुर्सेओंग की पहाड़ियों में रहने वाले लोगों के मुद्दों पर चर्चा के लिए तीन बार बैठक का प्रस्ताव रखा, लेकिन ममता बेनर्जी सरकार ने हर बार इसे खारिज कर दिया।

### बंगाल में चुनाव प्रचार के लिए असम से आई 50 नेताओं- सांसदों की फौज

**कोलकाता।** असम, केरल और पुडुचेरी विधानसभा चुनाव के बाद अब भाजपा की नजरें बंगाल चुनाव पर हैं। पश्चिम बंगाल में होने वाले दो चरणों के चुनाव के लिए असम भाजपा मंत्रियों सहित 50 नेताओं को वहां भेज रही है। कृषि उत्सव 'रोंगाली बिहू' के तुरंत बाद सांसदों और विधायकों का मिश्रण अलग-अलग निर्वाचन क्षेत्रों में जिम्मेदारियां संभालेगा।

**भाजपा-टीएमसी का अनोखा प्रचार**

### मछली को पहनाई ज्वेलरी दोनों हाथों में टांग ली मछली

**कोलकाता।** बंगाली नववर्ष पर हाथ में मछली लेकर भाजपा उम्मीदवार का अनोखा चुनाव प्रचार देखकर हर कोई आश्चर्यचकित था। इस प्रचार की वजह ये थी कि



विपक्ष का कहना है कि अगर पश्चिम बंगाल में भाजपा सत्ता में आई, तो बंगालियों का मछली खाना बंद कर देंगे! भाजपा का ये जवाबी चुनावी प्रचार है जो दिखा रहा है कि बंगालियों को मछली खाने से कोई नहीं रोक सकता। मछली को लेकर ममता के बयान को झूठा साबित करने के लिए कोलकाता पोर्ट विधानसभा क्षेत्र से भाजपा उम्मीदवार राकेश सिंह ने एक अनोखे तरीके से चुनाव प्रचार किया।

**राहुल का बड़ा आरोप**

### भ्रष्टाचार में मोदी से पीछे नहीं ममता, राज्य में 'सिंडिकेट राज'

**कोलकाता।** बंगाल चुनाव के बीच कांग्रेस नेता और नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने टीएमसी और केंद्र की भाजपा सरकार पर एक



साथ हमला बोला। टीएमसी भ्रष्टाचार और कुशासन के मामले में भाजपा से होड़ कर रही है। बंगाल में भाजपा के विस्तार के लिए जमीन तैयार कर रही है। उन्होंने टीएमसी सरकार के घोटालों की लिस्ट गिनाई। उन्होंने कहा कि शारदा चिटफंड घोटाले के 1,900 करोड़ रुपए आज भी 17 लाख निवेशकों को नहीं मिले हैं। रोज वैली घोटाले में 6,600 करोड़ रुपए और 31 लाख निवेशक फंसे हुए हैं। कोयला तस्करी और अवैध खनन से राज्य में 'सिंडिकेट राज' फल-फूल रहा है।

**सोरेन के प्रचार को लेकर जेएमएम और कांग्रेस आमने-सामने**



**रांची।** झारखंड मुक्ति मोर्चा पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष और झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन टीएमसी के समर्थन में बंगाल में चुनाव प्रचार करने जाएंगे। झारखंड में झामुमो, कांग्रेस और राजद गठबंधन की सरकार है, ऐसे में बंगाल चुनाव में झामुमो का टीएमसी के पक्ष में प्रचार करना सियासी हलकों में चर्चा का विषय बन गया है। इसे लेकर सहयोगी दलों के बीच भी अलग-अलग राय सामने आ रही है, सवाल उठने लगे हैं।

## सीएम ममता ने केंद्र पर लगाए आरोप

### केंद्रीय बलों ने मेरी कार की तलाशी लेने की कोशिश की

**दिनाजपुर।** सीएम ममता बेनर्जी ने दावा किया कि जब वह दिन में कोलकाता हवाई अड्डा जा रही थीं, तभी केंद्रीय बलों ने उनकी कार की तलाशी लेने की कोशिश की। बेनर्जी ने उत्तर दिनाजपुर जिले में एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए कहा कि अगर केंद्रीय बलों में हिम्मत है, तो वे हर दिन उनकी कार की जांच कर सकते हैं। उसके नेताओं के वाहन को सुरक्षा कर्मियों द्वारा 'सघन तलाशी' के लिए चुना गया है।



### घर-घर पहुंच रहे बैलेट पेपर आसनसोल में अब तक पड़े 15 वोट

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल में विधानसभा चुनाव के लिए बैलेट वोटिंग दूसरे दिन भी जारी है। आसनसोल दक्षिण विधानसभा क्षेत्र के वार्ड संख्या 77 अंतर्गत बूथ संख्या 80 में 85 वर्षीय दिव्यांग मतदाता का मतदान बैलेट पेपर के माध्यम से संपन्न कराया गया। बुधवार को 15 और मतदाताओं का मतदान कराया गया। इस पहल के तहत पूरे जिले में कुल 5246 ऐसे मतदाता चिन्हित किए गए हैं। आसनसोल दक्षिण विधानसभा क्षेत्र में इनकी संख्या 554 है। भारत का चुनाव आयोग लोगों को घर बैठे मतदान की सुविधा दी है।

---

**खबर संक्षेप**

### स्टैंड-अप कॉमेडियन अनुदीप गिरफ्तार



**अमरावती।** स्टैंड-अप कॉमेडियन अनुदीप कटिकाला को आंध्र प्रदेश के उपमुख्यमंत्री व अभिनेता पवन कल्याण पर जोक मारना महंगा पड़ गया। अनुदीप को आंध्र प्रदेश पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। उनकी गिरफ्तारी प्रयागराज से हुई है। वे यहां अपने परिवार से मिलने आए थे। कॉमेडियन पर काकीनाडा पुलिस स्टेशन में एफआईआर दर्ज की गई थी।

### लता-आशा की याद में बनेगा 'अहम' अस्पताल



**पुणे।** नंदोशी में बन रहे लता मंगेशकर मेडिकल फाउंडेशन के अस्पताल का नाम अब 'लता-आशा मंगेशकर इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज़' रखा जाएगा। ट्रस्टी बोर्ड ने लता-आशा के भाई हृदयनाथ मंगेशकर और डॉ. धनंजय केलकर के साथ यह अहम निर्णय लिया। इसका उद्देश्य एशिया के सर्वश्रेष्ठ अस्पतालों में एक बनाना है।

### लखनऊ के विकास नगर में 200 झुग्गियां खाक



**विकास नगर।** लखनऊ के विकास नगर के टेढ़ी पुलिया इलाके में बुधवार शाम को भीषण आग लग गई जिससे 200 से ज्यादा झुग्गियां जलकर खाक हो गईं। अधिकारियों के अनुसार, रिंग रोड के पास एक खाली भूखंड में झोपड़ियों में आग लग गयी तथा काले धुएं का गुबार कई किलोमीटर दूर से देखा जा सकता था।

### ट्रेन की चपेट में आने से 5 युवकों की मौत



**प्रयागराज।** यमुना नगर के करछना में पचदेवरा ओवरब्रिज के पास ट्रेन से कटकर 5 लोगों की मौत हो गई। जीआरपी के पुलिस अधीक्षक प्रशांत वर्मा ने बताया कि शाम को कालका एक्सप्रेस से कटकर एक व्यक्ति की मौत हो गई थी जिसकी वजह से ट्रेन रुक गई थी। घटना के बाद कुछ यात्री ट्रेन से नीचे उतर आए।

## परिसीमन पर कई विपक्षी दलों ने विरोध के स्वर किए तेज

# यह एक घोर ऐतिहासिक अन्याय, भाजपा आग से खेल रही, राज्य में काले झंडे दिखाए जाएंगे

*संसद के विशेष सत्र से पहले छिड़ा घमासान, विपक्ष कर रहा पुरजोर विरोध*

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

सरकार संसद में महिलाओं के लिए 33 फीसदी आरक्षण करेगी | कांग्रेस महिला आरक्षण के पक्ष में पर परिसीमन विरोधी

गुरुवार से शुरू हो रहे संसद के 3 दिन के विशेष सत्र में एक ओर जहां सरकार लोकसभा में 33 फीसदी महिला आरक्षण लागू करने के लिए संविधान संशोधन विधेयक लाने की योजना बना रही है तो वहीं कई विपक्षी दल इसके विरोध में आवाज उठा रहे हैं। सत्र शुरू होने से ठीक एक दिन पहले बुधवार इंडिया गठबंधन की इसी मुद्दे पर बैठक हुई। इस मीटिंग में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे और नेता विपक्ष राहुल गांधी भी मौजूद थे। विपक्षी दलों ने बुधवार को कहा कि वे महिला आरक्षण के पक्ष में हैं, लेकिन परिसीमन विधेयक का एकजुट होकर विरोध करेंगे। संविधान संशोधन विधेयक के तहत लोकसभा की सीट बढ़ाकर अधिकतम 850 करने पर दक्षिणी राज्यों को भी लाभ होगा, क्योंकि निर्वाचन क्षेत्रों की संख्या आनुपातिक रूप से बढ़ाई जाएगी। कुछ लोगों ने यह कहकर दक्षिणी राज्यों को गुमराह करने की कोशिश की थी कि सफल परिवार नियोजन के कारण उन्हें नुकसान होगा। कोई भी राज्य नुकसान में नहीं रहेगा।

### हर दक्षिण भारतीय गुस्से से उबल रहा : स्टालिन



बुधवार को डीएमके प्रमुख स्टालिन ने अपनी पार्टी के सांसदों से संसद में परिसीमन को लेकर लाए जा रहे बिल का जबरदस्त तरीके से विरोध करने के लिए कहा। स्टालिन ने सांसदों के साथ मीटिंग में आरोप लगाया कि गुरुवार को संसद में होने वाला परिसीमन संशोधन तमिलनाडु और दक्षिणी राज्यों के खिलाफ 'घोर ऐतिहासिक अन्याय' है। स्टालिन ने यह भी आरोप लगाया कि भाजपा आग से खेल रही है और विंध्य के दक्षिण क्षेत्र का हर दक्षिण भारतीय गुस्से से उबल रहा है। उन्होंने कहा कि परिसीमन के खिलाफ 16 अप्रैल को पूरे तमिलनाडु में घरों और सार्वजनिक स्थानों से काले झंडे लगाए जाएंगे। हमारे सिर पर लटकी तलवार अब हम पर आ गिरी है, केंद्र ने तमिलनाडु की आवाज पर ध्यान नहीं दिया तो उसे गंभीर परिणाम भुगतने होंगे और भारी कीमत चुकानी पड़ेगी।

**ब्रायन ने आरोप लगाया**

### परिसीमन लागू करने की कुटिल साजिश हो रही

तृणमूल कांग्रेस के नेता डेरेक ओ ब्रायन ने आरोप लगाया कि सरकार महिलाओं के आरक्षण की आड़ में परिसीमन लागू करने की कुटिल साजिश को अंजाम दे रही है। टीएमसी सांसद की यह टिप्पणी संसद के तीन दिवसीय विशेष सत्र से एक दिन पहले आई है, जिसमें महिला आरक्षण और परिसीमन विधेयकों पर विचार किया जाएगा।

**खरगे बोले**

### नीयत में खोट है, यह सिर्फ चुनावी पैंतरा

देश में नारी शक्ति वंदन अधिनियम को लेकर सियासत गरमा गई है। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने विपक्षी दलों की बैठक



के बाद केंद्र सरकार पर जमकर निशाना साधा है। उन्होंने स्पष्ट कर दिया है कि तमाम विपक्षी दल महिला आरक्षण के खिलाफ नहीं हैं, लेकिन सरकार जिस तरह से इसे लागू करने की योजना बना रही है, वह पूरी तरह से राजनीति से प्रेरित और जनता को गुमराह करने वाला कदम है। हमने हमेशा इस बिल का समर्थन किया है, लेकिन हमारा आग्रह है कि पुराने संशोधनों को लागू किया जाए। सरकार परिसीमन और जनगणना के नाम पर चालें चल रही है। कार्यपालिका के जरिए संविधान की उन शक्तियों को हथिया रही है।

**संसदीय मंत्री रिजिजू का पलटवार- दक्षिण भारतीय राज्यों को गुमराह करने की कोशिश हो रही**



*संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने बुधवार कहा कि कुछ लोग परिसीमन के गलत आंकड़े देकर दक्षिण भारतीय राज्यों को महिला आरक्षण के मुद्दे पर गुमराह करने की कोशिश कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि लोकसभा और विधानसभाओं में महिलाओं को आरक्षण देने में राजनीति नहीं होनी चाहिए। सभी राजनीतिक दल नारी शक्ति के लिए एकजुट हैं। वहीं केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू ने कहा कि कुछ लोग इस मुद्दे पर दक्षिण भारतीय राज्यों को गुमराह करने की कोशिश कर रहे हैं।*

## भैरवैक्य मंदिर का उद्घाटन कर पीएम बोले

# मेरा मन भावों से भर गया यह पल हमेशा याद रहेगा



एजेंसी ▶▶ मांड्या

पीएम नरेंद्र मोदी ने बुधवार को कर्नाटक के मांड्या जिला स्थित श्री क्षेत्र आदिचुंचनगिरि में श्री गुरु भैरवैक्य मंदिर का उद्घाटन किया। इस दौरान पीएम मोदी ने काल भैरव मंदिर में दर्शन किए और पूजा-अर्चना की। इउन्होंने ऐतिहासिक ज्वालापीठ में भी कुछ समय बिताया। इस पावन अवसर पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु और भक्तगण मौजूद रहे। लोगों की भी भीड़ रही।

### सभी लोगों को शुभकामनाएं दी

प्रधानमंत्री ने कहा कि आज मेरा मन ऐसे भावों से भरा है, जिन्हें शब्दों में व्यक्त करना मुश्किल है। इस पवित्र स्थल पर बिताया गया हर पल, संतों का सानिध्य और जनसमूह का आशीर्वाद उनके लिए जीवनभर यादगार रहेगा। उन्होंने इस्वसर को अपना सौभाग्य बताया कि उन्हें इस पावन अवसर पर यहां आने का मौका मिला और सभी को शुभकामनाएं दीं।

## आप सांसद मित्तल के घर पर रेड

# 8-9 परिसरों में तलाशी, लवली यूनिवर्सिटी पर भी की छापेमारी

एजेंसी ▶▶ गुरुग्राम

आप के राज्यसभा सांसद अशोक मित्तल और उनके बेटे के घर बुधवार को ईडी की टीम ने रेड



डाली है। मित्तल की लवली प्रोफेशनल यूनिवर्सिटी है। 8-9 परिसरों पर रेड पड़ी है। इसमें सांसद और उनके बेटे के ठिकानों पर भी छापा मारा गया। गुरुग्राम के साथ पंजाब के जालंधर शहर में रेड पड़ी है। मित्तल लवली प्रोफेशनल यूनिवर्सिटी चलाते हैं, इसमें फंड से संबंधित कुछ गड़बड़ी पाई गई है। घर और फार्महाउस में चल रही है।

### राघव ने डलवाया छापा

मित्तल के जालंधर स्थित घर और उनकी निजी यूनिवर्सिटी पर ईडी ने छापा मारा। आप ने बड़ा दावा करते हुए कहा कि राघव चड्ढा ने भाजपा की मदद से मित्तल के घर पर ईडी की रेड कराई है। इस पर चड्ढा या भाजपा की तरफ से कोई प्रतिक्रिया नहीं आई है।

## गुरुग्राम में बवाल की साजिश

# 17 वाट्सएप और वॉइस मैसेज भेजे गए व लोगों को भड़काया

एजेंसी ▶▶ गुरुग्राम

आईएमटी मानेसर में हिंसक बवाल में गिरफ्तार आरोपियों ने पुलिस पूछताछ में सुनियोजित तरीके से दंगा भड़काने की बात कबूली है। एक कंपनी के मैनेजर को मारने की साजिश थी, ताकि औद्योगिक क्षेत्र में दंगा भड़क सके।

आरोपियों के मोबाइल में वॉट्सएप ग्रुप में संदिग्ध चैट भी मिली है। इस मामले में 17 ग्रुप मिलने की बात सामने आ रही है। एक आरोपी ने ग्रुप में लिखा है कि मैनेजर रामबीर को मारना है। दूसरे आरोपी ने लिखा कि आगे पुलिस वाले हैं, पीछे से आग लगा दो। बीयर लेकर आना व रात में पेट्रोल बम डालकर कंपनी में आग लगा देना।



### भारती और कंचना पर एफआईआर

नोएडा साइबर थाना पुलिस ने सार्वजनिक शांति भंग करने के मामले में रजद प्रवक्ता प्रियंका भारती और कांचाना यादव सहित कई के खिलाफ गौतम बुद्ध नगर साइबर पुलिस स्टेशन में एफआईआर दर्ज की है। एक्स पर तनाव भड़काने की कोशिश की।

## अमरावती में चौंकाने वाला और जघन्य मामला सामने आया

# मास्टरमाइंड समेत 2 गिरफ्तार, एसआईटी साजिश के खुलासे में जुटी

एजेंसी ▶▶ अमरावती

महाराष्ट्र के अमरावती जिले से एक बेहद चौंकाने वाला और जघन्य मामला सामने आया है। पुलिस ने अमरावती जिले के परतवाड़ा में बीते महीने एक युवक अयान अहमद को गिरफ्तार किया था। अयान अहमद पर 180 लड़कियों के यौन उत्पीड़न के साथ 350 आपत्तिजनक वीडियो सोशल मीडिया वायरल करने का आरोप है। पुलिस ने अब इस मामले में उजेर खान इकबाल खान नामक के शख्स को हिरासत में लिया है।

180 लड़कियों का यौन उत्पीड़न, 350 वीडियो वायरल

### हरियाणा के नोटिफिकेशन ने 'आग में घी डाला'



आरोपी के अवैध निर्माण पर चला बुलडोजर

पुलिस अमरावती यौन उत्पीड़न और अश्लील वीडियो कांड की गंभीरता से जांच में जुटी है। पुलिस इस संभावना पर भी जांच कर रही है कि यह मामला इसके पीछे कोई संगठित नेटवर्क सक्रिय तो नहीं था। जांच में पता चला है कि उसने मुख्य आरोपी अयान अहमद के मोबाइल फोन से वीडियो डाउनलोड कर उन्हें सोशल मीडिया पर साझा किया था।

### भाजपा ने कट्टरपंथ और संगठित अपराध बताया, एसआईटी गठित

भाजपा नेता किरीट सोमैया ने कहा कि यह कट्टरपंथ और संगठित अपराध का मिला-जुला रूप है। सोमैया के अनुसार, अमरावती के अलावा नागपुर और परतवाड़ा जैसी जगहों की लड़कियों को भी निशाना बनाया गया है। उन्होंने मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस से इस पूरे मामले की गहराई से जांच के लिए विशेष जांच दल (एसआईटी) बनाया है। भाजपा विधायक देवयानी फरांदे ने कहा कि आईटी कंपनियों में महिलाओं के साथ अत्याचार और उन पर धर्म परिवर्तन का दबाव बनाने की खबरें आ रही हैं, जो चिंताजनक है। भारतीय जनता पार्टी ने इसे केवल एक अपराध नहीं, बल्कि एक सुनियोजित 'साजिश' बताया है।

### अब तक 8 मुस्लिम महिलाओं से जुड़े मामले भी सामने आए

महाराष्ट्र अल्पसंख्यक आयोग के अध्यक्ष प्यारे खान ने बताया कि उन्हें अचलपुर से इस संबंध में गोपनीय शिकायतें मिली थीं। पुलिस जांच में अब तक 8 मुस्लिम महिलाओं से जुड़े मामले भी सामने आए हैं, जिनमें से कुछ के वीडियो और फोटो बरामद किए गए हैं। प्रशासन ने साफ किया है कि यह एक बेहद संवेदनशील इलाका है, इसलिए अफवाहों पर ध्यान न दिया जाए। पुलिस और आयोग ने आश्वासन दिया है कि दोषियों के खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई की जाएगी। पुलिस आरोपी के मोबाइल डेटा और उसके संपर्कों को खंगाल रही है, जिससे यह पता लगाया जा सके कि इस घिनौने खेल में उसके साथ और कौन-कौन शामिल था?

ईरानी डेलिगेशन में शामिल तेहरान यूनिवर्सिटी के प्रोफेसर मंराडी बोले

# दी जा रही थी धमकी, वार्ता के बाद ईरानी नेताओं को मारने की रची गई थी साजिश

# ट्रंप ने चीन के राष्ट्रपति जिनपिंग को पत्र लिखकर कहा- न दें ईरान को हथियार



सैयद मोहम्मद मरांडी

*प्रतिनिधिमंडल में ईरान के विदेश मंत्री और संसद के स्पीकर शामिल थे*

ईरानी प्रतिनिधिमंडल ने विमान बदला था बस और ट्रेन से पहुंचे थे तेहरान

ईरान का अमेरिका पर भरोसा नहीं, वो धोखेबाज, हम सैन्य तैयारियों में जुटे

एजेंसी ⏭ तेहरान/ वॉशिंगटन

इस्लामाबाद में अमेरिका के साथ शांति वार्ता के बेनतीजा रहने के बाद तेहरान लौट रहे ईरानी प्रतिनिधिमंडल को गंभीर सुरक्षा खतरों का सामना करना पड़ा था। तेहरान यूनिवर्सिटी के प्रोफेसर और राजनीतिक विश्लेषक सैयद मोहम्मद मरांडी ने बताया कि बहुत सावधानी बरतते हुए ईरानी विदेश मंत्री अब्बास अराघची और संसद अध्यक्ष मोहम्मद-बाकेर गालिबाफ सहित प्रतिनिधिमंडल ने बीच रास्ते में ही अपना जहाज बदल दिया था। मोहम्मद मरांडी ने बताया कि प्रतिनिधिमंडल ने जहाज बदलने के साथ ही बस और ट्रेन से तेहरान पहुंचने का वैकल्पिक रास्ता अपनाया था। ईरानी प्रतिनिधिमंडल के साथ तेहरान विश्वविद्यालय के प्रोफेसर मरांडी भी इस्लामाबाद गए थे। उन्होंने कहा कि इस्लामाबाद जाते समय हमें सीधे तौर पर धमकी मिली थी कि हमारे विमान पर हमला हो सकता है। प्रोफेसर मरांडी ने खुलासा किया कि इसी वजह से तेहरान लौटते समय प्रतिनिधिमंडल ने खुफिया तरीके से अपना विमान बदल लिया था। मरांडी ने कहा कि हम अमेरिका पर भरोसा नहीं करते हैं और हम युद्ध के अगले दौर की तैयारी में भी बहुत व्यस्त हैं। उन्होंने आगे कहा कि ईरान हमेशा से जानता था कि अमेरिका धोखेबाज है। उन्होंने कहा कि ईरानी शासन जब कूटनीति की मेज पर बातचीत करने के साथ ही अपनी सैन्य क्षमताओं को भी मजबूत कर रहा है।



इस्लामाबाद में ईरानी प्रतिनिधिमंडल का स्वागत करते हुए पाकिस्तान के पीएम शहबाज शरीफ फाइल फोटो


## होमुर्ज खोलने से खुश है चीनः ट्रंप



वहीं, अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा है कि उन्होंने चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग को एक पत्र लिखा जिसमें कहा गया था कि बीजिंग ईरान को हथियारों की आपूर्ति ना करें। ट्रंप ने बताया कि इसके जवाब में राष्ट्रपति शी ने भी खत लिखकर कहा कि वो ऐसा नहीं कर रहे हैं। बता दें, अमेरिकी खुफिया एजेंसियों ने संकेत दिया था कि चीन ईरान को आधुनिक हथियार भेजने की तैयारी कर रहा था। ट्रंप ने यह भी कहा है कि उन्हें लगता है कि तेल की कीमतें फिर से उसी स्तर पर आ जाएंगी जिस पर वो पहले थीं। राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने ट्रूथ सोशल पर पोस्ट कर कहा कि चीन बहुत खुश है कि मैं स्ट्रेट ऑफ होर्मुज को हमेशा के लिए खोल रहा हूं। मैं यह उनके लिए भी कर रहा हूं और दुनिया के लिए भी।

**अमेरिका के खिलाफ जंग में चीन ने की थी मदद**

## दावाः ईरान ने सैटेलाइट की मदद से दुश्मन के ठिकानों पर बरसाए थे बम



एक मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, ईरान ने गुप्त रूप से चीन से एक जासूसी सैटेलाइट हासिल किया, जिसके जरिए उसने पूरे क्षेत्र में अमेरिकी सैन्य ठिकानों की निगरानी की और हमलों के लिए रणनीतिक जानकारी जुटाई। रिपोर्ट के मुताबिक, टीईई-01बी नाम का यह सैटेलाइट चीनी कंपनी अर्थ आईको द्वारा तैयार किया गया और चीन से ही लॉन्च किया गया था। इसे 2024 के अंत में ईरान की इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स (आईआरजीसी) की एयरोस्पेस फोर्स ने अपने नियंत्रण में लिया। ईरान ने इस सैटेलाइट को सीधे निर्देश देकर पश्चिम एशिया में मौजूद प्रमुख अमेरिकी सैन्य ठिकानों की निगरानी करवाई। दस्तावेजों में समय-चिह्नित कोऑर्डिनेट्स, सैटेलाइट इमेजरी और ऑर्बिटल एनालिसिस शामिल हैं, जिनसे यह संकेत मिलता है कि निगरानी बेहद व्यवस्थित और योजनाबद्ध तरीके से की गई। बताया गया है कि सैटेलाइट से ली गई तस्वीरें मार्च महीने में उन ठिकानों की हैं, जहां ड्रोन और मिसाइल हमले हुए थे। रिपोर्ट के अनुसार, हमलों से पहले और बाद की तस्वीरों का विश्लेषण भी किया गया, जिससे यह समझा जा सके कि हमले कितने प्रभावी रहे।

## ईरान के समृद्ध यूरेनियम को संभालने की तैयारी में रूस

रूस ने एक बार फिर संकेत दिया है कि वह ईरान के समृद्ध यूरेनियम से जुड़े विवाद को सुलझाने में सहयोग देने के लिए तैयार है। रूस के विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव ने बुधवार को बीजिंग में पत्रकारों से बातचीत के दौरान कहा कि मॉस्को इस संवेदनशील मामले में कई तरीकों से सहयोग कर सकता है। उन्होंने बताया कि इसमें उच्च स्तर पर संवर्धित यूरेनियम को ईंधन-ग्रेड यूरेनियम में बदलने की प्रक्रिया में मदद कर सकता है। इसके अलावा, जरूरत पड़ने पर यूरेनियम की एक निश्चित मात्रा को रूस में सुरक्षित रखने का विकल्प भी मौजूद है। लावरोव ने यह भी स्पष्ट किया कि कोई भी कदम ईरान की सहमति से और उसके अधिकारों का सम्मान करते हुए ही उठाया जाएगा। उन्होंने कहा कि जैसे अन्य देशों को शांतिपूर्ण उद्देश्यों के लिए यूरेनियम संवर्धन का अधिकार है, वैसे ही ईरान को भी यह अधिकार प्राप्त है। बता दें, रूस, ईरान और छह विश्व शक्तियों के बीच हुआ ईरान परमाणु समझौता 2015 इस पूरे मुद्दे की अहम कड़ी है। इस समझौते के तहत ईरान ने अपने परमाणु कार्यक्रम को सीमित करने पर सहमति जताई थी, जिसके बदले उसे आर्थिक प्रतिबंधों में राहत दी गई थी। इस दौरान रूस ने ईरान से बड़ी मात्रा में समृद्ध यूरेनियम हटाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी।

### ईरान के परमाणु कार्यक्रम हो जांचः आईएईए



संयुक्त राष्ट्र की परमाणु निगरानी एजेंसी अंतर्राष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजेंसी (आईएईए) के महानिदेशक राफेल मारियानो ग्रॉसी ने कहा है कि किसी भी समझौते में ईरान के परमाणु कार्यक्रम की बेहद विस्तृत और सख्त निगरानी व्यवस्था शामिल करना जरूरी होगा। ग्रॉसी ने दक्षिण कोरिया की राजधानी सियोल में पत्रकारों से बातचीत में कहा कि ईरान का परमाणु कार्यक्रम काफी व्यापक और महत्वाकांक्षी है, इसलिए इसकी निगरानी के लिए आईएईए निरीक्षकों की मौजूदगी अनिवार्य होगी। उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि अगर ऐसा नहीं हुआ तो समझौता सिर्फ एक भ्रम बनकर रह जाएगा।

### ईरान के पास 10 परमाणु बम बनाने जितना यूरेनियम

आईएईए की रिपोर्ट के मुताबिक, जून 2025 में 12 दिन चले संघर्ष के दौरान इजराइल और अमेरिका द्वारा बमबारी किए गए ईरानी परमाणु ठिकानों तक एजेंसी को अब तक पहुंच नहीं दी गई है। ऐसे में यह पता नहीं है कि ईरान ने यूरेनियम संवर्धन गतिविधियां रोकी हैं या नहीं, और उसके पास कुल कितना परमाणु सामग्री भंडार मौजूद है। रिपोर्ट के अनुसार, ईरान के पास करीब 440.9 किलोग्राम यूरेनियम है, जिसे 60 प्रतिशत तक संवर्धित किया गया है। यह स्तर 90 प्रतिशत के हथियार-ग्रेड के काफी करीब माना जाता है। यह मात्रा सैद्धांतिक रूप से 10 परमाणु बम बनाने के लिए पर्याप्त हो सकती है।

## अमेरिका का हिजबुल्ला कमांडर पर 10 मिलियन डॉलर के इनाम का ऐलान

अमेरिकी विदेश मंत्रालय के रिवाड्र्स फॉर जस्टिस कार्यक्रम ने अहमद अल-हामिदावी पर 10 मिलियन डॉलर का इनाम घोषित किया है। हामिदावी ईरान समर्थित मिलिशिया काताइब हिजबुल्ला का कमांडर है। विदेश मंत्रालय ने एक्स पर एक पोस्ट में उसकी तस्वीर जारी की। पोस्ट में कहा गया कि यह समूह इराक में अमेरिकी राजनयिक ठिकानों पर हमलों के लिए जिम्मेदार है। इसके साथ इस पर अमेरिकी नागरिकों के अपहरण और निर्दोष इराकी नागरिकों की हत्या के आरोप भी हैं।

**अमेरिका के बिना होर्मुज मिशन की योजना बना रहा यूरोप**

## समुद्री मार्गों पर भरोसा बहाल करने के लिए अंतरराष्ट्रीय गठबंधन बनाने का प्रस्ताव



होर्मुज जलडमरू मध्य

यूरोपीय देश होर्मुज स्ट्रेट को लेकर एक योजना तैयार कर रहे हैं। यूरोपीय देश यह योजना होर्मुज स्ट्रेट से बिना अमेरिका के सीधे दखल के शिपिंग को सुरक्षित करने के लिए बना रहे हैं। ईरान-अमेरिका संघर्ष के दौरान ट्रांस-अटलांटिक संबंधों को नया रूप दिया है। बता दें, ट्रांस-अटलांटिक अमेरिका, कनाडा और यूरोपीय संघ के बीच एक रणनीतिक, सुरक्षा, राजनीतिक और आर्थिक साझेदारी है, जो द्वितीय विश्व युद्ध के बाद से विश्व व्यवस्था की आधारशिला माना जाता रहा है। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, ब्रिटेन और फ्रांस की अगुवाई में एक प्रस्ताव तैयार किया जा रहा है, जिसके तहत लड़ाई समाप्त होने के बाद समुद्री मार्गों पर भरोसा बहाल करने के लिए एक बड़ा अंतरराष्ट्रीय गठबंधन बनाया जाएगा। अधिकारियों के हवाले से बताया गया है कि इस पहल में समुद्र में बिछी माइंस को हटाने के अभियान (माइन-क्लियरिंग ऑपरेशन) और नौसेना की तैनाती जैसे कदम शामिल होंगे। हालांकि, अमेरिका, इजरायल और ईरान जैसे सीधे तौर पर संघर्ष में शामिल देशों को इस गठबंधन से बाहर रखा जाएगा।

## नाकाबंदी के बावजूद ईरानी जहाज ने पार किया होर्मुज

अमेरिकी पाबंदी के बावजूद दो मालवाहक जहाज ईरान के बंदरगाहों तक पहुंचने में सफल रहे। ब्रिटिश शिपिंग मीडिया की एक रिपोर्ट के अनुसार, इन जहाजों ने पकड़े जाने से बचने के लिए अपने 'स्वचालित पहचान प्रणाली' (एआईएस) के डेटा में चालाकी से बदलाव किया था। ईरान के झंडे वाले दो कंटेनर जहाजों ने पहले अपनी मंजिल दक्षिणी ईरान का 'बंदर अब्बास' बंदरगाह बताया था। लेकिन नाकेबंदी शुरू होते ही उन्होंने अपने संदेश को बदलकर 'पीजी पोर्ट्स' (फारस की खाड़ी के बंदरगाह) कर दिया। इस चालाकी की मदद से वे मंगलवार को सफलतापूर्वक बंदर अब्बास पहुंच गए।

## ईरान मिसाइल बेस का मलबा साफ कर रहा



अप्रैल 2026 में अमेरिका और ईरान के बीच दो हफ्ते का युद्धविराम हुआ। ईरान ने 7 अप्रैल को इस युद्धविराम पर सहमति जताई। युद्धविराम के तीसरे दिन यानी 10 अप्रैल को एयरबस कंपनी की सैटेलाइट ने ईरान के खोमिन और तबरेज इलाकों में मिसाइल बेसों की तस्वीरें लीं। इन तस्वीरों में साफ दिख रहा है कि ईरान के इंजीनियरिंग वाहन टनल के मुंह पर पड़े मलबे को हटा रहे हैं। एक ट्रैक्टर बकेट से मलबा उठाकर पास खड़े डंप ट्रक में डाल रहा है। यह काम इसलिए किया जा रहा है।

## गुजरात पहुंचा भारतीय एलपीजी टैंकर

भारतीय ध्वज वाला जहाज जग विक्रम करीब 20,400 मीट्रिक टन एलपीजी लेकर गुजरात के कांडला स्थित दीनदयाल पोर्ट अथॉरिटी पर पहुंच गया है। यह जहाज दीनदयाल बंदरगाह प्राधिकरण कांडला में मंगलवार रात ऑयल जेटी-1 पर सुरक्षित रूप से लंगर डाल चुका है। यह टैंकर 11 अप्रैल को स्ट्रेट ऑफ होर्मुज पार कर आगे बढ़ा था। यह जहाज मार्च की शुरुआत के बाद फारस की खाड़ी से बाहर निकलने वाला नौवां भारतीय जहाज है। हालांकि अभी भी करीब 15 भारतीय ध्वज वाले जहाज क्षेत्र में मौजूद हैं और आगे के मार्ग के लिए इंतजार कर रहे हैं।

## इटली के साथ शांति की बात बेकारः ट्रंप

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने इटली की पीएम जॉर्जिया मेलोनी पर नाराजगी जताई है। उन्होंने कहा कि मेलोनी ने ईरान के खिलाफ जंग में अमेरिका का साथ नहीं दिया और हिम्मत नहीं दिखाई। ऐसे में शांति की बात करना बेकार है। एक इंटरव्यू में ट्रंप कहा कि मैं हैरान हूं। मैंने सोचा था उनमें हिम्मत है, लेकिन मैं गलत था। उन्होंने आरोप लगाया कि मेलोनी का रुख ईरान के मुद्दे पर कमजोर रहा है। उन्होंने कहा कि अगर ईरान को परमाणु हथियार मिल जाता है, तो वह इटली को 2 मिनट में तबाह कर सकता है। इस खतरे को समझे बिना शांति की बात करना सही नहीं है।

## खबर संक्षेप

### अन्वी नॉर्थ कैरोलिना की टॉप वुमन लीडर्स में शामिल



**नई दिल्ली।** अमेरिका की प्रतिष्ठित ड्यूक यूनिवर्सिटी में बायोमेडिकल इंजीनियरिंग की पढ़ाई कर रहीं कश्मीर मूल की छात्रा अन्वी कौल को नॉर्थ कैरोलिना की टॉप वुमन लीडर्स 2026 की सूची में शामिल किया गया है। वे 'डीन लिस्ट विद डिस्टिंक्शन' में जगह बनाए हुए हैं। वह ड्यूक स्टूडेंट गवर्नमेंट की सह-अध्यक्ष के पद पर कार्यरत हैं और 1,400 से अधिक अंडरग्रेजुएट छात्रों का प्रतिनिधित्व करती हैं।

### अंतरराष्ट्रीय उड़ानों में 7.9% की गिरावट



**नई दिल्ली।** अमेरिका और ईरान के बीच चल रहे तनाव से अप्रैल महीने में देश की कुल विमानन क्षमता जिसमें घरेलू और अंतरराष्ट्रीय में 0.2 प्रतिशत की कमी रही। इसकी वजह अंतरराष्ट्रीय उड़ानों की क्षमता में आई तेज कमी है, जो लगभग 7.9 प्रतिशत तक पहुंच गई। घरेलू उड़ानों की क्षमता में 3.4 प्रतिशत की बढ़ोतरी जरूर हुई, लेकिन यह बढ़ोतरी अंतरराष्ट्रीय स्तर पर आई कमी की भरपाई नहीं कर पाई।

### तुर्किये के स्कूल में फायरिंग, 4 लोगों की मौत



**अंकारा।** दक्षिणपूर्वी तुर्किये के एक स्कूल में बुधवार को एक छात्र ने गोलीबारी की, जिसमें चार लोगों की मौत हो गई और 20 अन्य घायल हो गए। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। कहरामनमारास प्रांत के गवर्नर मुकेर्रम उनलुएर ने कहा कि हमलावार छात्र अपने पिता की बंदूक लेकर आया था। हमलावर स्वयं भी मारा गया।

व्यापार समझौते और नए टैरिफ स्ट्रक्चर पर होगी बात

# भारतीय प्रतिनिधिमंडल की टीम 20 से 22 अप्रैल के बीच अमेरिका का दौरा करेगी

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली

अमेरिका और भारत के बीच प्रस्तावित व्यापार समझोते और नए टैरिफ स्ट्रक्चर पर स्पष्टता लाने के लिए भारत का एक प्रतिनिधिमंडल इस मुद्दे पर बातचीत के लिए अगले सप्ताह अमेरिका का दौरा करेगा। भारतीय वार्ताकारों की टीम 20 से 22 अप्रैल के बीच अमेरिका का दौरा करेगी, जहां दोनों देशों का जोर ट्रेड डील और टैरिफ से जुड़े अनसुलझे मुद्दों को सुलझाकर समझौते को अंतिम रूप देने पर रहेगा। भारत और अमेरिका के बीच प्रस्तावित ट्रेड डील को लेकर यह ताजा जानकारी पीएम नरेंद्र मोदी और राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के बीच 14 अप्रैल को द्विपक्षीय संबंधों और आर्थिक सहयोग के मुद्दे पर हुई 40 मिनट की टेलिफोन बातचीत के बाद आई है। अमेरिका-ईरान के बीच इस्लामाबाद में वार्ता विफल होने के बाद दोनों नेताओं की पहली बातचीत थी।

समझौते का फ्रेमवर्क पहले ही तय हुआ

समझौता पहले मार्च में साइन होना था



बाएं से हॉवर्ड लटनिक, पीयूष गोयल, राजदूत सर्जियो गोर फाइल फोटो

## कई अहम क्षेत्रों पर सकारात्मक चर्चाः राजदूत गौर

भारत में अमेरिकी राजदूत सर्जियो गोर ने बातचीत को सकारात्मक बताते हुए कहा कि दोनों नेताओं ने प्रस्तावित व्यापार समझौते सहित कई अहम क्षेत्रों पर चर्चा की। उन्होंने संकेत दिया कि भारत और अमेरिका के बीच ऊर्जा समेत कई बड़े समझौते आने वाले दिनों में सामने आ सकते हैं। पीएम मोदी ने भी एक्स पर एक पोस्ट करके राष्ट्रपति ट्रंप के साथ हुई बातचीत की जानकारी दी। उन्होंने लिखा था कि मेरे मित्र, राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप का फोन आया। हमने विभिन्न क्षेत्रों में अपने द्विपक्षीय सहयोग में हुई महत्वपूर्ण प्रगति की समीक्षा की।

### बातचीत निर्णायक चरण में

भारत और अमेरिका के बीच अंतरिम व्यापारिक समझौते का फ्रेमवर्क पहले ही तय हो चुका है और अब बातचीत निर्णायक चरण में है। यह समझौता मार्च में साइन होना था, लेकिन अमेरिका में टैरिफ से जुड़े बदलावों के चलते इसमें देरी हुई। अमेरिका के सुप्रीम कोर्ट ने राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के 'रेसिप्रोकल टैरिफ' को अवैध बताकर रद्द कर दिया था।

### *भारत टैरिफ पर स्पष्टता चाह रहा*


*हालांकि, यूरोपीय यूनियन और अन्य कई देशों ने अमेरिकी सुप्रीम कोर्ट के आदेशों का हवाला देते हुए ट्रंप प्रशासन से टैरिफ पर स्पष्टता की मांग की। भारत भी नए टैरिफ स्ट्रक्चर पर स्पष्टता चाहता है। इसीलिए दोनों देशों मुख्य वार्ताकारों की बैठक, जो फरवरी में ट्रेड डील को अंतिम रूप देने के लिए प्रस्तावित थी, इन बदलावों के कारण टाल दी गई थी।*

### *यूएस द्विपक्षीय व्यापार की समीक्षा कर रहा*

*इस बीच, संयुक्त राज्य अमेरिका के व्यापार प्रतिनिधि कार्यालय ने 60 देशों के साथ अमेरिका के द्विपक्षीय व्यापार की समीक्षा के लिए सेक्शन 301 के तहत जांच भी शुरू की है। इसके अलावा यूएसटीआर ने 16 अर्थव्यवस्थाओं की औद्योगिक नीतियों की अलग से जांच शुरू की है, जिनमें भारत और चीन शामिल हैं। इससे व्यापार वार्ता और जटिल हो गई है।*

एजेडईसी-प्लस मीटिंग में बोले जयशंकर

## व्यापारिक जहाजों पर हमले पूरी तरह से अस्वीकार्य, ऊर्जा आपूर्ति बाधित न हो



हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली

भारत ने ऊर्जा आपूर्ति श्रृंखला में व्यवधानों को लेकर अपनी गंभीर चिंता व्यक्त करते हुए सुरक्षित और निर्बाध समुद्री परिवहन की आवश्यकता पर जोर दिया है। जापान द्वारा आयोजित 'एजेडईसी' बैठक में भाग लेते हुए विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर ने स्पष्ट किया कि वैश्विक ऊर्जा बाजारों की स्थिरता के लिए समुद्री मार्गों का सुरक्षित रहना बेहद जरूरी है। भारत ने कहा कि व्यापारिक जहाजों पर किसी भी प्रकार के हमले पूरी तरह अस्वीकार्य हैं, और इससे न केवल क्षेत्रीय बल्कि वैश्विक अर्थव्यवस्था पर भी नकारात्मक असर पड़ता है। ग्लोबल ग्रोथ की मांग है कि ऊर्जा आपूर्ति में किसी भी प्रकार की बाधा न आए। बड़े उपभोक्ता के तौर पर भारत सप्लाई चेन को सुदृढ़ करने के लिए अपने साझेदारों संग काम करने के लिए प्रतिबद्ध है।

### *ऑस्ट्रिया चांसलर की जयशंकर से मुलाकात*



*अपनी पहली चार दिवसीय आधिकारिक भारत यात्रा के तहत नई दिल्ली पहुंचे ऑस्ट्रिया के चांसलर डॉ. क्रिश्चियन स्टॉकर के साथ विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर ने शिष्टाचार मुलाकात की। गुरुवार को चांसलर स्टॉकर की पीएम नरेंद्र मोदी के साथ हैदराबाद हाउस में एक उच्च-स्तरीय बैठक होगी। जिसमें दोनों देशों के द्विपक्षीय संबंधों से जुड़े हुए विभिन्न पहलुओं के अलावा साझा हितों से संबंधित क्षेत्रीय और वैश्विक मुद्दों पर भी विचार-विमर्श किया जाएगा। वहीं, ऑस्ट्रिया चांसलर ने कहा कि डॉ. जयशंकर से मुलाकात में व्यापार, प्रौद्योगिकी, नवाचार और यूरोपीय संघ तथा भारत के मध्य रणनीतिक साझेदारी पर चर्चा की है। यह विषय हैं भू-राजनीतिक अनिश्चितता के दौर में पहले से कहीं ज्यादा महत्वपूर्ण हो गए हैं'। दोनों देशों के बीच 75 वर्ष से अधिक समय से कूटनीतिक संबंध बने हुए हैं। यह आधार मुझे पहले से कहीं अधिक मजबूत महसूस हो रहा है।*

संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में सुधार की मांग

## भारत ने यूएन के दो-लेवल वाली स्थायी सदस्यता का किया विरोध

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली



भारत लंबे समय से संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में सुधार की मांग कर रहा है। भारत ने एक बार फिर से संयुक्त राष्ट्र परिषद की सदस्यता और वीटो पावर को लेकर अपना पक्ष रखा है। यूएन में भारत के स्थायी प्रतिनिधि पर्वतनेनी हरीश ने यूएनएससी में दो-लेवल वाले (टू टियर) स्थायी सदस्यता वाले स्तर का विरोध किया और जी4 के यूएनएससी में सुधार के बाद 15 साल के लिए वीटो पावर को टालने के प्रस्ताव पर सहमति जताई। बता दें, यूएनएससी में 'टू-टियर' स्थायी सदस्यता प्रस्ताव नए सदस्यों के लिए स्थायी सीटों की एक नई कैटेगरी बनाने की बात करता है। पी5 (अमेरिका, रूस, चीन, फ्रांस, ब्रिटेन) के पास अभी मौजूद वीटो पावर इन नए स्थायी सदस्यों में शामिल नहीं है। भारत इसका विरोध कर रहा है। पी हरीश ने कहा कि दो मूल कारण हैं जिनकी वजह से संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद का ढांचा असंतुलित नजर आता है और उसकी वैधता व प्रतिनिधित्व पर सवाल उठते हैं, ये हैं सदस्यता और वीटो प्रणाली।

अंतर-मंत्रालयी प्रेस वार्ता में विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता का दावा

# अमेरिका-ईरान युद्ध के बीच 9 लाख 84 हजार भारतीय सुरक्षित लौटे

**भारत ने दोहराया बातचीत-कूटनीति से समाधान निकालने का अपना पुराना पक्ष**

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली



अमेरिका-ईरान युद्ध की 28 फरवरी 2026 को हुई शुरुआत से लेकर अब तक पश्चिम-एशिया सहित खाड़ी क्षेत्र से भारत के कुल 9 लाख 84 हजार नागरिक सुरक्षित ढंग से स्वदेश पहुंच गए हैं। जबकि अकेले ईरान में सड़क मार्ग से सीमा पार करने वाले लोगों की संख्या 2 हजार 323 तक पहुंच गई है। जिसमें 1 हजार 28 छात्र और 657 मछुआरे भी शामिल हैं। जल्द ही यह सभी स्वदेश लौटेंगे। वहीं, केंद्रीय जहाजरानी मंत्रालय ने बताया कि अब तक कुल करीब 2 हजार 337 नाविकों की सुरक्षित वतन वापसी हुई है। यह जानकारी पश्चिम-एशिया के मामले पर बुधवार को राजधानी में हुई अंतर-मंत्रालयी प्रेस वार्ता में विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल, मंत्रालय में अतिरिक्त सचिव (खाड़ी क्षेत्र) असीम आर. महाजन और केंद्रीय जहाजरानी मंत्रालय के एक अधिकारी ने दी है।

### पीएम ने जहाजों की निर्बाध और सुरक्षित आवाजाही पर जोर दिया

रणधीर जायसवाल ने कहा कि संघर्ष के बीच जारी भारत की वैश्विक संवाद प्रक्रिया बेरोकटोक जारी है। इसी क्रम में बीते 14 अप्रैल को अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने पीएम नरेंद्र मोदी से टेलीफोन पर बातचीत की है। जिसमें दोनों देशों के आपसी सहयोग से जुड़े तमाम मुद्दों और व्यापक वैश्विक सामरिक साझेदारी पर चर्चा की गई है। साथ ही होर्मुज के अलावा वैश्विक नौवहन व्यापार से जुड़े जलमार्गों पर जहाजों की निर्बाध और सुरक्षित आवाजाही के महत्व पर भी जोर दिया गया है। उन्होंने दोहराया कि भारत हमेशा से ही इस विवाद के बीच तनाव को कम करने और उसके लिए बातचीत और कूटनीति के माध्यम से शांतिपूर्ण समाधान निकाले जाने के पक्ष में खड़ा रहा है।

### सभी खाड़ी देश भारत के मददगार बने हुए

असीम आर. महाजन ने बताया कि क्षेत्र के मौजूदा हालात पर विदेश मंत्रालय की कड़ी नजर बनी हुई है। जिसमें भारतीयों की सुरक्षा और कल्याण को शीर्ष प्राथमिकता दी जा रही है। मंत्रालय ने अब तक 2 हजार 337 भारतीय नाविकों की सुरक्षित वतन वापसी कराई है। जिसमें 75 नाविकों को बीते एक दिन के अंदर देश वापस लाया गया है। उन्होंने कहा कि इजराइल की हवाई सीमा आंशिक रूप से खुली हुई है और वह प्रतिबंधित रूप से सीमित हवाई उड़ान सेवाओं का संचालन कर रहे हैं। वहां से भारतीयों को जॉर्डन और मिस्र जैसे देशों के रास्ते सुरक्षित वापस लाया जा रहा है। इराक की हवाई सीमा खुली हुई है और वहां से मंत्रालय अपने नागरिकों को जॉर्डन और सऊदी अरब के रास्ते वापस स्वदेश भेजने में सहयोग कर रहा है। कुवैत की हवाई सीमा बंद होने से जजीरा एयरवेज और कुवैत एयरवेज अपनी उड़ानों को सऊदी अरब के दम्माम हवाईअड्डे से भारत भेज रही हैं। बहरीन की हवाई सीमा खुली हुई है और गल्फ एयर ने सऊदी अरब के दम्माम हवाईअड्डे से भारत के विभिन्न इलाकों के लिए उड़ान तय की हैं।

## खबर संक्षेप



### महिलाएं नारी शक्ति वंदन अधिनियम से खुश

**औबेदुल्लागंज।** औबेदुल्लागंज में महिलाओं के बीच नारी शक्ति वंदन अधिनियम को लेकर खासा उत्साह देखने को मिला। स्थानीय महिलाओं ने एकत्रित होकर इस ऐतिहासिक निर्णय का स्वागत किया और इसे महिला सशक्तिकरण की दिशा में बड़ा कदम बताया। कार्यक्रम में शामिल महिलाओं ने कहा कि सशक्त महिला नेतृत्व से न केवल महिलाओं के अधिकार सुरक्षित होंगे, बल्कि समाज में समानता और विकास को भी नई गति मिलेगी। उन्होंने केंद्र सरकार के इस निर्णय की सराहना करते हुए इसे ऐतिहासिक बताया। कार्यक्रम में नपा अध्यक्ष लक्ष्मी चौकसे, नपा उपाध्यक्ष नमीता अग्रवाल, पार्षद हेमलता चौरसिया एवं महिलाएं उपस्थित रहीं।

### स्वामी भगत प्रकाश महाराज आज आएंगे

**संतनगर।** प्रेम प्रकाश आश्रम बैरागढ़ में जयपुर से स्वामी भगत प्रकाश महाराज संत मंडली के साथ 16 अप्रैल को प्रातः 10 बजे प्रेम प्रकाश आश्रम के उद्घाटन व प्रेम प्रकाश मण्डलाचार्य ब्रहनिष्ठ सद्गुरू स्वामी टेऊंराम महाराज के मूर्तियों की प्राण प्रतिष्ठा के लिए पधार रहे हैं। प्रेम प्रकाश मंडल के सेवाधारियों द्वारा उनका स्वागत किया जाएगा एवं बैरागढ़ बस स्टैंड से लेकर बैरागढ़ एफ वार्ड स्थित प्रेम प्रकाश मंडल आश्रम तक शोभायात्रा निकाली जाएगी।

### डॉक्टर और इंजीनियरिंग छात्र से लूटपाट

**भोपाल।** पिपलानी थाना क्षेत्र में महज बीस मिनट के भीतर मोबाइल लूट की दो घटनाएं हुई। इसके अगले ही दिन एक अन्य वारदात में बाइक सवार बदमाश मोबाइल झपटकर फरार हो गए। पुलिस का अनुमान है कि वारदात एक ही बाइक सवार दों बदमाशों ने की है। पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर झपटमारों की तलाश शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार मूलरूप से जिला सीतामढ़ी बिहार निवासी रामदरेश महतो (28) यहां बी-सेक्टर राजीव नगर थाना अयोध्या नगर में रहता है और एनआरआई कॉलेज में बीएससी नर्सिंग का कोर्स कर रहा है। मंगलवार 14 अप्रैल की रात 8 बजे वह रत्नागिरी तिराहे से सब्जी लेकर अपने घर राजीव नगर की ओर पैदल जा रहा था। जैसे ही वह कल्पना नगर के सामने सब्जी मंडी पुलिया के पास अयोध्या बायपास पहुंचा, तभी अचानक पीछे से मोटरसाइकिल सवार दो बदमाश आए और पीछे बैठे बदमाश ने उसके हाथ से मोबाइल झपट लिया। दोनों बदमाश वारदात को अंजाम देकर अयोध्या नगर की ओर भाग निकले।

### शासकीय आश्वासनों संबंधी समिति की बैठक



**भोपाल।** विधानसभा में शासकीय आश्वासनों संबंधी समिति की बैठक सभापति हरिशंकर खटीक के नेतृत्व में सम्पन्न हुई, जिसमें सदस्य विष्णु खत्री, राम निवास शाह, राजन मंडलोई, गौरव सिंह, प्रमुख सचिव अरविन्द शर्मा सहित अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे। आश्वासन समिति की प्रथम बैठक पर मध्य प्रदेश विधानसभा के प्रमुख सचिव अरविन्द शर्मा द्वारा सभापति एवं अन्य सदस्यों का पुष्पगुच्छ भेंटकर स्वागत किया तथा समिति के कार्यों एवं लंबित प्रकरणों के निराकरण के संबंध में अध्यक्ष द्वारा दिए गए सुझावों से समिति को अवगत कराया गया।

**शुभांक**

| | | | |
|---|---|---|---|
| कल्याण: | 1736 | | |
| दिनः | 458 | 77 | 269 |
| रात: | 880 | 62 | 147 |
| तारा: | | | |
| दिनः | 678 | 10 | 569 |
| रात: | 567 | 84 | 680 |

# लिव इन पार्टनर को सबक सिखाने किया 6 साल की बेटी का अपहरण, पुलिस ने धरदबोचा

**मोबाइल पर दी हत्या करने की धमकी**

**पुलिस ने आरोपी की लोकेशन की जानकारी यूपी पुलिस को दी**

**बजरिया पुलिस ने यूपी पुलिस की मदद से उरई स्टेशन से किया बरामद**

**आरोपी एवं बच्ची को लेकर भोपाल के लिए रवाना हुई पुलिस**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

स्टेशन बजरिया थाना क्षेत्र में मंगलवार दोपहर एक महिला के लिव-इन पार्टनर ने उसकी 6 साल की बेटी का अपहरण कर लिया। प्रेमिका की उपेक्षा से नाराज होकर आरोपी ने बच्ची के अपहरण की योजना बनाई और उसे प्रतापगढ़ एक्सप्रेस से सीतापुर यूपी ले जाने के लिए रवाना हो गया।

बच्ची के अपहरण की जानकारी मिलते ही पुलिस सक्रिय हो गई और आरोपी के लोकेशन की जानकारी यूपी पुलिस को दी। यूपी की रेलवे पुलिस ने आरोपी और छह साल की बच्ची को उरई रेलवे



स्टेशन से बरामद कर लिया। आरोपी के खिलाफ अपहरण कर प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी। टीम बुधवार शाम बच्ची और आरोपी को लेकर भोपाल आने के लिए रवाना हो गई थी।

### *9 साल के बेटे और 6 साल की बेटी के साथ रहती है महिला*

*पुलिस के अनुसार द्वारिका नगर में रहने वाली 32 साल की महिला पति से अलग रहती है। वह अपने 9 साल के बेटे और 6 साल की बेटी के साथ यहां रहती है। स्टेशन क्षेत्र की एक होटल में रोटी बनाने का काम करती है। करीब डेढ़ साल पहले महिला की शंकर राजपूत से पहचान हुई। दोनों एक-दूसरे को पसंद करने लगे और लिव-इन रिलेशनशिप में रहने लगे। शंकर राजपूत यूपी के सीतापुर का है। कुछ दिनों से महिला और शंकर राजपूत के बीच विवाद हो रहा था। शंकर शराब पीने का आदी है और कोई काम भी नहीं करता। वह पूरी तरह से महिला पर निर्भर था और बात-बात पर महिला और उसके बच्चों को परेशान करता था। लिव-इन पार्टनर का रवैया देखकर महिला ने उससे दूरी बना ली।*

### प्रेमिका को दी बच्ची को अगवा करने की जानकारी

पुलिस ने बताया कि महिला के नजरअंदाज करने से शंकर राजपूत गुस्से में आ गया। उसने महिला को सबक सिखाने उसकी छह साल की बेटी का अपहरण कर लिया। मंगलवार दोपहर करीब 3 बजे उसने बच्ची को अगवा किया। कुछ देर वो बच्ची को लेकर इधर-उधर घूमता रहा, फिर शाम करीब 7 बजे सीतापुर की ओर जाने वाली ट्रेन प्रतापगढ़ एक्सप्रेस में बैठ गया। उसने महिला को कॉल कर बच्ची का अपहरण और हत्या करने की धमकी दी। रात करीब 10 बजे महिला शिकायत लेकर स्टेशन बजरिया थाने पहुंची। मामले की जानकारी मिलते ही पुलिस हरकत में आ गई। साइबर सेल की मदद से आरोपी की लोकेशन ट्रेस की गई। सीतापुर जाने के लिए रवाना होने वाली ट्रेनों पर भी नजर रखी गई। इस बीच लोकेशन से पुलिस को पता चला कि आरोपी प्रतापगढ़ एक्सप्रेस में सवार हुआ है। प्रतापगढ़ एक्सप्रेस की लोकेशन ट्रेस होते ही स्टेशन बजरिया पुलिस ने उत्तर प्रदेश की जीआरपी से संपर्क किया।

**चश्मा ड्रेसअप देखकर किसी को नहीं होता था संदेह कि कर रही गांजे की तस्करी**

# एसी फर्स्ट में टिकट बुक कर अमेरिकन टूरिस्टर के बैग में युवतियां लाती थीं गांजा

**इंस्टाग्राम पर एड देखकर पता चला कि ओड़िसा में मिल जाता है गांजा, स्टेशन पर गांजे की छोटी पुड़िया की कीमत देखकर ललचाया मन**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

अयोध्या नगर पुलिस ने दो युवतियों और उनके साथी को गांजा तस्करी करते पकड़ा है। जल्दी पैसा कमाने की चाह में युवतियां ओड़िसा से गांजा लेकर आती थी और उसे अपने साथी के माध्यम से बेच देती थी। एसी फर्स्ट में टिकट बुक कर अमेरिकन टूरिस्टर के बैग में टिप टॉप हुलिया बनाकर युवतियां कुछ इस तरह आती थी कि किसी को संदेह ही नहीं होता था कि वे गांजा तस्कर है। पुलिस ने युवतियों और उनके साथी से 6 किलो 285 ग्राम गांजा जब्त किया है। आरोपियों पर एनडीपीएस एक्ट की धाराओं में कार्रवाई कर गांजे के सप्लाई चेन के बारे में पूछताछ की जा रही है।

थाना प्रभारी महेश लिल्हारे ने बताया कि ड्रग्स की तस्करी करने वालों की धरपकड़ के लिए विशेष टीम का गठन किया गया था। टीम को मुखबिर से सूचना मिली कि अरेड़ी रोड पर निर्माणाधीन बिल्डिंग के पास दो युवतियां और



अयोध्या नगर पुलिस की गिरफ्त में आरोपी।

एक युवक खड़ा है। उनके पास गांजा हो सकता है। पुलिस की टीम महिला स्टाफ के साथ मौके पर पहुंची और युवतियों सहित युवक की तलाशी ली। इस दौरान उनके पास से 6 किलो 285 ग्राम गांजा, बाइक सहित कुल 2 लाख 70 हजार रुपए का माल बरामद हुआ। पूछताछ में आरोपियों की पहचान विनय कुमार पिता घनश्याम सिंह लोधी (25) ग्राम कठोलिया, उदयपुरा, रायसेन हाल पता अशोक विहार कॉलोनी, अशोका गार्डन अंकिता ठाकुर पिता केशव सिंह ठाकुर (19) उदयपुरा बरेली, रायसेन, आरोही सिंह चौहान पिता कौशल सिंह चौहान (28) उपरेहटी मोहल्ला, सिटी कोतवाली, रीवा के रूप में की गई। विनय स्नातक की पढ़ाई करने के बाद प्रॉपर्टी डीलिंग का काम करता था, जबकि दसवीं पास अंकिता दुकान में काम करती थी। इसी प्रकार आरोही एमकॉम की छात्रा थी और कॉल सेंटर में काम कर रही थी। विनय और अंकिता दोस्त हैं, जबकि आरोही अंकिता की रूम पार्टनर है। तीनों में दोस्ती थी।

### इंस्टाग्राम पर देखा विज्ञापन

अंकिता आरोही और विनय को कम समय में अधिक पैसा कमाना था। उन्होंने इंस्टाग्राम पर विज्ञापन देखा। विज्ञापन से उन्हें पता चला कि ओड़िसा में काफी कम कीमत में अच्छी क्वालिटी का गांजा मिलता है। इसके साथ आरोपियों ने यह भी देखा था कि भोपाल और आसपास गांजे की छोटी सी पुड़िया की कीमत ज्यादा है। लिहाजा गांजा तस्करी करने का तीनों ने प्लान बनाया। प्लान के तहत अंकिता और आरोही ओड़िसा पहुंची। लड़कियां होने के कारण उन्हें पता था कि उन्हें कोई चेक नहीं करेगा। साथ ही अपना गेटअप ऐसा बना लिया कि किसी को संदेह न हो। अंकिता और आरोही ने एसी फर्स्ट का टिकट बुक कराया। इसके बाद ओड़िसा से अमेरिकन टूरिस्टर के बैग में गांजा खरीदकर ले आई। उसे भोपाल और आसपास के तस्करों को विनय के माध्यम से बेच दिया। जब उन्हें लगा कि ओड़िसा में महज चार से पांच हजार रुपए किलो का गांजा बाहर चालीस हजार रुपए तक देता है तो उन्होंने इसे अपना काम बना लिया।

**राजगढ़ कॉलोनी गौतम नगर की घटना, बाइक पर थे तीन झपटमार**

### घर के बाहर बैठे युवक से मोबाइल झपटकर भागे

गौतम नगर थाना क्षेत्र स्थित राजगढ़ कॉलोनी में मंगलवार सुबह बाइक सवार तीन अज्ञात बदमाशों ने घर के बाहर चबूतरे पर बैठे युवक का मोबाइल झपट लिया। युवक ने बाइक सवार झपटमारों को दौड़कर पकड़ने का प्रयास किया, लेकिन वह तेजी से बाइक चलाकर भाग निकले। पुलिस ने झपटमारी का प्रकरण दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार राजगढ़ कॉलोनी मेन रोड गौतम नगर निवासी नितिन शाक्य पिता रामसिंह शाक्य (32) ठेले पर बर्तन बेचने का काम करते हैं। मंगलवार 14 अप्रैल की सुबह साढ़े पांच बजे यादव टी स्टॉल से चाय पीकर आने के बाद वह घर के बाहर रोड पर चबूतरे पर बैठकर अपना मोबाइल चला रहे थे। तभी छोला अंडरब्रिज की ओर से मोटरसाइकिल सवार तीन युवक तेजी से आए और उनमें से पीछे बैठे युवक ने नितिन के हाथ से मोबाइल झपट लिया। इससे पहले कि वह कुछ समझ पाते, बदमाश तेजी से बाइक चलाते हुए भाग निकले। नितिन ने दौडकर पीछा करने का प्रयास किया, लेकिन उनकी बाइक की रफ्तार अधिक थी। नितिन का का कहना है कि घटना के समय उसके दो दोस्त भी पास ही मौजूद थे।

**शमशाबाद रोड पर चलती बाइक पर गोली मारी**

# किराना दुकान संचालक की गोली मारकर हत्या

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

बैरसिया थाना क्षेत्र स्थित शमशाबाद रोड पर बुधवार शाम किराना कारोबारी की अज्ञात हमलावरों ने गोली मारकर हत्या कर दी।

करीब दो बजे वह दुकान बंद कर बाइक से निकले थे। शाम करीब चार बजे के आसपास अज्ञात हमलावरों ने उन्हें गोली मार दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने अज्ञात हमलावरों पर हत्या का मामला दर्ज कर शव पीएम के लिए मर्चूरी भेज दिया है। पुलिस परिजन से पूछताछ कर रही है। प्राथमिक पूछताछ में परिजन ने बताया कि वह सुलझे हुए थे। उनका किसी से कोई विवाद नहीं था। पुलिस उनके परिचितों और अन्य लोगों से पूछताछ कर रही है। फिलहाल हत्यारों का कोई भी सुराग नहीं लग सका है। पुलिस के अनुसार हनीफ खान (55) वार्ड क्रमांक-7, बैरसिया में रहते थे और बैरसिया में ही किराना दुकान का संचालन करते थे। बुधवार दोपहर करीब दो बजे वह किराना दुकान बंद कर बाइक से निकले थे। इसके बाद उन्हें कुछ लोगों ने शमशाबाद रोड पर ढाबे से कुछ दूरी पर सड़क पर खून से लथपथ पड़ा देख पुलिस को सूचना दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण कराया। इस दौरान पता चला कि उन्हें सीने में गोली लगी है।

### *हमलावर भी किसी वाहन से आए*

*सड़क के आसपास खेत हैं। दोपहर के समय रोड भी सूना हो जाता है। हनीफ खान बैरसिया से शमशाबाद रोड पर क्यों गए थे, यह कहना मुश्किल है। परिजन का कहना है कि किराना दुकान की वसूली के लिए वह आसपास गांव में जाते थे। अनुमान है कि वह वसूली के लिए निकले थे। इसी दौरान हमलावरों ने उनकी हत्या कर दी। पुलिस को संदेह है कि हत्या के पीछे लेनदेन का विवाद हो सकता है। पुलिस अब किराना दुकान का चिट्ठा खंगालकर बड़ी उधारी वालों के बारे में जानकारी जुटा रही है। पुलिस अन्य पहलुओं पर जांच कर रही है।*

## बीपी-शुगर से परेशान युवती ने फांसी लगाई

**भोपाल।** बागसेवनिया थाना क्षेत्र स्थित रजत विहार कॉलोनी में एक युवती ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। उसके पास से सुसाइड नोट नहीं मिला है। प्राथमिक जांच में यह बात सामने आई कि महज 24 साल की उम्र में उसे हाई बीपी शुगर की समस्या हो गई थी। वह अक्सर बैठे बैठे ही बेहोश हो जाती थी। पुलिस के अनुसार मूलरूप से पिपरिया, जिला नर्मदापुरम निवासी डॉली उर्फ मुस्कान अमोले पिता अशोका अमोले (24) यहां रजत विहार कॉलोनी में किराए का रूम लेकर रहती थी और आशिमा मॉल में प्राइवेट नौकरी करती थी।

## बोर्ड परीक्षाओं में पिता की बीमारी मजदूरी के बीच चमके 'सितारे'

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मंडीदीप



सोनू राठौर



शिव रघुवंशी

माध्यमिक शिक्षा मण्डल मध्यप्रदेश द्वारा जारी कक्षा 10वीं एवं 12वीं बोर्ड परीक्षा परिणामों में रायसेन के दो छात्रों ने कठिन परिस्थितियों में भी शानदार प्रदर्शन किया। सीएल आर्य स्कूल के सोनू राठौर ने कक्षा 12वीं वाणिज्य संकाय में 96.8% अंक प्राप्त कर प्रदेश में 7वां स्थान हासिल किया।

पिता बीमारी के कारण बेड रेस्ट पर होने के बावजूद सोनू ने घर का कामकाज संभालते हुए यह उपलब्धि हासिल की। सोनू सीए बनना चाहते हैं। वहीं दीप विद्या निकेतन स्कूल के शिव रघुवंशी ने कक्षा 10वीं में 98.2% अंक लेकर बिना कोचिंग प्रदेश में 9वां स्थान प्राप्त किया। उनके पिता मजदूरी करते हैं। शिव आईआईटी से पढ़कर देश की सेवा करना चाहते हैं। रायसेन जिले में भी शहर के छात्राओं ने कमाल किया। शासकीय कन्या शाला की शबनम हलदर ने 10वीं में 97.8% लेकर जिले में दूसरा स्थान हासिल किया, जबकि ड्रीम कान्वेंट की पलक शर्मा ने 12वीं में जिले में दूसरा स्थान हासिल करते हुए बायोलॉजी में 100/100 अंक प्राप्त किए। ये छात्र बिना कोचिंग और प्रतिकूल परिस्थितियों में भी सफलता की मिसाल बने।

**हजारों लोग आते हैं मेले में सिंधी व्यंजनों का स्वाद लेने**

## पारिवारिक सिंधी मेले में इस बार पहले से और अधिक बेहतर होगा फूड जोन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ संतनगर

सिंधी मेला समिति द्वारा लालघाटी स्थित सुंदरवन गार्डन में 2 एवं 3 मई को दो दिवसीय पारिवारिक सिंधी मेले का आग़ाज होने जा रहा है।

इस मेले की तैयारियों को लेकर मंगलवार को कबीर की कुटिया में समिति द्वारा एक विशेष बैठक का आयोजन किया गया, जिसमें प्रमुख रूप सिंधी मेला समिति के संरक्षक एवं विधायक भगवानदास सबनानी मेला समिति के वरिष्ठ साथीगण भोपाल के सभी मोहल्ला पंचायत के अध्यक्ष एवं महासचिव उपस्थित रहे। इस वर्ष यह मेला नारी शक्ति एवं पर्यावरण पर आधारित रहेगा। सिंधी मेला समिति के अध्यक्ष मनीष दरयानी एवं महासचिव नरेश तलरेजा ने बताया कि इस वर्ष नारी शक्ति पर मेले की थीम रखी




जाएगी। लोगों को पर्यावरण संरक्षण के महत्व को याद दिलाने के लिए लोगो को जागरूक करने का भी प्रयास इस सिंधी मेले के माध्यम से किया जाएगा। दरयानी ने बताया कि इस वर्ष पार्किंग एवं फूड जोन पर ज्यादा ध्यान दिया जाएगा। दरयानी ने बताया कि इस वर्ष सुनील किंगरारानी को मेले का संयोजक, चंदर डुलानी को सह संयोजक एवं भारती ठाकुर को इस आयोजन की सह संयोजिका नियुक्त किया गया है। इस अवसर पर प्रमुख रूप से किशोर तनवानी, घनश्याम पंजवानी आदि मौजूद रहे।

## उत्साह के साथ मनाया बैसाखी पर्व





हरिभूमि न्यूज ▶▶ औबेदुल्लागंज

बैसाखी पर्व गुरुद्वारा संत बाबा संतोख सिंह भजनगढ़ में उत्साह के साथ मनाया गया। पर्व नगर के लोगों ने मिलकर मनाया।

सुबह 11 बजे दीवान सजा। कीर्तन कार करण सिंह बुरहानपुर से भोपाल से बलविंदर सिंह रागी जत्था भोपाल से ही मध्य प्रदेश छत्तीसगढ़ सिख एजुकेशन सेक्रेटरी करनाल खुराना ने बैसाखी पर्व पर अपने विचार प्रकट किए। कथा कार जगजीत सिंह ने भी विचार प्रकट किए। मुख्य सेवादार सुरजीत सिंह बिल्लै, सुरजीत सिंह गिल ने सबका आभार माना। 1:30 बजे गुरु घर के वज़ीर भगवान सिंह ने अरदास की। बच्चों एवं बुजुर्गों का सम्मान किया गया। अंत में प्रसाद एवं लंगर वितरण किया गया। बच्चों एवं महिलाओं में उत्साह देखने को मिला। मुख्य रूप से देवेंद्र सिंह राजू, मोनू बंजारा, जेपी शर्मा, मैडम अग्रवाल, मनविंदर कौर, रानी ओबराय, सतवंत कोर, राजेश खटीक, नीरज चावला, बचन लोधी, सुनील सेरिया आदि मौजूद रहे।

**टीटी नगर की काली बाड़ी में श्रद्धालुओं ने की विशेष पूजा अर्चना**

## बंगाली समाज ने नववर्ष पोइला वैशाख मनाया, मां काली की पूजा की, व्यवसायी वर्ग ने खोले नए खाते

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

बंगाली समाज ने बुधवार को श्रद्धा और भक्ति के साथ नववर्ष पोइला वैशाख धूमधाम के साथ मनाया। समाज के लोगों ने सुबह कालीबाड़ी पहुंचकर मां काली की पूजा अर्चना कीं और उज्जवल भविष्य की कामना की। इसके बाद समाज के लोगों ने एक-दूसरे से मिलकर नववर्ष की बधाई दी। इस अवसर पर घरों में तरह-तरह के व्यंजन और मिष्ठान बनाए गए। नए वस्त्र भी धारण किए गए। व्यावसायी वर्ग ने नए खाते खोले।

काली बाड़ी टीटी नगर में बंगाली नववर्ष पोइला वैशाख पर विशेष पूजा अर्चना हुई। महिलाओं ने शंख बजाकर और उल्लू की ध्वनि के साथ नववर्ष का स्वागत किया। बच्चों और



काली बाड़ी में प्रस्तुति देते कलाकार।

युवाओं ने संगीत, कविता और नृत्य की प्रस्तुति दी। इस अवसर पर बंगाली एसोसिएशन कालीबाड़ी ने समाज के वरिष्ठ कार्यकर्ताओं शॉल श्रीफल और सम्मान पत्र देकर सम्मानित किया।

### *मलयाली समाज ने नया वर्ष विशु मनाया*

*मलयाली समाज के लोगों ने बुधवार को अपना नया वर्ष जिसे विशु कहा जाता है, मनाया। लोग सुबह अयप्पा मंदिर में पूजा अर्चना की। मलयाली समुदाय विशु काली सजाकर, जिसमें नारियल, चावल, मौसमी फल और अन्य धार्मिक वस्तुएं शामिल थी। इसे भगवान कृष्ण की छवि के सामने रखा। सुबह परिवार के सदस्य इसे विशेष दर्पण में देखा। मान्यता है कि नये साल का पहला दिन शुभ बीतता है तो पूरा साल अच्छा रहता है। इस मौके पर घर के बुज़ुर्गों को आशीर्वाद के साथ पैसे भी दिए। इस दिन भगवान विष्णु और उनके आठवें अवतार श्री कृष्ण की पूजा अर्चना की जाती है। इसी दिन श्री कृष्ण ने नरकासुर का वध किया था।*

## खूब पढ़िए, शिक्षकों, माता-पिता, गांव नगर का नाम रोशन करिए: सेरिया



हरिभूमि न्यूज ▶▶ औबेदुल्लागंज

अनुसूचित जाति उत्कृष्ट बालक छात्रावास एवं अनुसूचित जनजाति छात्रावास में छात्रावास दिवस मनाया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि आंबेडकर बुद्धिस्ट चैरिटेबल सोसाइटी के अध्यक्ष व पार्षद सुनील सेरिया ने बताया कि आप देश का भविष्य हो, सरकार आज आपको सभी सुविधाएं दे रही है और यह सुविधाएं हमें भारत रत्न, संविधान निर्माता बाबा साहेब डॉ. भीमराव आंबेडकर के कारण मिल रही है। आप खूब पढ़िए। शिक्षकों, माता-पिता, गांव और नगर का नाम रोशन करिए। सांदीपनी स्कूल की प्राचार्य चंद्रावती अतुलकर ने छात्रों को संबोधित किया। एनसीसी प्रभारी तिवारी, छात्रावास के अधीक्षक नरेंद्र यादव, अधीक्षक गोलनदास आदि कार्यक्रम में शामिल हुए।

## खबर संक्षेप

### आरक्षण प्रक्रिया में ओबीसी महिलाओं के लिए व्यवस्था क्यों नहीं

**भोपाल।** मध्यप्रदेश विधानसभा के नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार ने कहा कि 'नारी शक्ति वंदन अभियान" के नाम पर लोकसभा और विधानसभाओं में 33% आरक्षण की बात तो की जा रही है, लेकिन इसके प्रावधान और क्रियान्वयन पर गंभीर सवाल खड़े हैं। इस व्यवस्था में अजा/अजजा महिलाओं के लिए आरक्षण का प्रावधान है, किंतु ओबीसी महिलाओं के लिए कोई स्पष्ट व्यवस्था नहीं दिखाई देती। सिंघार ने कहा कि इसके साथ ही यह भी बड़ा सवाल है कि सरकार 2027 की जातिगत जनगणना के परिणाम का इंतजार क्यों नहीं करना चाहती? क्या बिना वास्तविक सामाजिक आंकड़ों के इतना बड़ा निर्णय लेना न्यायसंगत है, या फिर ओबीसी वर्ग की वास्तविक हिस्सेदारी सामने आने से बचने की कोशिश है? नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि यह भी याद रखना चाहिए कि स्थानीय निकायों में महिला आरक्षण कोई नई पहल नहीं है, बल्कि इसकी मजबूत नींव 1992-93 में 73वें और 74वें संविधान संशोधनों के माध्यम से रखी गई थी। आज देश में 14 लाख से अधिक महिलाएं पंचायत और नगर निकायों में निर्वाचित हैं और स्थानीय स्तर पर लगभग 40 प्रतिशत प्रतिनिधित्व महिलाओं का है। यह स्वर्गीय राजीव गांधी की दूरदर्शी सोच का परिणाम है, जिसने महिला सशक्तिकरण को नीचे से ऊपर तक मजबूत किया।



### स्थाई कर्मियों का बढ़ा पांच प्रतिशत महंगाई भत्ता

**भोपाल।** मोहन सरकार ने छठवां वेतनमान प्राप्त कर रहे स्थाई, कार्यभारित और आकस्मिक निधि कर्मचारी को पांच प्रतिशत महंगाई भत्ता देने के आदेश जारी किए है। पांच प्रतिशत महंगाई भत्ता बढ़ने से प्रदेश के 65 हजार छठवां वेतन प्राप्त कर रहे कर्मचारियों को लाभ होगा। अभी छठवां वेतन प्राप्त कर्मचारियों को 252 प्रतिशत महंगाई भत्ते का लाभ प्राप्त हो रहा था। अब नया महंगाई भत्ता लग जाने से 258 प्रतिशत मंगाई भत्ते का लाभ छठवां वेतनमान प्राप्त कर रहे कर्मचारियों को मिलेगा। महंगाई भत्ते का लाभ 1 अप्रैल 2026 से मिलेगा तथा एरियर पांच सामान किस्तों में मिलेगा। मप्र कर्मचारी मंच के प्रदेशाध्यक्ष अशोक पांडे ने बताया कि प्रदेश सरकार ने सातवां वेतनमान प्राप्त कर रहे कर्मचारियों को महंगाई भत्ते का लाभ देने के आदेश जारी कर दिया था लेकिन छठवां वेतनमान प्राप्त कर्मचारियों के महंगाई भत्ते का लाभ देने के आदेश जारी नहीं किए थे। जिससे प्रदेश के छठवां वेतनमान प्राप्त कर रहे कर्मचारियों में असंतोष का वातावरण निर्मित हो गया था। मंच ने राज्य सरकार को नया महंगाई भत्ता का लाभ देने के आदेश जारी करने पर अभार व्यक्त किया है।

# पार्टी संगठन को गांव-गांव तक मजबूत करना हमारा दायित्व:पटवारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

प्रदेश कांग्रेस कार्यालय में मप्र कांग्रेस कमेटी द्वारा उज्जैन संभाग के जिला अध्यक्षों के कार्यों की समीक्षा एवं विधानसभा प्रभारियों की महत्वपूर्ण कार्यशाला का आयोजन किया गया। बैठक में प्रदेश कांग्रेस प्रभारी हरीश चौधरी, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी एवं प्रदेश सह प्रभारी संजय दत्त ने जिला अध्यक्षों द्वारा संचालित संगठनात्मक गतिविधियों की विस्तृत समीक्षा की।

इस दौरान संगठन को और अधिक सशक्त बनाने, जमीनी स्तर पर सक्रियता बढ़ाने तथा आगामी कार्यक्रमों की रणनीति पर विस्तार से चर्चा की गई। इसके पश्चात विधानसभा प्रभारियों की कार्यशाला को प्रदेश प्रभारी हरीश चौधरी, प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी, कांग्रेस वर्किंग कमेटी सदस्य कमलेश्वर पटेल एवं सह प्रभारी रणविजय सिंह लोचव ने संबोधित किया। कार्यशाला में पूर्व मंत्री सज्जन सिंह वर्मा, संगठन उपाध्यक्ष सुखदेव पांसे, संगठन महासचिव संजय कामले एवं संगठन प्रशिक्षण विभाग के प्रभारी महेंद्र जोशी, मतदाता सूची प्रभारी ललित सेन, आनंद जाट ने भी अपने विचार रखे।

**खास बातें**

- पीसीसी में विधानसभा प्रभारियों की प्रशिक्षण कार्यशाला संपन्न
- कार्यशाला में मौजूद रहे बड़ी संख्या में कांग्रेस पदाधिकारी
- आगामी कार्यक्रमों की रणनीति पर विस्तार से की गई चर्चा



कार्यशाला का आयोजन।

### संगठन को निचले स्तर तक मजबूत करने का सौंपा गया दायित्व

बैठक के बाद मीडिया से चर्चा में प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी ने कहा कि विधानसभा प्रभारियों को अपने-अपने क्षेत्रों में प्रवास करने के निर्देश दिए गए हैं। साथ ही उन्हें विधानसभा स्तर पर पंचायत कांग्रेस कमेटियों का सत्यापन करने, नियमित बैठकें आयोजित करने तथा 'सृजन संवाद' के माध्यम से संगठन को निचले स्तर तक मजबूत करने का दायित्व सौंपा गया है। पटवारी ने कहा कि विधानसभा प्रभारी पार्टी की 'रीढ़ की हड्डी' हैं और संगठन को मजबूत बनाने में उनकी भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। पार्टी द्वारा 230 प्रभारियों का चयन पूरी सावधानी और उनकी वैचारिक पृष्ठभूमि को ध्यान में रखते हुए किया गया है, ताकि कांग्रेस की विचारधारा को गांव-गांव तक पहुंचाया जा सके।

### बिना कार्य के पद का कोई महत्व नहीं

पटवारी ने बताया कि बैठक में जिला अध्यक्षों के कार्यों की विस्तृत समीक्षा की गई और राष्ट्रीय पदाधिकारी चाल्ला वामशी चंद रेड्डी द्वारा पिछले 6 महीनों के कार्यों एवं तय मापदंडों के आधार पर मूल्यांकन किया गया। कनेक्ट सेंटर के माध्यम से भी पदाधिकारियों के प्रदर्शन पर लगातार निगरानी रखी जा रही है। उन्होंने स्पष्ट किया कि "पद केवल नाम के लिए नहीं होता, बल्कि जिम्मेदारी निभाने के लिए होता है। बिना कार्य के पद का कोई महत्व नहीं है। पटवारी ने कहा कि बैठक की शुरुआत वंदे मातरम और राष्ट्रगान के साथ की गई, जो कांग्रेस की राष्ट्रभक्ति और विचारधारा का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस की विचारधारा ने देश के लिए अनगिनत बलिदान दिए हैं।



### राष्ट्रवाद की बात तो करते हैं, लेकिन कांग्रेस के बलिदानों की गिनती नहीं करते

भाजपा पर निशाना साधते हुए प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष पटवारी ने कहा कि भाजपा के लोग राष्ट्रवाद की बात करते हैं, लेकिन कांग्रेस के बलिदानों की गिनती भी नहीं कर सकते। पटवारी ने कहा कि पार्टी का स्पष्ट संदेश है कि देश को मजबूत बनाना है तो कांग्रेस को पंचायत और गांव स्तर तक ले जाना होगा। संगठन को जमीनी स्तर पर मजबूत करना ही कांग्रेस की प्राथमिकता है।

## मुख्यमंत्री ने कहा, किसानों को ऊर्जा उत्पादन से जोड़ने के लिए संभाग एवं जिला स्तर पर हों कार्यक्रम

# किसानों को निर्बाध रूप से बिजली उपलब्ध कराना हमारी प्राथमिकता, सोलर पम्प उपयोग के लिए करें प्रोत्साहित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि किसानों को निर्बाध रूप से सस्ती बिजली सुलभ कराना हमारी सरकार की प्राथमिकता है। इस काम के लिए सरकार किसानों को हर जरूरी मदद देने को तैयार है। किसानों को सस्ती बिजली मिलेगी, तो वे अपना उत्पादन भी बढ़ा सकेंगे और प्रदेश की प्रगति में भी योगदान दे सकेंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि किसानों को उनकी आवश्यकता के अनुरूप ऊर्जा प्राप्ति के लिए उन्हें स्वयं ऊर्जा उत्पादक बनाया जाए। इसके लिए किसानों को हरित ऊर्जा उत्पादन से जोड़ा जाए।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव बुधवार को मंत्रालय में नवीन एवं नवकरणीय ऊर्जा विभाग की प्रचलित योजनाओं की अद्यतन प्रगति की समीक्षा कर रहे थे। उन्होंने कहा कि ऊर्जा उत्पादन में आत्मनिर्भर बनाकर ही हम किसानों का जीवन स्तर बेहतर बना सकते हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश के किसानों को सोलर पम्प का उपयोग करने के लिए हर तरीके से प्रोत्साहित किया जाए। किसानों को जो इससे जुड़ना चाहते हैं, विभाग उनका हरसंभव सहयोग और मार्गदर्शन भी करे।

- *मुख्यमंत्री ने की नवीन एवं नवकरणीय ऊर्जा विभाग की योजनाओं की समीक्षा*
- *योजनाओं को समयबद्ध कर लाएं परिणाम*



सीएम ने की समीक्षा बैठक।

### लक्ष्य के लिए समर्पित और फोकस्ड होकर आगे बढ़ें

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने विभागीय अधिकारियों से कहा कि राज्य के हित में किसानों और नागरिकों सभी को सस्ती बिजली उपलब्ध कराने के लक्ष्य के लिए समर्पित और फोकस्ड होकर आगे बढ़ें। किसानों को सोलर पम्प से जोड़ने के साथ-साथ प्रधानमंत्री सूर्य घर योजना की प्रगति में भी तेजी लाएं। उन्होंने कहा कि इस वित्तीय वर्ष के अंत तक 2 लाख से अधिक किसानों को सोलर पम्प से जोड़ने का लक्ष्य लेकर आगे बढ़ें। विभाग अपनी योजनाओं के वार्षिक लक्ष्यों की समीक्षा करें और नई जरूरतों के मुताबिक इन लक्ष्यों में वृद्धि करें, ताकि कम समय में अधिकतम लोगों को लाभ मिले। इसके लिए विभाग अपनी योजनाओं को टाइम फ्रेम में लेकर आएं।

### निकाय पदाधिकारियों के साथ भोपाल में होगा एक दिन का उन्मुखीकरण कार्यक्रम

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रदेश के सभी नगरीयनिकाय कचरा बेचकर और प्रधानमंत्री सूर्य घर योजना (रूफ टॉप स्कीम) में तेजी से प्रगति लाकर अच्छी आय अर्जित कर सकते हैं। नगरीय निकायों के पदाधिकारियों एवं अधिकारियों को इस विषय में प्रशिक्षण देने के लिए भोपाल में एक दिन का उन्मुखीकरण कार्यक्रम किया जाए।

### लक्ष्य हो रहे और भी ज्यादा परिशोधित

अपर मुख्य सचिव मनु श्रीवास्तव ने बताया कि प्रदेश में नवीन एवं नवकरणीय ऊर्जा प्रोडक्शन के लिए तय किए गए लक्ष्यों को और भी परिशोधित किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि सूर्य मित्र कृषि फीडर योजना (कुसुम बी) में अब तक 27 हजार 100 सोलर पम्प स्थापित किए जा चुके हैं। इस योजना के पहले चरण में विभाग को एक लाख आवेदन मिल चुके हैं।

493 सब स्टेशनों के जरिए किसानों को दिन के समय भी बिजली- अपर मुख्य सचिव श्रीवास्तव ने बताया कि सूर्य मित्र कृषि फीडर योजना के तहत विभाग ने लगभग 10 लाख किसानों को सौर ऊर्जीकरण से जुड़ने के लिए 493 सब स्टेशनों के जरिए किसानों को दिन के समय भी बिजली उपलब्ध कराने का बड़ा लक्ष्य लिया है। अब तक 2.50 लाख पम्प इंस्टाल कर दिये गये हैं।

### छात्रावासों तथा आश्रमों में अध्ययनशीलता के सकारात्मक वातावरण को किया जाए प्रोत्साहित

हरिभूमि न्यूज. भोपाल मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि जनजातीय कार्य विभाग की ओर से संचालित छात्रावासों और आश्रमों में अध्ययनशीलता और देशभक्ति के सकारात्मक वातावरण को प्रोत्साहित किया जाए। छात्रावासों और आश्रमों के प्रबंधन में जन अभियान परिषद और गायत्री परिवार जैसी संस्थाओं से भी सहयोग लिया जाए। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बुधवार को जनजातीय कार्य विभाग की मंत्रालय में हुई समीक्षा बैठक में यह निर्देश दिए। बैठक में जनजातीय कार्य मंत्री डॉ. कुंवर विजय शाह वर्चुअल शामिल हुए।



### सीएम आज सिवनी मालवा में करेंगे भूमि-पूजन

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव गुरुवार 16 अप्रैल को सिवनी मालवा में नर्मदापुरम-टिमरनी मार्ग का इंटरमीडिएट से 2-लेन पक्के शोल्डर सहित हाइब्रिड एन्यूटी मॉडल (एचएएम) का उन्नयन एवं पुनर्निर्माण कार्य का भूमि-पूजन करेंगे। नर्मदापुरम से टिमरनी मार्ग की लंबाई 72.18 किमी है। इसकी लागत 972,16 करोड़ रुपए है। निर्माण कार्य एमपीआरडीसी की ओर से किया जाएगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव पहले दक्षिणमुखी हनुमान मंदिर में पूजन-अर्चन कर रोड शो करेंगे। रोड शो रेंज ऑफिस चौराहा, कल्लू चौक, नर्मदा मंदिर चौक, सराफा बाजार, गांधी चौक, जय स्तंभ चौक होते हुए पुराना बस स्टैंड पर समाप्त होगा।

## नगरीय निकायों की वित्तीय स्थिति पर मंथन

# राज्य वित्त आयोग अध्यक्ष ने दिया राजस्व बढ़ाने के उपायों, जमीनी हकीकत के आंकलन पर जोर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मप्र राज्य वित्त आयोग के अध्यक्ष जयभान सिंह पवैया ने बुधवार को नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग की गतिविधियों तथा प्रदेश के नगरीय निकायों की स्थिति को लेकर विस्तृत चर्चा की।

इस दौरान आयोग के सदस्य केके सिंह एवं सदस्य सचिव वीरेन्द्र कुमार भी उपस्थित रहे। प्रस्तुतीकरण में नगरीय प्रशासन विभाग के अपर मुख्य सचिव संजय दुबे ने विभागीय योजनाओं, उनके संचालन, तथा सामने आ रही चुनौतियों की विस्तृत जानकारी आयोग को दी। बैठक में विशेष रूप से नगरीय निकायों की वित्तीय स्थिति, स्वयं के राजस्व स्रोतों और आय बढ़ाने के उपायों पर गहन चर्चा की गई। पवैया ने अधिकारियों से यह भी जाना कि निकाय अपने संसाधनों को किस प्रकार सुदृढ़ कर सकते हैं। राजस्व संग्रहण को बढ़ाने के लिए कौन-कौन से व्यावहारिक कदम उठाए जा सकते हैं।



### आय-व्यय प्रावधानों पर विमर्श किया गया

*बैठक में नगरीय निकायों के आय-व्यय प्रावधानों पर विस्तार से विचार-विमर्श किया गया। आयोग ने निर्देश दिए कि योजनाओं के क्रियान्वयन में पारदर्शिता और प्रभावशीलता सुनिश्चित की जाए। इसके साथ ही स्वच्छ भारत मिशन, अन्य मदों में हो रहे व्यय की भी विस्तृत समीक्षा की गई। आयोग ने कहा कि निकट भविष्य में नगरीय निकायों के अधिकारियों से सीधे संवाद कर उनकी वास्तविक स्थिति और समस्याओं का आकलन किया जाएगा, जिससे प्रदेश में नगरीय विकास को और अधिक सशक्त एवं प्रभावी बनाया जा सके।*

## नगरीय विकास मंत्री विजयवर्गीय करेंगे शुभारंभ

# शहरी निकायों के विकास की गति देने के लिए कार्यशाला कल से

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मप्र के शहरी निकायों के विकास की गति को तेज करने, उन्हें वित्तीय रूप से आत्मनिर्भर बनाने आदि के लिए नगरीय विकास एवं आवास मंत्री कैलाश विजयवर्गीय आज भौरी स्थित सुंदरलाल पटवा नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ अर्बन मैनेजमेंट में दो दिवसीय राज्य स्तरीय कार्यशाला का औपचारिक शुभारंभ करेंगे। इस कार्यशाला का प्राथमिक लक्ष्य नगरीय निकायों में राजस्व संवर्धन, शहरी सुधारों पर गंभीर विचार-विमर्श करना है। अपर मुख्य सचिव संजय दुबे कार्यशाला में विभागीय सुधारों पर अपना मार्गदर्शन प्रदान करेंगे।

नगरीय प्रशासन एवं विकास आयुक्त संकेत भोंडवे ने कार्यक्रम की रूपरेखा के संबंध में जानकारी देते हुए बताया कि 16 और 17 अप्रैल को आयोजित होने वाली कार्यशाला के दौरान मप्र सहित देश के विभिन्न राज्यों से आए विषय विशेषज्ञ, अनुभवी अधिकारी और शहरी नियोजन के जानकार अपने नवाचारों और अनुभवों को साझा करेंगे। यह आयोजन प्रदेश के नगरीय निकायों को भविष्य की चुनौतियों के लिए तैयार करने की दिशा में एक प्रभावी मंच सिद्ध होगा।

# चिकित्सा छात्रों को समय से करें छात्रवृत्ति का भुगतान: राजेंद्र शुक्ल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

उप मुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ल ने मंत्रालय में चिकित्सा शिक्षा छात्रों को विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत दी जा रही छात्रवृत्ति एवं अन्य लाभों के भुगतान की समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि अंतर्विभागीय समन्वय से छात्रवृत्ति एवं संबंधित हितलाभों का समयबद्ध भुगतान सुनिश्चित किया जाए।

शुक्ल ने कहा कि राज्य सरकार की प्राथमिकता है कि छात्रों को उनकी पात्रता अनुसार मिलने वाले सभी लाभ बिना किसी विलंब के प्राप्त हो। उन्होंने निर्देशित किया कि भुगतान प्रक्रिया में किसी प्रकार की तकनीकी बाधा उत्पन्न न हो तो उसका त्वरित निराकरण किया जाए। शुक्ल ने अन्य पिछड़ा वर्ग, अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति वर्ग के विद्यार्थियों को प्रदान की जा रही छात्रवृत्ति योजनाओं की विस्तृत समीक्षा की। साथ ही संबल योजना एवं मुख्यमंत्री मेधावी विद्यार्थी योजना के अंतर्गत हितलाभ वितरण की अद्यतन स्थिति की भी समीक्षा की।



## बिल से महिलाओं को पता चलेगा उनकी आवाज कितनी मजबूत

**संसद की दहलीज तक पहुंच सकेंगी गांव की महिलाएं**

# नारी शक्ति वंदन अधिनियम सशक्त भारत के भविष्य की निर्णायक आधारशिला

▶▶ लता वानखेड़े, सांसद व प्रदेश महामंत्री, भाजपा

भारत की आत्मा उसकी संस्कृति में बसती है, और इस संस्कृति का सबसे सशक्त स्वरूप है नारी। सदियों से भारतीय समाज में नारी को सृजन, त्याग, शक्ति और संवेदना का प्रतीक माना गया है। 'यत्र नार्यस्तु पूज्यन्ते, रमन्ते तत्र देवता' यह केवल एक श्लोक नहीं, बल्कि हमारी सभ्यता का मूल दर्शन है।



किंतु समय के प्रवाह में, अनेक सामाजिक और संरचनात्मक कारणों से महिलाओं की भागीदारी निर्णय लेने की प्रक्रियाओं में सीमित रह गई। आज, जब भारत 21वीं सदी में एक विकसित राष्ट्र बनने की ओर तेजी से अग्रसर है, तब यह अनिवार्य हो गया था कि देश की आधी आबादी को केवल सहभागी नहीं, बल्कि नेतृत्वकर्ता के रूप में स्थापित किया जाए। इसी ऐतिहासिक आवश्यकता की पूर्ति करता है नारी शक्ति वंदन अधिनियम। यह अधिनियम केवल एक कानूनी दस्तावेज़ नहीं, बल्कि यह भारत की हर उस महिला की आकांक्षाओं का सजीव प्रतीक है, जिसने अपने जीवन में कभी यह महसूस किया कि उसकी आवाज़ भी उतनी ही महत्वपूर्ण है, जितनी किसी और की। यह उस बेटी के सपनों को पंख देता है, जो अपने गांव की गलियों से निकलकर संसद की दहलीज़ तक पहुंचना चाहती है। यह उस मां के विश्वास को साकार करता है, जो अपनी संतानों के बेहतर भविष्य के लिए समाज में बदलाव देखना चाहती है और यह उस हर महिला की पहचान को सम्मान देता है।




### अधिनियम की विशेषता

जिसने अब तक अपने परिश्रम और समर्पण से समाज को संवारने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई, परंतु निर्णय लेने के मंच पर उसे उचित स्थान नहीं मिला। लोकसभा और राज्य विधानसभाओं में महिलाओं के लिए 33 प्रतिशत आरक्षण का प्रावधान इस अधिनियम की सबसे महत्वपूर्ण विशेषता है। यह केवल प्रतिनिधित्व का विस्तार नहीं, बल्कि शासन के चरित्र में एक गहन परिवर्तन का संकेत है। जब महिलाएं निर्णय लेने की प्रक्रिया में शामिल होंगी, संवेदनशील और व्यावहारिक होंगी। शिक्षा, स्वास्थ्य, पोषण, सुरक्षा, और सामाजिक न्याय जैसे विषयों को वह प्राथमिकता मिलेगी, जो एक संतुलित और समृद्ध समाज के निर्माण के लिए आवश्यक है।

## नारी शक्ति को बढ़ावा देने आरक्षण विधेयक उसी सोच का विस्तार

**लोकतंत्र को और अधिक समावेशी एवं संतुलित बनाएगा यह अधिनियम**

# महिला आरक्षण विधेयक सशक्त नारी एवं सशक्त राष्ट्र की ओर एक ऐतिहासिक कदम

▶▶ माया नरोलिया, राज्यसभा सांसद

भारत की लोकतांत्रिक यात्रा में महिला सशक्तिकरण एक महत्वपूर्ण स्तंभ रहा है। आज जब देश विकास के नए आयाम छू रहा है, तब यह आवश्यक है कि महिलाओं की भागीदारी हर स्तर पर सुनिश्चित हो। महिला आरक्षण विधेयक इसी दिशा में एक ऐतिहासिक और दूरदर्शी पहल है, जो न केवल महिलाओं को राजनीतिक प्रतिनिधित्व प्रदान करेगा, बल्कि राष्ट्र निर्माण में उनकी भूमिका को और अधिक सशक्त बनाएगा। इस ऐतिहासिक विधेयक को साकार रूप देने में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व और प्रतिबद्धता की महत्वपूर्ण भूमिका रही है। उनके नेतृत्व में केंद्र सरकार ने महिला सशक्तिकरण को नीति के केंद्र में रखा है। महिलाओं की आर्थिक आत्मनिर्भरता के लिए कई योजनाओं के माध्यम से नारी शक्ति को बढ़ावा देने वाले कई कार्यक्रम बनाए। महिला आरक्षण विधेयक उसी सोच का विस्तार है, जो महिलाओं को निर्णय लेने की सर्वोच्च संस्थाओं में सशक्त उपस्थिति सुनिश्चित करता है। यह विधेयक संसद और विधानसभाओं में महिलाओं के लिए आरक्षण सुनिश्चित करता है, जिससे निर्णय लेने की प्रक्रिया में महिलाओं की भागीदारी बढ़ेगी। वर्षों से समाज के विभिन्न क्षेत्रों में अपनी प्रतिभा और नेतृत्व क्षमता का प्रदर्शन कर रही महिलाओं को अब नीति निर्माण में भी समान अवसर मिलेगा।






### लोकतंत्र होगा मजबूत

यह कदम लोकतंत्र को और अधिक समावेशी एवं संतुलित बनाएगा। महिला सशक्तिकरण केवल अधिकार देने तक सीमित नहीं है, बल्कि उन्हें अवसर, सम्मान और नेतृत्व की भूमिका प्रदान करना भी है। जब महिलाएं निर्णय लेने की प्रक्रिया का हिस्सा बनती हैं, तो नीतियों में संवेदनशीलता, समावेशिता और सामाजिक न्याय का समावेश होता है। शिक्षा, स्वास्थ्य, पोषण, सुरक्षा और सामाजिक कल्याण जैसे विषयों पर महिलाओं की दृष्टि समाज को अधिक सकारात्मक दिशा देती है। राष्ट्र विकास की दृष्टि से भी यह विधेयक अत्यंत महत्वपूर्ण है। जब आधी आबादी को समान अवसर मिलता है, तो देश की आर्थिक और सामाजिक प्रगति दोगुनी गति से आगे बढ़ती है।



डॉक्टर्स एडवाइस



डॉ. रणधीर सूद
चेयरमैन-गैस्ट्रोएंट्रोलॉजी
मेदांता दि मेडिसिटी, गुरुग्राम

स्पेशलः वर्ल्ड लिवर-डे, 19 अप्रैल

यकृत (लिवर या जिगर) हमारे पाचन तंत्र का 'पावर हाउस' है। शरीर से विषाक्त पदार्थों को बाहर निकालने का माध्यम भी यही है। ऐसे में अगर इसकी प्रॉपर केयर न की जाए तो कई सीरियस हेल्थ इश्यूज हो सकते हैं। अनहेल्दी लिवर के क्या लक्षण होते हैं, इनसे कैसी समस्याएं हो सकती हैं और लिवर को कैसे हेल्दी रख सकते हैं, इन सभी के बारे में विस्तार से बता रहे हैं।

# लिवर हेल्थ न करें इग्नोर हो सकती हैं गंभीर प्रॉब्लम्स









आज के दौर में अस्वास्थ्यकर जीवनशैली और खासकर गलत खान-पान के कारण अनेक लोगों के लिवर पर बुरा असर पड़ रहा है। यही कारण है कि इन दिनों हर आयु वर्ग के लोगों में लिवर से संबंधित समस्याएं बढ़ती जा रही हैं। ऐसे में लिवर हेल्थ को लेकर कॉन्शस रहना जरूरी है।

## अनहेल्दी लिवर के लक्षण

हालांकि कुछ लोगों के लिवर में खराबी से संबंधित लक्षण देर से सामने आते हैं। लेकिन अगर आप यहां बताए जा रहे लक्षणों में से कुछ को महसूस करते हैं और आपको लंबे समय तक समस्या हो रही है तो इस स्थिति में डॉक्टर से परामर्श करने में देर न करें।

- समय पर या अच्छी तरह दिन में दोनों वक्त भूख न लगना या धीरे-धीरे इसका आकार कम होते जाना।
- पेट में कुछ अंतराल पर या फिर लगातार दर्द होना।
- कुछ अंतराल पर या लगातार पेट में सूजन होना।
- बिना किसी वजह के शरीर का वजन कम होते जाना।
- पैरों में सूजन होना।
- कई दिनों तक बुखार का बना रहना।
- बिना अधिक परिश्रम किए थकावट महसूस करना।
- पीलिया (जॉन्डिस) के लक्षण सामने आना जैसे आंखों, नाखूनों और त्वचा के रंग का पीला होना।
- हमेशा जी मिचलाते रहना।
- अकसर दस्त की समस्या होना।

## लिवर से संबंधित मेन प्रॉब्लम्स

लिवर कैंसर, लिवर सिरोसिस, हेपेटाइटिस और फैटी लिवर को प्रमुख बीमारियों में शुमार किया जाता है।

## लिवर कैंसर

लिवर से संबंधित कोई भी बीमारी जो लंबे समय से जारी हो, वह लिवर कैंसर बन सकती है। लिवर कैंसर के ये प्रमुख कारण हो सकते हैं। हेपेटाइटिस-बी और हेपेटाइटिस-सी। फैटी लिवर डिजीज और एल्कोहलिक लिवर डिजीज।

**ऐसे करें बचावः** अगर लिवर कैंसर का कारण हेपेटाइटिस-बी है, तो इसकी रोकथाम के लिए वैक्सीन उपलब्ध है। अगर हेपेटाइटिस बी के कारण लिवर में संक्रमण है तो शुरुआती दौर में इसका इलाज संभव है। हेपेटाइटिस-सी के लिए वैक्सीन उपलब्ध नहीं है, लेकिन इसका इलाज संभव है।

अगर एल्कोहलिक लिवर डिजीज के कारण लिवर कैंसर पनप चुका है तो ऐसी स्थिति में सबसे पहले शराब पीना बंद करना जरूरी है, क्योंकि यह समस्या काफी दिनों तक अत्यधिक शराब पीने के कारण होती है।



**लाइलाज नहीं है लिवर कैंसरः** सबसे पहले यह पता लगाया जाता है कि लिवर कैंसर की अवस्था (स्टेज) क्या है। ऐसे कैंसर की प्रारंभिक अवस्था में सर्जरी भी कर सकते हैं या फिर मरीज की स्थिति के मद्देनजर लिवर ट्रांसप्लांट भी किया जा सकता है। अगर कैंसर स्टेज 3 या 4 में है तो इंटरवेंशनल रेडियोलॉजी के जरिए भी इलाज किया जा सकता है।

## लिवर सिरोसिस

लिवर कैंसर के जो कारण हैं, वे लिवर सिरोसिस के संदर्भ में भी लागू होते हैं। यही बात लिवर सिरोसिस की रोकथाम के संदर्भ में भी लागू होती है। खून की वॉमिट होना, आंत में रक्त स्राव होना, पेट में पानी भरना लिवर सिरोसिस के कुछ प्रमुख लक्षण हैं। इसके अलावा मरीज का असामान्य बातें करना, जिसे सहज भाषा में मरीज का 'असामान्य होना' भी कहते हैं। मरीज बेहोश भी हो सकता है। इसके अलावा मरीज के रक्त में हीमोग्लोबिन का स्तर भी गिर जाता है।

**इन पर करें अमलः** लिवर सिरोसिस से ग्रस्त होने पर शराब का सेवन (अगर करते हैं) तुरंत छोड़ देना चाहिए। इसके अलावा लिवर सिरोसिस की स्थिति में पीड़ित व्यक्ति का इलाज उसकी शारीरिक स्थिति और लक्षणों के आधार पर किया जाता है। लिवर सिरोसिस को दवाओं से नियंत्रित करने का प्रयास किया जाता है, जिसके कारण मरीज की जीवन अवधि बढ़ सकती है।

## फैटी लिवर

अगर लिवर में अत्यधिक वसा कोशिकाएं (फैट सेल्स) संचित हो जाती हैं तो इस स्थिति को फैटी लिवर डिजीज कहते हैं। फैटी लिवर का पता पेट के अल्ट्रासाउंड से लगता है।

**फैटी लिवर के प्रकारः** यह दो प्रकार का हो सकता है- एल्कोहलिक फैटी लिवर डिजीज और नॉन-एल्कोहलिक फैटी लिवर डिजीज।

**प्रमुख लक्षणः** दोनों प्रकार की फैटी लिवर की समस्याओं में अकसर पेट से संबंधित तकलीफें महसूस होती हैं। जैसे पेट दर्द, दस्त होना, पेट फूलना, गैस बनना, बदहजमी, भूख कम लगना और कब्जियत आदि।


**कारणः** नॉन एल्कोहलिक फैटी लिवर के ज्यादातर मामले अस्वास्थ्यकर खान-पान, नियमित रूप से व्यायाम या शारीरिक श्रम न करने और मोटापे के कारण होता है। जो लोग जंक फूड्स व अत्यधिक चिकनाई युक्त आहार को प्रतिदिन या अकसर ग्रहण करते हैं, उनमें नॉन एल्कोहलिक फैटी लिवर होने का खतरा बहुत ज्यादा होता है।

इन दिनों युवा वर्ग भी बड़े पैमाने पर नॉन एल्कोहलिक फैटी लिवर समस्या से ग्रस्त हो रहे हैं, जिसका एक प्रमुख कारण फैटी फूड्स और जंक फूड्स को अपने खान-पान में वरीयता देना है।

**इन्हें है ज्यादा रिस्कः** नॉन एल्कोहलिक फैटी लिवर की समस्या होने का रिस्क उन्हें ज्यादा होता है-

- जो लोग मोटापे से ग्रस्त हैं या फिर जिनका बॉडी मास इंडेक्स 25 से ऊपर है, उनमें नॉन एल्कोहलिक फैटी लिवर होने का जोखिम ज्यादा है।
- मोटापे से ग्रस्त जिन लोगों के पेट पर शरीर के अन्य भागों की तुलना में कहीं ज्यादा चर्बी संचित होती है, उन्हें फैटी लिवर होने का जोखिम ज्यादा है।
- मधुमेह से ग्रस्त लोगों को फैटी लिवर का जोखिम ज्यादा रहता है। इसलिए ऐसे लोगों को ब्लड शुगर को नियंत्रण में रखना चाहिए।
- जिन लोगों के रक्त में कोलेस्ट्रॉल और ट्राइग्लिसराइड का स्तर ज्यादा है, उनमें भी फैटी लिवर का जोखिम ज्यादा होता है। इस संदर्भ में डॉक्टर से परामर्श लेकर लिपिड प्रोफाइल टेस्ट करवाना चाहिए।

**बचाव के उपायः** एल्कोहलिक फैटी लिवर काफी दिनों तक अत्यधिक शराब पीने से होता है, जिसकी रोकथाम में सबसे पहले शराब छोड़ना जरूरी है। इसके बाद मरीज को दवाएं भी दी जाती हैं। फैटी फूड्स और जंक फूड्स से जहां तक संभव हो परहेज करें। शारीरिक स्थिति और उम्र के अनुसार नियमित रूप से व्यायाम करें। बेहतर रहेगा कि आप व्यायाम करने से पूर्व इस संदर्भ में फिटनेस एक्सपर्ट और अपने डॉक्टर से परामर्श लें। जो लोग मोटापे के कारण फैटी लिवर की समस्या से ग्रस्त हैं, अगर वे अपने वजन को खान-पान और व्यायाम के जरिए 7 से 10 प्रतिशत तक कम कर लेते हैं तो उन्हें काफी राहत मिल सकती है। अगर जीवन शैली में सकारात्मक परिवर्तन करने के बाद भी वांछित परिणाम नहीं मिलते, समस्या बनी रहती है तो फैटी लिवर से छुटकारा पाने के लिए दवाएं दी जाती हैं।



### लिवर को ऐसे रखें स्वस्थ



**मोटापा आपके** लिवर हेल्थ के लिए हार्मफुल है। अपने बॉडी मास इंडेक्स (बीएमआई) को 25 से ऊपर न जाने दें, इस संदर्भ में अपने डॉक्टर से परामर्श लें।

**लिपिड प्रोफाइल जांचः** समय-समय पर डॉक्टर के परामर्श से लिपिड प्रोफाइल जांच कराते रहें ताकि यह पता चल सके कि आपके रक्त में कोलेस्ट्रॉल और ट्राइग्लिसराइड का स्तर बढ़ा तो नहीं है। अगर ये स्तर बढ़ा है तो फिर डॉक्टर के परामर्श से दवाएं लें।

**शराब से दूरीः** हेल्थ एक्सपर्ट्स के अनुसार शराब और अन्य मादक पदार्थ लिवर पर बुरा असर डालते हैं।

**ब्लड शुगर करें नियंत्रितः** जो लोग डायबिटिक हैं, वे रक्त शर्करा स्तर (ब्लड शुगर लेवल) को डॉक्टर के परामर्श से नियंत्रित रखें। ऐसा इसलिए क्योंकि बढ़ा हुआ शुगर लेवल फैटी लिवर और इससे संबंधित समस्याओं के जोखिम को बढ़ाता है।

**हेल्दी लाइफस्टाइलः** इसके अंतर्गत आहार में मौसमी फलों, सब्जियों और साबुत अनाजों को वरीयता दें। अपनी उम्र और शारीरिक क्षमता के अनुसार प्रतिदिन 20 से 30 मिनट व्यायाम करें, योगासन करें या टहलें।

जंक फूड्स, अत्यधिक चिकनाईयुक्त और मसालेदार खाद्य पदार्थों से परहेज करना चाहिए। शराब और अन्य मादक पदार्थों से परहेज करें। सोयाबीन, अलसी, ब्रोकली, अखरोट, सीड्स और अंकुरित अनाजों को आहार में वरीयता देना लिवर के लिए लाभप्रद है।

## हेपेटाइटिस की समस्या

लिवर में संक्रमण और सूजन की स्थिति को हेपेटाइटिस कहते हैं। हेपेटाइटिस, वायरल संक्रमण है, जिसके पांच प्रमुख प्रकार हैं- हेपेटाइटिस-ए, हेपेटाइटिस-बी, हेपेटाइटिस-सी, हेपेटाइटिस-डी और हेपेटाइटिस-ई।

**हेपेटाइटिस ए और ईः** इन दोनों का वायरस दूषित खाद्य पदार्थों और प्रदूषित पेयजल के जरिए व्यक्ति को संक्रमित करता है। इसलिए दोनों हेपेटाइटिस से बचाव के लिए स्वच्छ खाद्य पदार्थ ग्रहण करें और शुद्ध जल पिएं। इन दोनों हेपेटाइटिस में लगभग 1 प्रतिशत मरीज गंभीर स्थिति में पहुंचते हैं। इनसे ग्रस्त लोगों का इलाज लक्षणों के आधार पर किया जाता है। हेपेटाइटिस-ए से बचाव के लिए वैक्सीन उपलब्ध हैं। अगर समुचित इलाज नहीं कराया गया तो हेपेटाइटिस-ई गर्भवती महिलाओं और उनके गर्भस्थ शिशुओं को भी नुकसान पहुंचा सकता है।

**हेपेटाइटिस-बीः** इससे बचाव के लिए टीका (वैक्सीन) उपलब्ध है। इसके अलावा कुछ दवाओं से इस मर्ज को नियंत्रित किया जा सकता है।

**हेपेटाइटिस-सीः** इसके इलाज में दवाएं काफी हद तक कारगर हैं।

**हेपेटाइटिस-डीः** जिन लोगों को हेपेटाइटिस-बी का संक्रमण होता है, वही हेपेटाइटिस-डी से ग्रस्त होते हैं। मरीज के लक्षणों के आधार पर इसका इलाज किया जाता है।

## इन बातों पर भी दें ध्यान

- डॉक्टर की सलाह के बगैर पेनकिलर्स या फिर एंटीबायोटिक्स लेना लिवर की सेहत के लिए नुकसानदेह है।
- दिन भर विभिन्न खाद्य पदार्थों के जरिए लगभग 3 से 5 ग्राम नमक (चाय की छोटी चम्मच की मात्रा भर) का सेवन किया जा सकता है। नमक का अधिक सेवन लिवर के लिए नुकसानदेह है।
- ट्रांस फैट्स से बचें। जब तेल में खाद्य पदार्थों को बार-बार तला जाता है तो ऐसे खाद्य पदार्थों में ट्रांस फैट्स की मात्रा बढ़ जाती है। ट्रांस फैट्स से निर्मित खाद्य पदार्थों में अतिरिक्त कैलोरीज होती हैं, जिससे वजन तेजी से बढ़ता है और ऐसे खाद्य पदार्थों के सेवन से कालांतर में लिवर की कोशिकाओं पर वसा की परत संचित होने लगती है, जिससे लिवर में सूजन संभव है।
- अत्यधिक शुगर और 'कृत्रिम स्वीटनर्स' युक्त खाद्य पदार्थों के सेवन से बचें, क्योंकि ये कालांतर में लिवर के लिए नुकसानदेह हैं। *

प्रस्तुतिः विवेक शुक्ला

---

अवेयरनेस
डॉ. मोनिका शर्मा

# अपनी आवाज का रखें ध्यान





विचारों की अभिव्यक्ति से लेकर मनोभावों को जताने तक आवाज जरूरी है। बावजूद इसके आवाज की केयर को लेकर सजगता बहुत कम लोगों में होती है। इस बारे में मेडिकल सलाह लेने को लेकर ज्यादातर सोचा ही नहीं जाता है। हर साल 16 अप्रैल को मनाया जाने वाला **वर्ल्ड वॉयस डे**, ना केवल आवाज के महत्व को समझने बल्कि उचित देखभाल के लिए सजग करने से भी जुड़ा है। इस खास दिन पर पूरी दुनिया में वॉयस रिलेटेड परेशानियों के ट्रीटमेंट और प्रिवेंशन के तरीकों पर चर्चा होती है।

**बोलते समय रखें ध्यानः** आमतौर पर हम औपचारिक मीटिंग या मेलजोल में ही आवाज के पिच का ध्यान रखते हैं। आम जिंदगी में तीखे या तेज स्वर में बोलने के तरीके पर ध्यान ही नहीं दिया जाता। जबकि आवाज की सुरक्षा के लिए बहुत तेज बोलने से परहेज करना सबसे जरूरी है। साथ ही बहुत लंबे समय तक बोलने से भी बचना चाहिए। अगर बोलना जरूरी ही हो तो बीच में पानी पीते रहें। गले को हाइड्रेट रखने से आवाज को नुकसान नहीं पहुंचता। वोकल कॉर्ड्स को स्वस्थ रखने के लिए गले को हाइड्रेट रखना बहुत जरूरी होता है।

**स्पेशलिस्ट की लें हेल्पः** किसी भी तरह का वॉयस डिसऑर्डर आम जिंदगी में कम्युनिकेशन और दूसरी एक्टिविटीज को गहराई से प्रभावित करता है। बचपन से ही किसी को बोलने या उसकी आवाज में परेशानी है तो स्पीच लैंगवेज स्पेशलिस्ट की भी हेल्प ली जा सकती है। ये वॉयस डिसऑर्डर्स का कारण बनने वाले फैक्टर्स को समझने और हेल्दी वॉयस बनाए रखने के तरीकों के स्पेशलिस्ट होते हैं।

**ऐसे रखें वॉयस का खयालः** धूम्रपान, शराब का सेवन और ऊंचे स्वर में बोलना आवाज को नुकसान पहुंचाने वाली आदतें हैं। तंबाकू के धुएं से वोकल कॉर्ड्स में जलन और सूजन की समस्या होती है। निकोटीन और दूसरे केमिकल्स मुंह, नाक, गले और लंग्स की सेहत बिगाड़ते हैं। आवाज अच्छी रखने के लिए ऑर्गंस के इस पूरे सिस्टम का स्वस्थ रहना जरूरी है। ध्यान रहे कि मसालेदार खाने, कोल्ड ड्रिंक्स एवं कैफीन युक्त पेय यानी चाय-कॉफी के अधिक सेवन से भी वॉयस हेल्थ पर दुष्प्रभाव पड़ता है। हाल के वर्षों में बढ़ते प्रदूषण से भी आवाज को नुकसान पहुंच रहा है। वक्त रहते ध्यान ना देने और नुकसान पहुंचाने वाली आदतों को जारी रखने से आवाज अचानक बंद हो जाने की स्थिति भी बन जाती है। बढ़ते पॉल्यूशन के बीच नियमित स्टीम लेना भी वॉयस हेल्थ सही रखने में मदद करता है। इस तरह आपकी आवाज अच्छी बनी रहेगी। *

---

डॉक्टर्स सजेशन



डॉ. आर. पी. सिंह सीनियर फिजिशियन, एनसीआर

# कुछ खाने-पीने में जब गले में हो दर्द



**मेरी उम्र 34 वर्ष है पिछले कुछ दिनों से कुछ भी खाते-पीते समय मेरे गले में दर्द होता है। कृपया बताएं कि ऐसा क्यों हो रहा है और मेरी यह प्रॉब्लम कैसे ठीक हो सकती है?**

**-पुनीत, बिलासपुर**

हालांकि इस समय मौसम में उतार-चढ़ाव बहुत हो रहा है। इस वजह से वायरल संक्रमण की समस्या तमाम लोगों में देखी जा रही है। अगर ऐसा हो रहा है तो आपको गर्म पानी में नमक डालकर सुबह-शाम गरारा करना चाहिए। अगर इससे आराम नहीं मिलता तो जरूर आपको एक बार ईएनटी विशेषज्ञ से संपर्क कर लेना चाहिए। फिलहाल आप फ्रिज में रखी कोई भी ठंडी चीज बिल्कुल ना खाएं।

**मेरी उम्र 29 वर्ष है। मैं दिन भर में 8-10 ग्लास पानी पी लेता हूं, फिर भी मेरा गला बार-बार सूखता रहता है। ऐसा क्यों होता है? कृपया मेरी इस प्रॉब्लम का सॉल्यूशन बताएं।**

**-आयुष, रायपुर**

यह समस्या आपको पूरे साल रहती है या केवल गर्मियों में रहती है, आपने यह नहीं बताया। क्योंकि कई लोगों को प्यास अधिक लगती है और प्यास लगने पर गला सूखता है। लेकिन गर्मियों में ही यह समस्या देखी जाती है। अगर गर्मियों में ही ऐसा होता है तो चिंता की कोई बात नहीं है। अगर पूरे साल ऐसा लगता है तो जरूर आपको एक बार जनरल फिजिशियन से संपर्क कर लेना चाहिए।

**मेरी उम्र 60 वर्ष है। पिछले कुछ महीनों से बिना किसी कारण के ही मेरा मन हमेशा उदास रहता है। अकसर चिड़चिड़ापन और गुस्सा आता रहता है। क्या ये डिप्रेशन के लक्षण हैं? बताएं, ऐसे में मुझे क्या करना चाहिए?**

**-कौशल, हिसार**

यह समस्या आपको क्यों हो रही है, सबसे पहले इसका कारण ढूंढ़ना जरूरी है। आप यह देखें कि पिछले कुछ समय में जीवन में ऐसा क्या खास हुआ है? जो भी नई समस्या आई है तो उसका समाधान निकालें। अगर ऐसा नहीं कर पा रहे हैं तो जरूर आपको एक बार मनोरोग चिकित्सक से संपर्क कर लेना चाहिए। वे आपको प्रॉपर गाइड करेंगे। बगैर डॉक्टर से संपर्क करे, अपने मन से कोई भी दवाई ना खाएं।

**मेरी उम्र 52 वर्ष है। रोज सुबह जब मैं सोकर उठता हूं तो कुछ देर तक पीठ और कमर में जकड़न फील होती है। ऐसा क्यों होता है? कृपया मेरी इस समस्या का स्थाई समाधान बताने का कष्ट करें।**

**-महेंद्र, ईमेल से**

यह समस्या उन लोगों को ज्यादा होती है, जिनकी मसल्स कमजोर होती हैं। उनको सुबह उठने पर अकड़न रहती है। इससे निजात पाने का स्थाई तरीका यह है कि आप सुबह-शाम कमर की एक्सरसाइज करें। इसके लिए आपको किसी फिजियोथेरेपिस्ट से संपर्क कर लेना चाहिए। साथ ही दूध और दूध से बने प्रोडक्ट्स का सेवन अधिक से अधिक करें।

**मेरी उम्र 48 वर्ष है। मुझे पिछले कुछ महीनों से लगातार खांसी आ रही है और सांस लेने में भी प्रॉब्लम हो रही है। पहले मैं स्मोक करता था, लेकिन दो साल पहले वो भी छोड़ चुका हूं। फिर ऐसा क्यों हो रहा है? प्लीज मेरी प्रॉब्लम का कोई इफेक्टिव सॉल्यूशन बताएं।**

**-जसवीर, रोहतक**

आपको एक बार डॉक्टर से संपर्क कर लेना चाहिए, क्योंकि जैसा आप बता रहे हैं कि पहले आप स्मोक करते थे। कई बार ऐसे लोगों को लंग्स में दिक्कत हो जाती है। कई बार हार्ट में प्रॉब्लम की वजह से भी ऐसा होता है। इसलिए बगैर जांच कराए कुछ भी कहना ठीक नहीं होगा। *

प्रस्तुतिः रिचा पांडे

**पाठक अपनी हेल्थ प्रॉब्लम्स से संबंधित सवाल sehatharibhoomi@gmail.com पर ई-मेल कर सकते हैं।**





# फोर्स 3 की शूटिंग शुरू, दिखी जॉन और हर्षवर्धन की झलक

**मुंबई।** जॉन अब्राहम अपनी अपकमिंग फिल्म 'फोर्स 3' को लेकर चर्चा में हैं। इस फिल्म की शूटिंग हो रही है। मेकर्स ने एक सोशल मीडिया पोस्ट के जरिए इस बात की जानकारी दी है। पोस्ट में जॉन अब्राहम के अलावा हर्षवर्धन राणे की भी झलक दिखी है। मेकर्स ने जो वीडियो शेयर किया है, उसमें जॉन अब्राहम बंदूक लिए नजर आते हैं। इसके बाद उनका टकराव हर्षवर्धन राणे के साथ होता है। दोनों का लुक काफी डैशिंग है। दोनों जबरदस्त बॉडी फ्लॉन्ट करते हुए नजर आ रहे हैं। पोस्ट के कैप्शन में लिखा है 'जब कोई न रुकने वाला किसी न हिलने वाले से टकराता है, तो एक तूफान जन्म लेता है। 'फोर्स 3' 19 मार्च 2027 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।'

लाइफ Style


# नेहा 52 ब्लू' से हॉलीवुड में कर रहीं डेब्यू

नेहा धूपिया फिल्म '52 ब्लू' से हॉलीवुड में डेब्यू कर रही हैं। इसका ट्रेलर रिलीज हो गया है। इसमें वह बहुत ही सिंपल और सादा लुक में नजर आ रही हैं। अभिनेत्री नेहा धूपिया अपनी अपकमिंग फिल्म '52 ब्लू' को लेकर चर्चा में हैं। इस फिल्म से वह हॉलीवुड में डेब्यू कर रही हैं।

एजेंसी ▶▶ लॉस एंजिल्स

फिल्म के मेकर्स ने इसका पहला लुक और ट्रेलर जारी किया है। नेहा धूपिया इसमें एक अलग लुक में नजर आ रही हैं। यह फिल्म फीफा वर्ल्ड कप 2022 के बैकग्राउंड में एक भारतीय प्रवासी मजदूर की जिंदगी पर आधारित है। 2 मिनट 11 सेकंड के ट्रेलर में दिखाया गया है कि नेहा धूपिया ने उस व्यक्ति (यादव शशिधर) की मां का किरदार निभाया है, जो लियोनेल मेस्सी का बहुत बड़ा फैन है। वो लियोनेल मेस्सी से मिलने विदेश जाता है। वहां जाकर वह फंस जाता हैं। भारत में आशीष का परिवार पहले तो उनके विदेश जाने पर खुश होता है, बाद में जब वह वापस नहीं आता है, तो परिवार के लोग परेशान होते हैं। बेटे के दूर हो जाने पर नेहा धूपिया भी परेशान होती हैं।

इस फिल्म में नेहा धूपिया पहली बार एक मां का किरदार निभाएंगी। उनके साथ आदिल हुसैन भी हैं, जो उनके पति का किरदार निभा रहे हैं। यह इन दोनों की पहली ऑन-स्क्रीन जोड़ी है।फिल्म का ज्यादातर हिस्सा कोच्चि में फिल्माया गया है, जहां के तटीय और द्वीपीय नजारे कहानी को बेहतर तरीके से पेश करते हैं। यह फिल्म मिस्र के फिल्ममेकर अली अल-अरबी के निर्देशन में बनी है। आपको बता दें कि नेहा धूपिया ने 2003 में फिल्म 'कयामत' से बॉलीवुड में डेब्यू किया था।



हॉलीवुड मसाला





# स्पाइडर मैन... के नए पोस्टर जारी

**लॉस एंजिल्स।** 'स्पाइडर मैन ब्रांड न्यू डे' को लेकर बढ़ती उत्सुकता के बीच, फिल्म निर्माताओं ने नए टीजर के साथ दो पोस्टर जारी किए हैं। पहले पोस्टर में टॉम हॉलैंड अपने स्पाइडर मैन अंदाज में नजर आ रहे हैं तो वहीं दूसरे पोस्टर जेंडाया पर फोकस किया गया है।'स्पाइडर मैन ब्रांड न्यू डे' 31 जुलाई को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। 'स्पाइडर मैन ब्रांड न्यू डे' के दोनों पोस्टर्स लास वेगास में सिनेमाकॉन इवेंट के दौरान अनाउंस किए गए। इस दौरान वहां पर फिल्म 'स्पाइडर मैन ब्रांड न्यू डे' का एक छोटा सीन भी दिखाया गया।



# एक्टिंग डेब्यू को तैयार सिंगर और गीतकार बिली

**लॉस एंजिल्स।** सिंगर और गीतकार बिली एलिश अब एक्टिंग में अपना जलवा बिखेरने के लिए तैयार हैं। वो दिग्गज फिल्ममेकर जेम्स कैमरून के साथ मिलकर एक नई 3डी कॉन्सर्ट फिल्म 'हिट मी हार्ड एंड सॉफ्टः द टूर' (लाइव इन 3डी) लेकर आ रही हैं। हाल ही में फिल्म का ट्रेलर जारी किया गया है। ट्रेलर में एलिश के हाउसफुल वर्ल्ड टूर और कैमरून के साथ उनके सहयोग की झलक दिखाई गई है। कैमरून इस प्रोजेक्ट के सह-निर्देशक हैं। ट्रेलर की शुरुआत में कैमरून कहते हैं, 'यह आपका शो है। यह आपकी क्रिएटिव सोच है। यह लोगों को चौंका देगा।' ट्रेलर में दोनों को साथ मिलकर काम करते हुए दिखाया गया है, जिसमें 3डी चश्मे पहने हुए फिल्म के लिए क्रिएटिव फैसलों पर चर्चा करते हुए सीन भी शामिल हैं।



# कृति ने पहली बार फॉलो की स्ट्रिक्ट डाइट


**मुंबई।** कृति सेनन जल्द ही 'कॉकटेल 2' में नजर आने वाली हैं। मूवी के फर्स्ट लुक में एक्ट्रेस काफी फिट और बोल्ड लुक में नजर आईं हैं। हाल ही में उन्होंने इसके लिए ली गई डाइट और रूटीन पर चर्चा की। ये फिल्म 2012 में आई कॉकटेल का सीक्वल है। एक बातचीत में कृति सेनन ने कहा, सच कहूं तो 'कॉकटेल के दौरान ही ऐसा हुआ था जब मैं बहुत स्ट्रिक्ट डाइट और कंसिस्टेंट वर्कआउट रूटीन पर थी और पहली बार मैंने कैलोरी-डेफिसिट डाइट फॉलो की, जो मैंने पहले कभी अपनी जिंदगी में नहीं किया था। हम इटली के सिसिली में शूट कर रहे थे और वहां खाने की बात करें तो ज्यादातर पिज्जा, पास्ता, पिज्जा वही सब होता है। और मैं बस सोचती रह जाती थी।'कैलोरी-डेफिसिट डाइट का मतलब शरीर की नॉर्मल कैलोरी मात्रा से कम कैलोरी लेना।



# साउथ फिल्म में धनुष के साथ आएंगी नजर!

**मुंबई।** सारा अर्जुन आदित्य धर की फिल्म 'धुरंधर 2' में अपनी अदाकारी की वजह से चर्चा में हैं। वह इस समय सबसे ज्यादा मशहूर अभिनेत्रियों में से एक हैं। इस बीच, एक रिपोर्ट सामने आई है कि यह स्टार, नेशनल अवॉर्ड विजेता अभिनेता धनुष के साथ एक अपकमिंग फिल्म में नजर आ सकती हैं। इस फिल्म के निर्देशक तमिलरासन पचामुथु होंगे। धनुष के पास निर्देशक तमिलरासन पचामुथु के साथ एक प्रोजेक्ट है। इस फिल्म में मुख्य अभिनेत्री के तौर पर रुक्मिणी वसंत को चुना गया था। मगर अब ऐसा लगता है कि अब वह इस प्रोजेक्ट का हिस्सा नहीं हैं। वह एनटीआर और प्रशांत नील की फिल्म में बिजी हैं। ताजा रिपोर्ट्स के मुताबिक, फिल्म के मेकर्स अब मुख्य अभिनेत्री के तौर पर सारा अर्जुन के नाम पर विचार कर रहे हैं।

टीवी मसाला



# क्योंकि सास भी कभी बहू थी 2 में अब नहीं दिखेंगी विलेन नोइना

**नई दिल्ली।** टीवी पर टीआरपी रेटिंग में धूम मचा रही 'क्योंकि सास भी कभी बहू थी 2' के फैंस को बड़ा झटका लगा है। एकता कपूर का यह शो जहां पिछले पांच हफ्तों से टीआरपी में 'अनुपमा' को पछाड़कर नंबर-1 की कुर्सी पर है, वहीं एक्ट्रेस बरखा बिष्ट ने कंफर्म कर दिया है कि वह शो से विदा लेने वाली हैं। शो में विलेन 'नोइना' का किरदार निभा रहीं एक्ट्रेस का सफर अब शो में खत्म हो गया है। ऐसा कहानी में आए बदलाव के कारण हुआ है। बरखा बिष्ट ने सोशल मीडिया पर शो छोड़ने की पुष्टि की है। हिसार, हरियाणा में पैदा हुईं 46 साल की बरखा बिष्ट ने इंस्टाग्राम पर एक बेहद प्यारा और इमोशनल नोट लिखा है। इसमें उन्होंने शो के दौरान हर कदम पर उनका साथ देने वाली टीम का शुक्रिया अदा किया है। मूल रूप से गढ़वाली परिवार में जन्मी बरखा ने साल 2004 में 'कितनी मस्त है जिंदगी' शो से टीवी पर डेब्यू किया था। उन्होंने लिखा है, 'हमने इस शो के साथ इतिहास रचा है। आप सभी ने मुझे जो प्यार और भरोसा दिया है, उसके लिए मैं आपका जितना भी शुक्रिया अदा करूं, कम है... लोगों को 'नोइना' से नफरत करना भी पसंद था और मुझे इससे ज्यादा और क्या चाहिए था... उस टीम का बहुत-बहुत शुक्रिया, जो हर कदम पर मेरे साथ खड़ी रही!' मुजम्मिल देसाई सर, आप उन बेहतरीन लोगों में से एक हैं जिनके साथ मैंने काम किया है... मैंने आपसे बहुत कुछ सीखा है... एक इंसान के तौर पर भी!

## महाभारत में कथक डांस से हुई थी एंट्री

**नई दिल्ली।** मराठी और हिंदी सिनेमा की जानी-मानी हस्ती वर्षा उसगांवकर को 'महाभारत' की उत्तरा के नाम से भी जाना जाता है। वर्षा उसगांवकर के पिता चाहते थे कि उनकी बेटी इस ऐतिहासिक धारावाहिक का हिस्सा बने, लेकिन वर्षा ने कभी इसके लिए ऑडिशन नहीं दिया। दिलचस्प बात यह है कि 'महाभारत' शुरू होने के एक साल बाद, वर्षा अपने परिवार के साथ शूटिंग देखने के लिए सेट पर गईं और तभी उन्हें वहां एक प्यारा सा रोल ऑफर हो गया। उनकी कहानी किसी फिल्मी कहानी से कम नहीं है। 'महाभारत' में वर्षा की एंट्री गोपी कृष्णा द्वारा कोरियोग्राफ किए गए एक शानदार कथक डांस से हुई थी। उस एक सीन ने उन्हें रातोंरात राष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलाई और हिंदी फिल्म इंडस्ट्री के दरवाजे उनके लिए खोल दिए। हालांकि, वर्षा ने अपने कॅरियर की शुरुआत मराठी थिएटर से की थी और सचिन पिलगांवकर ने उन्हें 'गम्मत जम्मत' से लॉन्च किया था, लेकिन 'महाभारत' की सफलता ने उन्हें बॉलीवुड का चमकता सितारा बना दिया। इसके बाद उन्होंने 1990 में जैकी श्रॉफ के साथ फिल्म 'दूध का कर्ज' से हिंदी सिनेमा में कदम रखा।



# रामायण के पहले पार्ट में आमने सामने नहीं आएंगे राम- रावण

**मुंबई।** रणबीर कपूर की आने वाली फिल्म रामायण बीते कुछ दिनों से चर्चाओं में है। हाल ही में इसका टीजर भी रिलीज किया गया था, जिसके बाद फैंस में इसे लेकर एक्साइटमेंट और बढ़ गई है। अब फिल्म में रावण का रोल निभा रहे एक्टर यश ने अपने पार्ट को लेकर बड़े खुलासे किए हैं। एक बातचीत में यश से पूछा गया कि सेट पर उनका रणबीर कपूर के साथ रिश्ता कैसा है और उन्होंने अपनी केमिस्ट्री कैसे बनाई। इस पर यश ने कहा, 'दिलचस्प बात यह है कि हम दोनों इस फिल्म में कभी भी स्क्रीन पर साथ नहीं आए हैं। जैसा कि आप सभी जानते हैं, यह दो भागों वाली फिल्म है। तो पहले भाग में, रावण का अपना राज्य है और राम का अपना राज्य है। उन्होंने आगे कहा, 'लेकिन हां, हम कुछ बार मिले हैं, और वह एक शानदार एक्टर हैं। मुझे लगता है कि यह आपसी सम्मान है जो नजर आता है। केमिस्ट्री ऐसी होती है कि जब आप कुछ बड़ा करने के लिए निकलते हैं, और यह 'रामायण' जितनी बड़ी फिल्म है, तो हम सभी का एक ही टारगेट होता है कि इस कहानी को बेहतरीन तरीके से पेश करें। मुझे लगता है हमारी सोच एक जैसी है, इसलिए केमिस्ट्री कोई मुद्दा ही नहीं है। हम इसे एंजॉय कर रहे हैं।'रामायण' का पहला पार्ट 2026 में दिवाली के मौके पर और दूसरा पार्ट 2027 में दिवाली के मौके पर रिलीज हो सकता है। इसमें रणबीर कपूर भगवान राम के रोल में, यश रावण के रोल में, साई पल्लवी सीता के रोल में, सनी देओल भगवान हनुमान के रोल में और रवि दुबे लक्ष्मण के रोल में नजर आएंगे।



# वो सबसे मुश्किल कला के उस्ताद थे अक्षय ने असरानी को किया याद...

*मुंबई। अक्षय कुमार अपनी अपकमिंग फिल्म 'भूत बंगला' को लेकर चर्चा में हैं। इस बीच उन्होंने दिवंगत अभिनेता असरानी को याद किया है। असरानी ने 'भूत बंगला' में अक्षय कुमार के साथ अभिनय किया है। अक्षय कुमार ने असरानी को याद करते हुए इंस्टाग्राम पर एक तस्वीर शेयर की है। इसके साथ उन्होंने एक प्यारी पोस्ट लिखी है और उन्हें उस्ताद बताया है।*

*कैप्शन में अक्षय कुमार ने लिखा 'कभी-कभी एक तस्वीर सिर्फ यादों का टुकड़ा नहीं होती। एक पूरी यात्रा को समेटती है। ये तस्वीर हमारी 'भूत बंगला' की शूटिंग से है। असरानी जी के साथ मेरी दूसरी आखिरी फिल्म। कुल 12 फिल्में हमने साथ की और हर एक में मैंने उनसे कुछ नया सीखा। हर बार यह एक मास्टरक्लास थी।' उन्होंने आगे लिखा 'कॉमेडी इतनी आसान लगती थी जब वो करते थे, लेकिन असल में वो एक मुश्किल कला है। असरानी जी कॉमेडी के उस्ताद थे और हमेशा रहेंगे। 'भूत बंगला' 16 अप्रैल को रिलीज हो रही है। मेरे लिए ये सिर्फ एक फिल्म नहीं, एक याद है। एक श्रद्धांजलि है। एक सलाम है उस लीजेंड को। असरानी जी, आप हमेशा याद आएंगे।' आपको बता दें कि 20 अक्टूबर 2025 को बॉलीवुड के दिग्गज अभिनेता असरानी का निधन हो गया। उनका नाम गोवर्धन असरानी था। फेफड़ों में समस्या के बाद उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया था। उन्होंने 84 वर्ष की आयु में अंतिम सांस ली। उन्होंने अपकमिंग फिल्म 'हैवान' में भी अभिनय किया है। 'भूत बंगला' का पेड प्रिव्यू 16 अप्रैल को होगा। यह फिल्म सिनेमाघरों में 17 अप्रैल को रिलीज होगी। इसमें अक्षय कुमार के अलावा वामिका गब्बी, तब्बू, असरानी, राजपाल यादव और परेश रावल हैं। इसके निर्देशक प्रियदर्शन हैं।*



## हसरत जयपुरी से राज कपूर बोले थे- तुम्हारे पास हैं 24 घंटे

# दिन में बसों में टिकट काटते, रात को बन जाते शानदार मुशायरों की शान


*नई दिल्ली। तेरी प्यारी प्यारी सूरत को, पंख होती तो उड़ आती रे, जिंदगी एक सफर है सुहाना जैसे तमाम गीतों के पीछे जिस एक दिमाग ने जीतोड़ मेहनत की है वो हैं हसरत जयपुरी। जयपुर में जन्मे इकबाल हुसैन के अंदर दो दुनिया बसती थीं। एक तरफ स्कूल की अंग्रेजी तालीम, तो दूसरी तरफ अपने नाना (मशहूर शायर फिदा हुसैन) से सीखी गई उर्दू और फारसी की बारीकी थी। जब बीस साल की उम्र में पहली मोहब्बत मुकम्मल नहीं हुई, तो उन्होंने अपना उपनाम 'हसरत' रख लिया, जिसका मतलब ही है 'अधूरी ख्वाहिश'। आगे चलकर फिल्म इंडस्ट्री में इन्हें ही हसरत जयपुरी के नाम से प्रसिद्धि मिली। 1940 में वह अपनी पत्नी के साथ मुंबई (तब बंबई कहलाता था) आ गए। ये वो दौर था जब दिन में वे बसों में टिकट काटते और रात होते ही शहर के शानदार मुशायरों की शान बन जाते। वे खुद को 'रंगीन मिजाज' कहते थे।*

### जिया बेकरार है, छाई बहार है

हसरत एक मुशायरे में वे अपनी एक दर्दभरी कविता 'मजदूर की लाश' पढ़ रहे थे। दर्शकों में बैठे थे महान एक्टर पृथ्वीराज कपूर। उन्होंने इस नौजवान की प्रतिभा को पहचाना और अपने बेटे राज कपूर के पास भेजा। तब राज कपूर अपनी फिल्म 'बरसात' (1949) बना रहे थे। उन्होंने हसरत को एक धुन सुनाई और कहा, 'तुम्हारे पास 24 घंटे हैं, इस पर एक गाना लिखकर लाओ।' अगले दिन हसरत लौटे और जो कागज उन्होंने राज कपूर के हाथ में रखा, उस पर 'जिया बेकरार है, छाई बहार है' लिखा था। राज कपूर गाने की लाइनें पढ़कर खुशी से उछल पड़े और ये गाना काफी पॉप्युलर साबित हुआ।

### कलम से निकले शब्द सीधे लोगों के दिलों में उतरते

हसरत के पास प्यार के हर मौसम के लिए अल्फाज थे। शम्मी कपूर का बिंदास अंदाज हो (एहसान तेरा होगा मुझ पर), देव आनंद का चुलबुलापन हो या किशोर कुमार की मस्ती (जिंदगी एक सफर है सुहाना), हसरत के कलम से निकले शब्द सीधे लोगों के दिलों में उतर जाते थे।



### 1,200 से अधिक गीतों का एक खजाना

17 सितंबर 1999 को 77 वर्ष की आयु में हसरत जयपुरी ने इस दुनिया को अलविदा कह दिया। हसरत जयपुरी ने 1,200 से अधिक गीतों का एक ऐसा खजाना छोड़ गए जो आज भी बेमोल है।

**अनु मलिक के मामा लगते हैं जयपुरी** :बताते चलें कि उनकी बहन बिलकिस मलिक की शादी म्यूजिक डायरेक्टर सरदार मलिक से हुआ था जो सिंगर अनु मलिक की मां हैं । हसरत के दो बेटे और एक बेटी हैं, अख्तर हसरत जयपुरी, आसिफ हसरत जयपुरी और किश्वर जयपुरी। वहीं आदिल, अमान, आमिर और फैज़ जयपुरी उनके पोते हैं।

### उनके शानदार गानों में ये गाने शामिल हैं

- इचक दाना बिचक दाना
- जिंदगी एक सफर है सुहाना
- तेरी प्यारी प्यारी सूरत को
- पंख होती तो उड़ आती रे
- एहसान तेरा होगा मुझपर
- तुम मुझे यूं भुला न पाओगे
- दुनिया बनानेवाले
- बदन पे सितारे लपेटे हुए
- ये मेरा प्रेम पत्र पढ़कर

### सारा पैसा मुंबई की रियल एस्टेट कंपनी में निवेश किया

1969 की फिल्म 'प्रिंस' के लिए उन्होंने पेरिस के एक नाइट क्लब में डांसर्स को देखकर ऐसा गीत लिखा (बदन पे सितारे लपेटे हुए) जो आज भी पार्टियों की जान है। जब हसरत अपने करियर के चरम पर थे और लाखों कमा रहे थे, तब उनकी पत्नी ने उन्हें सारा पैसा मुंबई की रियल एस्टेट (प्रॉपर्टी) में निवेश करने को कहा था। जब फिल्में मिलनी बंद हुईं, तब भी वे किराये की आमदनी से शान और शौकत से जीए। उन्हें कभी पैसों के लिए अपने उसूलों या अपनी कला से समझौता नहीं करना पड़ा।

# नाडा की आरपीटी सूची में बदलाव, श्रेयस-स्मृति की जगह अभिषेक-अक्षर

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

टी20 विश्व कप जीतने वाली भारतीय क्रिकेट टीम के सदस्य अभिषेक शर्मा और अक्षर पटेल को इस साल की दूसरी तिमाही के लिए राष्ट्रीय डोपिंग रोधी एजेंसी (नाडा) के पंजीकृत परीक्षण पूल (आरटीपी) में शामिल किया गया है। आरटीपी में शामिल 348 खिलाड़ियों की नवीनतम सूची में अभिषेक और अक्षर ने स्मृति मंधाना और श्रेयस अय्यर की जगह ली है। इन सभी खिलाड़ियों को डोपिंग रोधी एजेंसी को अपने ठिकाने की जानकारी देनी होगी और प्रतिदिन एक निश्चित समय में परीक्षण के लिए उपलब्ध रहना होगा। अपने ठिकाने की जानकारी देने में तीन बार विफल रहना डोपिंग का उल्लंघन माना जाता है।

## नाडा की सूची में 14 क्रिकेटर शामिल



## एथलेटिक्स के सर्वाधिक खिलाड़ी



नाडा की इस सूची में सर्वाधिक खिलाड़ी एथलेटिक्स से जुड़े हुए हैं। पिछली बार इनकी संख्या 118 थी, जो अब बढ़कर 134 हो गई है। इनमें स्टीपलचेज के एथलीट अविनाश साबले, बाधा दौड़ की धाविका ज्योति याराजी, डेकाथलॉन खिलाड़ी तेजस्विन शंकर और फर्राटा धावक अनिमेष कुजुर जैसे प्रमुख नाम शामिल हैं। लंबी कूद में हिस्सा लेने वाली शैली सिंह और एम श्रीशंकर तथा गोला फेंक की एथलीट तजिंदरपाल सिंह तूर को भी इस सूची में शामिल किया गया है। तीरंदाजी से अनुभवी खिलाड़ी दीपिका कुमारी, राकेश कुमार और मशहूर पैरा तीरंदाज शीतल देवी नाडा की इस सूची में शामिल हैं। हॉकी से मनप्रीत सिंह, कप्तान हरमनप्रीत सिंह, अमित रोहिदास और हार्दिक सिंह के साथ-साथ महिला टीम की कप्तान सलीमा टेटे, सविता पूनिया और नवनीत कौर भी इस सूची का हिस्सा हैं।

## पंड्या, पंत और बुमराह बरकरार



टेस्ट और वनडे के कप्तान शुभमन गिल, यशस्वी जायसवाल, हार्दिक पंड्या, ऋषभ पंत, जसप्रीत बुमराह, केएल राहुल, अर्शदीप सिंह और तिलक वर्मा पहले की तरह इस सूची में बने रहेंगे। पिछले साल वनडे विश्व कप जीतकर इतिहास रचने वाली भारतीय महिला क्रिकेट टीम की ऑलराउंडर दीप्ति शर्मा तथा शेफाली वर्मा और रेणुका सिंह ठाकुर इस सूची में बनी हुई हैं। कुल मिलाकर नाडा की इस सूची में 14 क्रिकेटरों को शामिल किया गया है।

## बैडमिंटन के 8 खिलाड़ी शामिल



बैडमिंटन से आठ खिलाड़ियों को इसमें शामिल किया गया है, जिनमें पीवी सिंधु, लक्ष्य सेन और गायत्री गोपीचंद प्रमुख हैं। इस सूची में 22 मुक्केबाज शामिल हैं। इनमें विश्व पदक विजेता निकहत ज़रीन, निशांत देव और जैस्मीन लैंबोरिया के साथ-साथ ओलंपिक कांस्य पदक विजेता लवलीना बोरगोहेन भी शामिल हैं। कुश्ती से 31 खिलाड़ियों को इस सूची में जगह दी गई है। इनमें ओलंपिक कांस्य पदक विजेता अमन सहरावत भी शामिल हैं।

## खबर संक्षेप



### हार्दिक ने छेत्री को भेंट की एमआई की जर्सी

**मुंबई।** भारतीय फुटबॉल के दिग्गज सुनील छेत्री मशहूर वानखेड़े स्टेडियम में मुंबई इंडियंस (एमआई) के ट्रेनिंग सेशन के दौरान पहुंचे थे। इस दौरान एमआई के कप्तान हार्दिक पांड्या ने छेत्री को एमआई की जर्सी भेंट की। ट्रेनिंग सेशन के दौरान पहुंचे सुनील छेत्री से एमआई के कई खिलाड़ी बात करते हुए नजर आए। छेत्री ने महेला जयवर्धने, शार्दुल ठाकुर, दीपक चाहर और कप्तान हार्दिक पांड्या जैसे खिलाड़ियों से बातचीत की और अपने शानदार करियर के अनुभव शेयर किए। छेत्री ने कहा, मैं स्टेडियम में बहुत बार नहीं गया हूं, लेकिन जब भी आया हूं, तो यह एक अद्भुत एहसास है। यहां आकर खेल को अलग तरह से देखना बहुत अच्छा है। मैं मुंबई इंडियंस और फैंस को न केवल इस मैच के लिए बल्कि पूरे टूर्नामेंट के लिए शुभकामनाएं देता हूं।

### भारत के लिए सारे प्रारुप में खेलना वरदान : सुंदर



**नई दिल्ली।** वॉशिंगटन सुंदर का मानना है कि क्रिकेट का कैलेंडर अति व्यस्त होने के कारण हर प्रारुप में खेलने वाले खिलाड़ी अब बिरले होते हैं लेकिन इस जमात का हिस्सा बनना खूबसूरत वरदान है, बड़ी चुनौती नहीं । भारत के लिए 2017 में पहली बार खेलने वाले सुंदर को कैरियर में कई बार चोटों का सामना करना पड़ा है। वह हालांकि पिछले 18 महीने से भारतीय टीम के नियमित सदस्य हैं। उन्होंने कहा,' भारतीय क्रिकेट के लिए हर प्रारुप खेलना बड़ा वरदान है। हम सभी को पता है कि भारतीय टीम हमेशा किस तरह का क्रिकेट खेलती है।

### एटीपी टूर टूर्नामेंट की मेजबानी करेगा इटली

**रोम।** विश्व के नंबर एक खिलाड़ी यानिक सिनर की लोकप्रियता का प्रभाव उनके देश इटली की टेनिस पर भी स्पष्ट तौर पर दिखाई दे रहा है, जो एटीपी फ़ाइनल और डेविस कप फ़ाइनल के बाद अब विंबलडन की तैयारी से जुड़े एक एटीपी टूर्नामेंट की भी मेजबानी करेगा। यह टूर्नामेंट 2028 से घास के कोर्ट पर खेला जाएगा। इसका आयोजन मिलान के सैन सिरो स्टेडियम में किया जा सकता है। सिनर ने पिछले साल विंबलडन का खिताब जीता था। इटली के टेनिस महासंघ के अध्यक्ष एंजेलो बिनाघी ने कहा कि उसने 250 स्तर के एटीपी टूर टूर्नामेंट के अधिकार खरीद लिए हैं।

### लखनऊ सुपर जाइंट्स को 5 विकेट से हराकर आरसीबी शीर्ष पर

# 29 गेंद पहले जीती रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु, लगाया जीत का 'चौका'

एजेंसी ▶▶| बेंगलुरु

रसिख सलाम और भुवनेश्वर कुमार की तूफानी गेंदबाजी के बाद विराट कोहली की अगुआई में बल्लेबाजों के उम्दा प्रदर्शन से रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु की टीम इंडियन प्रीमियर लीग में बुधवार को लखनऊ सुपर जाइंट्स को 5 विकेट से हराकर अंक तालिका में शीर्ष पर पहुंच गई।

सुपर जाइंट्स के 147 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु ने कोहली की 34 गेंद में 6 चौकों और 1 छक्के से 49 रन की पारी की बदौलत 29 गेंद शेष रहते 5 विकेट पर 149 रन बनाकर आसान जीत दर्ज की। कोहली ने देवदत्त पडिक्कल (10) के साथ दूसरे विकेट के लिए 57 रन भी जोड़े। सुपर जाइंट्स की ओर से प्रिंस यादव (32 रन पर तीन विकेट) ने तीन जबकि आवेश खान (23 रन पर दो विकेट) ने दो विकेट चटकाए लेकिन अपनी टीम को पांच मैच में तीसरी हार से नहीं बचा पाए। इस जीत से बेंगलुरु की टीम 5 मैच में 4 जीत से 8 अंक के साथ शीर्ष पर पहुंच गई है। राजस्थान रॉयल्स के भी आठ अंक हैं लेकिन रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु की टीम बेहतर नेट रन रेट के कारण शीर्ष पर है।



### रसिख का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन

आरसीबी के दाएं हाथ के तेज गेंदबाज रसिख सलाम डार ने एलएसजी के विरुद्ध मुकाबले में महज 24 रन देकर 4 विकेट हासिल किए। यह आरसीबी की तरफ से किसी अनकैप्ड भारतीय खिलाड़ी का चौथा सर्वश्रेष्ठ बॉलिंग फिगर है। एम चिन्नास्वामी स्टेडियम में खेले गए मुकाबले में रसिख ने एडेन मार्करम,आयुष बडोनी, मुकुल चौधरी और अवेश खान का विकेट लिया। आरसीबी के लिए अनकैप्ड भारतीय खिलाड़ियों के सर्वश्रेष्ठ आंकड़ों में हर्षल पटेल शीर्ष पर हैं, जिन्होंने साल 2021 में मुंबई इंडियंस के विरुद्ध 27 रन देकर 5 विकेट निकाले थे। लिस्ट में श्रीनाथ अरविंद दूसरे पायदान पर हैं, जिन्होंने साल 2011 में पंजाब की टीम के विरुद्ध 14 रन देकर 4 विकेट निकाले थे।

### पंत हुए चोटिल, कोहनी में लगी हेजलवुड की गेंद

लखनऊ सुपर जाइंट्स को बुधवार को इंडियन प्रीमियर लीग मैच के दौरान बड़ा झटका लगा जब रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के तेज गेंदबाज जोश हेजलवुड की उछाल लेती गेंद पर कप्तान ऋषभ पंत की बाईं कोहनी पर चोट लगी। असहनीय दर्द के कारण उन्हें मेडिकल ब्रेक लेना पड़ा और फिजियो पैट्रिक फरहार्ट तुरंत मैदान पर दौड़कर आए।पंत दर्द से कराह रहे थे और उन्होंने निराश होकर मैदान से बाहर जाने का फैसला किया। कोहनी में फ्रेक्चर है या नहीं यह सूजन कम होने पर पता चलेगा जब एमआरआई कराया जाएगा।

### स्कोर बोर्ड

| लखनऊ सुपर जाइंट्स | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| मिचेल मार्श बो कृणाल | 40 | 32 | 3 | 2 |
| मारक्रम का पडिक्कल बो रसिख | 12 | 8 | 0 | 1 |
| पंत का सॉल्ट बो भुवनेश्वर | 01 | 6 | 0 | 0 |
| पूरन बो हेजलवुड | 01 | 7 | 0 | 0 |
| बडोनी का जितेश बो रसिख | 38 | 24 | 4 | 1 |
| समद का पाटीदार बो कृणाल | 00 | 2 | 0 | 0 |
| मुकुल चौधरी बो रसिख | 39 | 28 | 3 | 2 |
| लिंडे का डेविड बो भुवनेश्वर | 07 | 7 | 1 | 0 |
| मोहम्मद शमी बो भुवनेश्वर | 00 | 1 | 0 | 0 |
| आवेश खान बो रसिख | 01 | 2 | 0 | 0 |
| दिग्वेश राठी नाबाद | 00 | 3 | 0 | 0 |

**अतिरिक्त:** 07 **कुल:**20 ओवर में सभी विकेट खोकर: 146 रन
**गेंदबाजी:** भुवनेश्वर 4-0-27-3, हेजलवुड 4-0-20-1 , रसिख 4-0-24-4, कृणाल 4-0-38-2, सुयश 4-0-34-0.

| रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| फिल सॉल्ट बो प्रिंस | 07 | 8 | 1 | 0 |
| कोहली का पूरन बो आवेश | 49 | 34 | 6 | 1 |
| पडिक्कल का हिम्मत बो आवेश | 10 | 11 | 1 | 0 |
| पाटीदार का राठी बो प्रिंस | 27 | 13 | 1 | 3 |
| जितेश शर्मा का चौधरी बो प्रिंस | 23 | 9 | 2 | 2 |
| टिम डेविड नाबाद | 14 | 8 | 1 | 1 |
| शेफर्ड नाबाद | 14 | 8 | 1 | 1 |

**अतिरिक्त:**05 **कुल:**15.1 ओवर में पांच विकेट पर: 149 रन
**गेंदबाजी:** शमी 3-0-30-0, प्रिंस 3-0-32-3 , राठी 4-0-51-0, आवेश 4-0-23-2, लिंडे 1.1-0-9-0.

### आईपीएल पाइंट टेबल

| टीम | मैच | जीते | हारे | अंक |
|---|---|---|---|---|
| बेंगलुरु | 5 | 4 | 1 | 8 |
| राजस्थान | 5 | 4 | 1 | 8 |
| पंजाब | 4 | 3 | 1 | 7 |
| हैदराबाद | 5 | 2 | 3 | 4 |
| दिल्ली | 4 | 2 | 2 | 4 |
| गुजरात | 4 | 2 | 2 | 4 |
| लखनऊ | 5 | 2 | 3 | 4 |
| चेन्नई | 5 | 2 | 3 | 4 |
| मुंबई | 4 | 1 | 3 | 2 |
| कोलकाता | 5 | 0 | 4 | 1 |

**ऑरेंज कैप**



विराट कोहली
228 रन
बेंगलुर

**पर्पल कैप**



प्रसिद्ध कृष्णा
10 विकेट
गुजरात

# अजेय पंजाब किंग्स के खिलाफ लय हासिल करने उतरेगी मुंबई इंडियंस

एजेंसी ▶▶| मुंबई



पिछले कुछ मैचों में निराशाजनक प्रदर्शन करने वाली मुंबई इंडियंस की टीम स्टार बल्लेबाज रोहित शर्मा की संभावित अनुपस्थिति के बावजूद गुरुवार को अब तक अजेय चल रही पंजाब किंग्स की कड़ी चुनौती का डटकर सामना करके इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में अपना अभियान वापस पटरी पर लाने की कोशिश करेगी।

पंजाब अपना पिछला मुकाबला जीतकर तो वहीं मुंबई की टीम पिछला मुकाबला हारकर यहां आई है। 5 बार की चैंपियन टीम मुंबई इंडियंस इस सीजन में अब तक खेले 4 मुकाबलों में केवल 1 में ही जीत दर्ज कर पाई है। वहीं पंजाब की टीम ने अब तक खेले 4 मैचों में तीन मुकाबलों में जीत दर्ज की है, वहीं पंजाब का केकेआर के खिलाफ एक मुकबला बारिश की वजह से रद्द हो गया था। पॉइंट्स टेबल की बात करें तो पंजाब किंग्स की टीम 4 मैचों में 3 में जीत के साथ दूसरे स्थान पर हैं तो वहीं मुंबई की टीम 9वें स्थान पर हैं। मुंबई और पंजाब का हेड-टू-हेड रिकॉर्ड मुंबई इंडियंस और पंजाब किंग्स के बीच मुकाबले हमेशा बराबरी के रहे हैं। दोनों टीमों ने अब तक 34 मैच खेले हैं, जिनमें मुंबई ने 17 और पंजाब ने भी 17 मुकाबले जीते हैं। खास बात यह है कि इनके बीच कोई मैच टाई या बिना नतीजे के खत्म नहीं हुआ है, जिससे दोनों टीमों की टक्कर पूरी तरह संतुलित नजर आती है।

### प्रभसिमरन सिंह और प्रियांश आर्य की जोड़ी खतरनाक

पंजाब किंग्स के बल्लेबाजों ने अभी तक अच्छा प्रदर्शन किया है। इसका एक नमूना सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ पिछले मैच में देखने को मिला जिसमें उसने पावरप्ले में बिना किसी नुकसान के 93 रन बनाए थे। प्रभसिमरन सिंह और प्रियांश आर्य की जोड़ी खतरनाक नजर आ रही है, जबकि अय्यर के आत्मविश्वास और कूपर कोनोली के आने से उसकी टीम और भी मजबूत हो गई है। पंजाब किंग्स की गेंदबाजी की बात करें तो उसके मुख्य गेंदबाज अर्शदीप सिंह अभी तक अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन नहीं कर पाए हैं। उन्होंने अब तक खेले गए चार मैचों में 84 गेंदों पर 149 रन लुटाए हैं और केवल दो विकेट ही लिए हैं।

# धीमी ओवर गति के लिए रहाणे को दंड, लगा जुर्माना

एजेंसी ▶▶| चेन्नई

कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) के कप्तान अजिंक्य रहाणे पर चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) के खिलाफ आईपीएल मैच के दौरान धीमी ओवर गति बनाए रखने के लिए 12 लाख रुपए का जुर्माना लगाया गया है।

केकेआर को मंगलवार को खेले गए इस मैच में 32 रन से हार का सामना करना पड़ा। उसकी टीम वर्तमान सत्र में अभी तक एक भी मैच नहीं जीत पाई है और अंक तालिका में सबसे निचले स्थान पर है। आईपीएल के अनुसार, 'कोलकाता नाइट राइडर्स के कप्तान अजिंक्य रहाणे पर चेन्नई के एमए चिदंबरम स्टेडियम में चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2026 के मैच के दौरान उनकी टीम की धीमी ओवर गति के लिए जुर्माना लगाया गया है।' इसमें कहा गया है, 'आईपीएल की न्यूनतम ओवर गति से संबंधित आचार संहिता के अनुच्छेद 2.22 के तहत यह उनकी टीम का इस सत्र का पहला अपराध था, इसलिए रहाणे पर 12 लाख रुपए का जुर्माना लगाया गया।' केकेआर का अगला मुकाबला शुक्रवार को अहमदाबाद में गुजरात टाइटन्स से होगा।



# न्यूजीलैंड महिला फुटबॉल टीम विश्व कप के लिए क्वालीफाई

एजेंसी ▶▶| ऑकलैंड

न्यूजीलेंड ने ओसियाना महासंघ क्वालीफाइंग सीरीज में पापुआ न्यू गिनी (पीएनजी) को 1-0 से हराकर ब्राजील में अगले महीने होने वाले महिला फुटबॉल विश्व कप के लिए क्वालीफाई किया। संडरलैंड की मिडफील्डर केटी किचिंग ने मैच का एकमात्र गोल 55वें मिनट में किया और न्यूजीलैंड को सातवीं बार महिला विश्व कप में जगह दिलाई। इस हार के बावजूद पीएनजी का अभियान खत्म नहीं हुआ है और टीम के पास नवंबर या दिसंबर में अंतरराष्ट्रीय विंडो (अंतरराष्ट्रीय मुकाबलों के लिए निर्धारित समय) के दौरान अंतर महाद्वीपीय प्ले ऑफ के जरिए विश्व कप में जगह बनाने का मौका होगा। न्यूजीलैंड ने मैच के दौरान गोल करने के कई मौके गंवाए लेकिन अंततः टीम दूसरे हाफ में किचिंग के गोल की बदौलत जीत दर्ज करने में सफल रही।



# 19 साल के मूडी का कमाल, अस्पताल से निकलते ही वर्ल्ड स्नूकर में एंट्री

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

19 वर्षीय ब्रिटिश खिलाड़ी स्टैन मूडी टॉन्सिलाइटिस के इलाज के लिए भर्ती थे। अस्पताल से डिस्चार्ज होने के एक दिन बाद उन्होंने चीन के जियांग जून को हराकर पहली बार वर्ल्ड स्नूकर चैंपियनशिप के लिए क्वालीफाई कर लिया है।

मूडी साल 2007 में जड ट्रंप के बाद क्रूसिबल में खेलने वाले पहले ब्रिटिश टीनएजर होंगे। स्टैन मूडी ने आखिरी फ्रेम में शानदार सेंचुरी बनाकर जियांग जून को 10-9 से हराया। 6-5 से पिछड़ रहे नंबर-44 मूडी ने 71, 70, 113 और 127 के स्कोर बनाकर 9-8 की बढ़त हासिल की। इसके बाद 18वें फ्रेम में उन्होंने मैच जीतने का मौका गंवा दिया, लेकिन निर्णायक फ्रेम में शानदार 104 का स्कोर बनाकर अपनी गलती सुधार ली। मूडी की यह जीत इसलिए भी ज्यादा अहम है, क्योंकि पिछली रात ही वह टॉन्सिलाइटिस के कारण अस्पताल में भर्ती थे। इसके बावजूद उन्होंने खुद को डिस्चार्ज करवाया और शारीरिक तकलीफ के बावजूद खेलते हुए इस सबसे बड़े मंच पर अपनी जगह सुनिश्चित की।

### मूडी ने आखिरी फ्रेम में शानदार सेंचुरी बनाकर जियांग जून को 10-9 से हराया



### मुझे एक मैच खेलना : मूडी

*वर्ल्ड स्नूकर ने मूडी के हवाले से बताया, डॉक्टर्स ने मुझसे कहा, हम जानते हैं कि आप मना करोगे, लेकिन हम चाहते हैं कि आप अस्पताल में ही रुको।' मैंने मना कर दिया और कहा कि मुझे एक मैच खेलना है। मुझे खुशी है कि मैंने ऐसा ही किया। उन्होंने मुझे कुछ एंटीबायोटिक्स और दूसरी दवाएं दीं। मैं अब वहां वापस नहीं जाऊंगा, मुझे वह जगह बिल्कुल पसंद नहीं है। मैच के आखिर में, मैंने अपनी जिंदगी में कभी इतना दबाव महसूस नहीं किया था। मैं इस जीत से बहुत खुश हूं। जब से मैंने खेलना शुरू किया है, यह मेरा सपना रहा है।*

### चैंपियंस लीगः लिवरपूल को हराकर पीएसजी ने खिताब की ओर बढ़ाया कदम

# सेमीफाइनल में पीएसजी और एटलेटिको मैड्रिड, बार्सिलोना बाहर

एजेंसी ▶▶| मैड्रिड

बार्सिलोना दूसरे चरण में जीत के बावजूद क्वार्टर फाइनल में एटलेटिको मैड्रिड से कुल स्कोर में 3-2 से हारने के कारण चैंपियंस लीग फुटबाल टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में पहुंचने में नाकाम रहा। एटलेटिको मैड्रिड ने क्वार्टर फाइनल के पहले चरण का मैच 2-0 से जीता था, जो आखिर में निर्णायक साबित हुआ। बार्सिलोना ने दूसरे चरण का मैच 2-1 से जीता लेकिन यह आगे बढ़ने के लिए पर्याप्त नहीं था। इस बीच मौजूदा चैंपियन पेरिस सेंट जर्मेन (पीएसजी) ने लिवरपूल को 4-0 से हराकर सेमीफाइनल में जगह बनाई और इस तरह से अपने खिताब का बचाव करने की तरफ कदम बढ़ाए। पीएसजी ने क्वार्टर फाइनल के पहले चरण के मैच की तरह दूसरे चरण के मैच में भी 2-0 से जीत हासिल की।

### 2017 के बाद सेमीफाइनल में एटलेटिको मैड्रिड

बार्सिलोना के शुरुआती हमलों के बावजूद एटलेटिको मैड्रिड की टीम ने डटकर मुकाबला किया और लगभग एक दशक में पहली बार चैंपियंस लीग के सेमीफाइनल में प्रवेश किया। उसने इससे पहले 2017 में इस प्रतियोगिता के सेमीफाइनल में जगह बनाई थी। बार्सिलोना ने पहले 24 मिनट में दो गोल करके स्कोर बराबर कर दिया था। उसकी तरफ से लामिन यामल और फेरान टोरेस ने गोल दागे। एटलेटिको मैड्रिड ने पहले ही हाफ में अडेमोला लुकमैन के गोल से वापसी की।



### पीएसजी की ओस्मान डेम्बेले पर जीत

*उधर लिवरपूल में खेले गए क्वार्टर फाइनल के एक अन्य मैच में पीएसजी ने ओस्मान डेम्बेले के दूसरे हाफ में किए गए दो गोल की मदद से 4-0 की कुल जीत सुनिश्चित की। डेम्बेले के पहले गोल ने लिवरपूल की उम्मीदों पर पानी फेर दिया, क्योंकि प्रीमियर लीग का यह क्लब चैंपियंस लीग में एक और यादगार वापसी की तलाश में था। बैलोन डीओर विजेता डेम्बले ने गोलकीपर जियोर्गी मामारदाश्विली को छकाते हुए बाएं पैर से शानदार शॉट लगाया, जिससे घरेलू दर्शक सन्न रह गए। उन्होंने दूसरा गोल स्टॉपेज टाइम में किया।*

# एशियाई चैंपियंस लीग में हारा ईरानी क्लब ट्रैक्टर



**जेद्दा।** मध्य पूर्व में जंग के कारण पिछले लगभग डेढ़ महीने से कोई मैच नहीं खेल पाने वाले ईरान के क्लब ट्रैक्टर को एशियाई चैंपियंस लीग (एसीएल) फुटबॉल टूर्नामेंट के अंतिम 16 में संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) के शबाब अल अहली से 3-0 से हार का सामना करना पड़ा। अमेरिका और इजरायल के फरवरी के आखिर में ईरान पर हमले के कारण ट्रैक्टर कोई मैच नहीं खेल पाया था और उसका असर इस मैच में देखने को मिला। यूएई के क्लब की तरफ से यूरो सीजर, ईरान के अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी सईद एजातोलाही और ब्राजील के फॉरवर्ड मातेउसाओ ने गोल किए। वह अब शनिवार को क्वार्टरफाइनल में थाईलैंड के बुरिराम यूनाइटेड का सामना करेगा। एक अन्य मैच में फैबिन्हो के 120वें मिनट में पेनल्टी पर किए गए गोल की मदद से सऊदी अरब के अल इत्तिहाद ने यूएई के अल वाहदा को 1-0 से हराकर क्वार्टर फाइनल में जगह पक्की की जहां उसका सामना जापान के माचिदा ज़ेल्विया से होगा।




हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

बुधवार को सीबीएसई के 10वीं के परीक्षा परिणाम घोषित कर दिए गए। हरिभूमि ने टॉपर्स से बातचीत की तो उन्होंने अपनी सफलता के सूत्र साझा किए। जिसमें उन्होंने बताया कि उन्होंने किस तरह का अपना रुटीन रखा।

# किसी का टाइम पास बना सोशल मीडिया, तो किसी ने स्विमिंग और साइकिलिंग से किया स्ट्रेस रिलीज

## दोस्तों और भाई-बहनों के साथ खेलना गुड टाइम पास

**नाम - आस्तिक पाठक** | **स्कूल - सेज स्कूल, कोलार**



प्रतिशत 99.8%

99.8% अंक लाने वाले सिटी टॉपर, सेज स्कूल, कोलार के आस्तिक पाठक ने बताया कि वे रोजाना करीब 4 घंटे पढ़ाई करते थे और नियमित रूप से स्कूल जाते थे। उनका पसंदीदा टाइम पास दोस्तों और भाई-बहनों के साथ खेलना या बातचीत करना था। उन्होंने कहा कि उनसे बात करके वे काफी रिलैक्स महसूस करते थे और उनका मूड फ्रेश हो जाता था। उन्होंने बताया कि दो साल पहले तक उन्होंने स्टेट लेवल की चेस चैंपियनशिप भी जीती थी, लेकिन पढ़ाई की वजह से उसे छोड़ना पड़ा। उनके पिता पंडित खुशीलाल शर्मा आयुर्वेदिक महाविद्यालय में डॉक्टर हैं और उनकी मां भी डॉक्टर हैं। उन्होंने कहा कि डॉक्टर फैमिली से होने के कारण उनका लक्ष्य एमबीबीएस करना है, लेकिन वे यूपीएससी को एक सेकंड ऑप्शन के रूप में भी रखेंगे।

## साइकिलिंग, बैडमिंटन और टेबल टेनिस खेलना पसंद

**नाम - सान्वी झा** | **स्कूल - डीपीएस भोपाल**



प्रतिशत 99.8%

99.8% अंक लाने वाली डीपीएस भोपाल की सान्वी झा ने बताया कि उन्होंने हमेशा सेल्फ स्टडी पर फोकस किया, जिसमें वे करीब 5 घंटे पढ़ाई करती थीं। इसमें उनके पिता भी करीब दो घंटे उन्हें पढ़ाते थे। उनके पिता अमूल में जोन इंचार्ज हैं और मां हाउसवाइफ हैं। उन्होंने कहा कि उन्हें कभी भी पढ़ाई से बोरियत नहीं हुई। बीच-बीच में वे ब्रेक लेती थीं, जिसमें वे साइकिलिंग, बैडमिंटन और टेबल टेनिस खेलना पसंद करती थीं। सान्वी का कहना है कि वे आगे चलकर मैथ्स सब्जेक्ट लेंगी और स्पेस इंजीनियरिंग के क्षेत्र में जाना चाहती हैं, क्योंकि इसमें काफी संभावनाएं हैं।

## मेरे थॉट्स को ह्यूमैनिटीज लेकर करुंगी एक्सप्रेस

**नाम - नंदिका गुप्ता** | **स्कूल - सागर पब्लिक स्कूल, साकेत नगर**



प्रतिशत 99.6%

99.6% अंक लाने वाली सागर पब्लिक स्कूल, साकेत नगर ब्रांच की नंदिका गुप्ता ने कहा कि मुझे ऐसा लग रहा है कि जो लक्ष्य मैंने सोचा था, आज उसे पा लिया। लेकिन यह मैंने अकेले हासिल नहीं किया, इसे प्राप्त करने में मेरे पैरेंट्स का भी बड़ा योगदान है। उन्होंने कहा कि मैं हमेशा एक टारगेट सेट करके पढ़ाई करती थी। मैं सोशल मीडिया पर भी एक्टिव रही, जिससे मेरा अच्छा टाइम पास हुआ। उन्होंने कहा कि मेरा फेवरेट सब्जेक्ट साइंस है, लेकिन मैं ह्यूमैनिटीज लूंगी क्योंकि मेरे पास कई आइडिया और थॉट्स हैं, जिन्हें एक्सप्रेस करने के लिए ह्यूमैनिटीज बेहतर हैं।

## कभी साइकिल से कॉलोनी का चक्कर लगाता तो कभी

**नाम - ऋषिकेश करोडे** | **स्कूल - सागर पब्लिक स्कूल, साकेत नगर**



प्रतिशत 99.6%

99.6% अंक लाने वाले ऋषिकेश करोडे, सागर पब्लिक स्कूल साकेत नगर के छात्र हैं। उन्होंने बताया कि उनका डेली रुटीन 4 से 5 घंटे पढ़ाई करने का था और जैसे-जैसे एग्जाम नजदीक आते थे, उनके घंटे बढ़ जाते थे। इसके अलावा वे एक घंटा एंटरटेनमेंट और अन्य एक्टिविटीज के लिए भी देते थे। उन्हें गाड़ी चलाने का शौक है, इसलिए कभी साइकिल से कॉलोनी का चक्कर लगाते तो कभी बाइक चलाते। इसके साथ-साथ वे स्विमिंग और बास्केटबॉल भी खेलते थे, जिससे उनका माइंड शांत रहता था। उन्होंने कहा कि वे आगे चलकर बायोलॉजी लेना चाहते हैं और ठएएळ क्लियर करके डॉक्टर बनना चाहते हैं। उनके पिता आनंद करोडे गांधी मेडिकल कॉलेज में डॉक्टर हैं, जबकि उनकी मां हाउसवाइफ हैं।

## सोशल मीडिया का यूज करके करती स्ट्रेस रिलीज

**नाम - दिव्या सक्सेना** | **स्कूल - सेंट जोसेफ स्कूल**



परसेंट 99.2%

वहीं 99.2% लाने वाली सेंट जोसेफ स्कूल की दिव्या सक्सेना ने कहा कि मैं रोजाना ही तीन से चार घंटे की पढ़ाई करती थी, जिसमें मैंने ऑनलाइन कोचिंग क्लासेस लेकर अपना यह गोल्ड अचीव किया है। दिव्या कहती हैं कि कई बार होता है कि पढ़ाई करते-करते आप स्ट्रेस में आ जाते हो तो स्ट्रेस रिलीज करने के लिए मैं सोशल मीडिया का यूज करती थी, लेकिन काफी कम समय के लिए। उन्होंने बताया कि मेरे पापा सेल्स मैनेजर हैं और मम्मी टीचर, लेकिन मैं आगे चलकर मैथ्स सब्जेक्ट ही लेना चाहूंगी और इंजीनियरिंग करना चाहूंगी क्योंकि इंजीनियरिंग से मैं काफी कुछ क्रिएटिव कर सकती हूं।

## पढ़ाई से कभी नहीं हुई बोरियत

**नाम - अनुशी खरे** | **स्कूल - सेंट जोसेफ**



प्रतिशत 96%

96% अंक लाने वाली सेंट जोसेफ की अनुशी खरे ने कहा कि वे हमेशा फोकस होकर पढ़ाई करती थीं और कभी बोर नहीं होती थीं। उन्होंने कहा कि वे आगे चलकर पीसीएम सब्जेक्ट लेना चाहती हैं और इसी क्षेत्र में कुछ करना चाहती हैं, क्योंकि मैथ्स से अधिक स्कोरिंग सब्जेक्ट कोई नहीं है और इसमें करियर की अपार संभावनाएं हैं।

## भोपाल के संतूर वादक निनाद अधिकारी का ब्रिक्स मंच पर चयन



**भोपाल।** राजधानी के युवा संतूर वादक निनाद अधिकारी का चयन ब्रिक्स के लिए हुआ है, जो 16 अप्रैल से रूस के उल्यानोव्स्क और मॉस्को में आयोजित किया जाएगा। निनाद को ब्रिक्स देशों द्वारा सांस्कृतिक कूटनीति (क्ल्चरल डिपलोमेसी) के तहत आमंत्रित किया गया है, जहां विभिन्न देशों के चुनिंदा संगीतकार एक साथ एक साझा संगीत रचना तैयार करेंगे, जिसे एक एल्बम के रूप में जारी किया जाएगा। निनाद इस मंच पर न केवल अपने संतूर वादन से भारत का प्रतिनिधित्व करेंगे, बल्कि उन्हें एक व्याख्यान और प्रस्तुति देने भी आमंत्रित किया गया है। वे भारतीय संगीत की परंपरा, अपनी विरासत और उसे मंच पर नए रूप में प्रस्तुत करने के दृष्टिकोण पर अपने विचार साझा करेंगे।

### एमसीयू में बाबा साहेब डॉ. भीमराव आंबेडकर के बहुआयामी व्यक्तित्व पर स्मृति व्याख्यान

## बाबा साहेब मानते थे कि समरसता के बिना स्वतंत्रता अधूरी है...





हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

बाबा साहेब डॉ. भीमराव अम्बेडकर कई भाषाओं के जानकार थे। संविधान निर्माता की उनकी पहचान लोकप्रिय है लेकिन वे कुशल अध्येता, लेखक, पत्रकार, संपादक, वकील, प्रोफेसर, अर्थशास्त्री, राजनीतिज्ञ और समाज सुधारक, सब एक साथ थे। हर क्षेत्र में वे इतने माहिर थे कि लगता था यही उनकी प्रिय विधा है। यह विचार प्रखर वक्ता डॉ. प्रकाश बरतुनिया ने व्यक्त किए। वे एमसीयू में बाबा साहेब के स्मृति व्याख्यान के अवसर पर बोल रहे थे। बाबा साहेब के व्यक्तित्व पर प्रकाश डालते हुए उन्होंने कहा कि स्वतंत्रता, समता और बंधुत्व के वे प्रबल पक्षधर थे। 64 साल के कार्यकाल में उन्होंने 38 डिग्रियां हासिल की।

### भाषा और संस्कृति के प्रति उनका समर्पण प्रशंसनीय

आयोजन की अध्यक्षता कर रहे कुलगुरु विजय मनोहर तिवारी ने कहा कि प्रति वर्ष उनकी स्मृति में किए गए आयोजन पर बाबा साहेब के विशेष पक्ष को समझने का प्रयास होना चाहिए। भाषा और संस्कृति के प्रति उनका समर्पण प्रशंसनीय है। वे संस्कृत इसलिए पढ़ना चाहते थे कि इस देश का सर्वोत्कृष्ट साहित्य उसी में रचा हुआ है। डॉ. आम्बेडकर के पिता ज्योतिष के विद्वान थे। मूल नक्षत्र में पैदा होने के कारण उनके अपने ही घर में उनको तिरस्कार का सामना करना पड़ा, उनकी चाची ने उनका पालन पोषण किया।

## डॉ. मीनू पांडेय बुंदेली रत्न 2026 से सम्मानित



**भोपाल।** सुप्रसिद्ध बुंदेली साहित्यकार डॉ शंकर लाल शुक्ल स्मृति अखिल भारतीय बुंदेली समारोह 2026 का संस्कृति विहार गार्डन भांडेर, दतिया में आयोजित किया गया। इस अवसर पर भोपाल की डॉ मीनू पांडेय नयन को बुंदेली रत्न सम्मान 2026 से सम्मानित किया गया। यह सम्मान सुप्रसिद्ध फिल्म अभिनेता राजा बुंदेला, राजेंद्र गट्टानी, अध्यक्ष मध्यप्रदेश लेखक संघ, डॉ सत्येन्द्र सिंह रईखेडा, संस्था अध्यक्ष एवं रवीन्द्र सत्यार्थी, संस्था सचिव के कर कमलों से प्रदान किया गया।

## केन्द्रीय संस्कृत विवि में अनुवाद कौशल कार्यशाला एवं योग अभ्यास

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल





केन्द्रीय संस्कृत विवि में शिक्षाशास्त्री चतुर्थ सत्रार्द्ध की शैक्षणिक गतिविधियों में अनुवाद कौशल कार्यशाला का आयोजन बुधवार को किया गया। कार्यशाला में विषय विशेषज्ञ के रूप में डॉ. जवाहर कर्णावत, सलाहकार, प्रवासी भारतीय साहित्य उपस्थित रहे। उन्होंने विद्यार्थियों को इस क्षेत्र में उपलब्ध रोजगार के विविध अवसरों से अवगत कराया। कार्यक्रम में शिक्षा शास्त्र विभागाध्यक्ष प्रो. श्रीगोविन्द पाण्डेय ने भी अपने विचार व्यक्त किए तथा विभिन्न राज्यों की भाषाओं के उदाहरण प्रस्तुत कर अनुवाद की महत्ता पर प्रकाश डाला। इसी अवसर पर पूर्व में आयोजित योगाभ्यास गतिविधि के उपलक्ष्य में विद्यार्थियों द्वारा योगासन का आकर्षक प्रदर्शन भी किया गया, जिसका प्रशिक्षण डॉ. प्रवेश जाटव ने प्रदान किया। कार्यक्रम का संचालन छात्र चंद्रमणि ने किया।

### शहर के सामाजिक-सांस्कृतिक जीवन के विविध पहलुओं को दर्शाएंगी फिल्में

17 अप्रैल को शाम 6.30 बजे से होगा फिल्मों का प्रदर्शन

## प्रशासन अकादमी में सिने क्लासिक के साथ एनआईडी फिल्मों का प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल





आरसीवीपी नरोन्हा प्रशासन अकादमी और सिने क्लासिक के द्वारा नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ डिजाइन, मध्य प्रदेश (एनआईडी भोपाल) के विद्यार्थियों द्वारा निर्मित लघु वृत्तचित्रों का विशेष प्रदर्शन आयोजित किया जा रहा है।

ये फिल्में उनके कम्युनिकेशन डिजाइन पाठ्यक्रम के अंतर्गत वरिष्ठ फिल्मकार अरुण गुप्ता के मार्गदर्शन में तैयार की गई हैं, जो फिल्म एंड टेलीविजन इंस्टीट्यूट ऑफ इंडिया, पुणे के पूर्व छात्र और नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ डिजाइन, अहमदाबाद के पूर्व प्रोफेसर रह चुके हैं। इन फिल्मों की विशेषता यह है कि ये सभी भोपाल शहर के सामाजिक-सांस्कृतिक जीवन के विविध पहलुओं को संवेदनशील और रचनात्मक दृष्टि से प्रस्तुत करती हैं। इसका प्रदर्शन शुक्रवार, 17 अप्रैल को शाम 6.30 बजे आरसीवीपी नरोन्हा प्रशासन अकादमी (शाहपुरा झील के सामने) स्थित मिनी थिएटर में आयोजित किया जाएगा।

### इन फिल्मों का होगा प्रदर्शन

- **ख़्वाहिशें ऐसी**- जीवन में पछतावे को लेकर भोपाल के लोगों के अलग-अलग दृष्टिकोणों को दर्शाती है।
- **दे नो नॉट हाउ टू कास्ट नेट्स**- सड़क पर रहने वाले बच्चों की कठोर सच्चाई को उजागर करती संवेदनशील फिल्म।
- **पांचसो पर इंच**- एक कलाकार के जीवन के माध्यम से परंपरा और आधुनिकता के संतुलन को दर्शाती है।
- **एक्सेंट वैक्सेंट**- भारत में अंग्रेजी उच्चारण को लेकर बनी धारणाओं पर आधारित एक प्रयोगात्मक डॉक्यूमेंट्री।
- **कगार**- मानसिक पीड़ा को मानवीय दृष्टि से समझने की कोशिश करती हुई एक गहरी और संवेदनशील फिल्म।
- **आंतरिक**- बाजार और विज्ञापन द्वारा गढ़ी गई सुंदरता की परिभाषाओं और पहचान के बीच के अंतर को खोजती है।




हरिभूमि कम्यूनिकेशन प्राइवेट लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक अचिंत महेश्वरी द्वारा प्लॉट नं.160 न्यू एच-सेक्टर इंडस्ट्रियल एस्टेट, गोविंदपुरा, भोपाल (म.प्र.) 462023 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, पीबी-2, चतुर्थ तल, मानसरोवर कॉम्पलैक्स, वार्ड नं. 50, शिवाजी नगर, निकट रानी कमलापति रेलवे स्टेशन, होशंगाबाद रोड, भोपाल, (म.प्र.) 462016 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी। स्थानीय संपादकः प्रमोद भारद्वाज। RNI No. MPHIN/2014/55906, फोन 0755-4049930